✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 342 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 12 मई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com


पटना के खाजपुरा स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करते मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार कैबिनेट की बैठक कल

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार की कैबिनेट बैठक 13 मई को पटना के मुख्य सचिवालय में सुबह 10:30 बजे से होगी। सरकार की तरफ से जारी आधिकारिक सूचना के मुताबिक इस बैठक की कमान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी संभालेंगे। बैठक को लेकर सभी मंत्रियों, दोनों उपमुख्यमंत्रियों और अधिकारियों को सूचना भेज दी गई है। इस बैठक में कई जरूरी मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।

### कॉलेज गेट के बाहर छात्र की हत्या

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** कोटवा थाना क्षेत्र के एकेआरआर कॉलेज के गेट पर परीक्षा देकर निकले बीए थर्ड पार्ट के छात्र की चाकू से गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। उस पर 15 से ज्यादा चाकुओं से वार किए गए। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। मृतक की पहचान रितेश कुमार यादव (25 वर्ष) के रूप में हुई है जो कल्याणपुर थाना क्षेत्र के देवपुर परसा वार्ड नंबर 12 के रहने वाले विद्या राय का बेटा था। वह एकेआरआर कॉलेज में बीए थर्ड पार्ट की परीक्षा दे रहा था।

### बिहार के विश्वविद्यालयों में ऑनलाइन होगा नामांकन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के सभी विश्वविद्यालयों में अब छात्र-छात्राओं का नामांकन समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन होगा। यह व्यवस्था स्नातक शैक्षणिक सत्र 2026-30 से अनिवार्य रूप से लागू होगी। इसके लिए सभी विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों, वित्त पदाधिकारियों एवं समर्थ के नोडल पदाधिकारियों की ऑनलाइन बैठक में सोमवार को निर्णय लिया गया। उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. एनके अग्रवाल ने बैठक की अध्यक्षता की।

### इस साल तय समय पर होंगे पंचायत चुनाव

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में पंचायत चुनाव 2026 को लेकर गांव-गांव में राजनीतिक हलचल तेज हो चुकी है। मुखिया, सरपंच, वार्ड सदस्य और दूसरे संभावित उम्मीदवार अभी से लोगों के बीच एक्टिव हो गए हैं। इसी बीच पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने साफ कर दिया है कि बिहार में पंचायत चुनाव इस साल तय समय पर ही होंगे। मंत्री ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

### सरकारी स्कूलों के बच्चों की होगी स्वास्थ्य जांच

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में मध्याह्न भोजन करने वाले बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की जायेगी। मध्याह्न भोजन योजना निदेशालय ( शिक्षा विभाग) के निर्देश पर जिला शिक्षा कार्यालय ने इस संबंध में सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की जायेगी।

## सरकार और मीडिया के सहयोग से बिहार को मिलेगी नई मजबूती : श्रवण कुमार

### महिला सशक्तिकरण और गांवों के विकास में मीडिया की भूमिका अहम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि सरकार और मीडिया के आपसी सहयोग से बिहार को विकास और समृद्धि की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में बिहार की विकास यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने में प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और अब नई सरकार उस विकास की इमारत को और अधिक मजबूत बनाने का काम करेगी। सूचना भवन के संवाद कक्ष में संपादकों तथा वरीय पत्रकारों को संबोधित करते हुए श्रवण कुमार ने कहा कि विभाग का दायित्व संभालने के बाद उनकी इच्छा थी कि सबसे पहले मीडिया प्रतिनिधियों से मुलाकात की जाए। उन्होंने कहा कि मीडिया और सरकार का संबंध लंबे समय से सहयोग और विश्वास का रहा है। बेहद कम समय में बड़ी संख्या में पत्रकारों की उपस्थिति पर प्रसन्नता जताते हुए उन्होंने कहा कि यह लोकतांत्रिक व्यवस्था में संवाद की मजबूत परंपरा का संकेत है। श्रवण कुमार ने कहा कि उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लंबे कार्यकाल में भी मंत्री पद की जिम्मेदारी निभाने का



अवसर मिला और अब मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली नई कैबिनेट में भी उन्हें दायित्व सौंपा गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में जो विकास की मजबूत नींव रखी गई, नई सरकार उसे और अधिक गति और मजबूती देगी। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए सरकार बिहार को प्रगति और समृद्धि के नए मुकाम तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री ने कहा कि पिछले दो दशकों में राज्य सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों को गांव-गांव तक पहुंचाने में मीडिया ने जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ काम किया है। उन्होंने विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास और गांवों की उन्नति से जुड़ी खबरों और अभियानों में मीडिया की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि बिहार को लेकर दूसरे राज्यों और विदेशों में बनी नकारात्मक छवि को बदलने में भी सकारात्मक पत्रकारिता का बड़ा योगदान रहा है। श्रवण कुमार ने कहा कि राज्य को और बेहतर बनाने के लिए सरकार के कार्यों को गंभीरता और पारदर्शिता के साथ जनता के सामने लाना जरूरी है। उन्होंने मीडिया से अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं किसी प्रकार की कमी या चूक दिखाई दे तो उसे रचनात्मक तरीके से सामने लाया जाए ताकि व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके तथा विकास की रफ्तार तेज हो। प्रेस वार्ता में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक अनिल कुमार, अपर सचिव राजीव कुमार सिंह, संयुक्त निदेशक रवि भूषण सहाय सहित विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री ने सहयोग पोर्टल और हेल्पलाइन नंबर 1100 का किया शुभारंभ

## 30 दिनों में फाइल पर आदेश नहीं तो 31वें दिन निलंबित होंगे संबंधित अधिकारी : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने काम में ढिलाई और लापरवाही बरतने वाले अफसरों के लिए बड़ा फरमान जारी किया है। कहा है कि किसी भी फाइल को हर हालत में 30 दिनों की समय सीमा में निपटा देना है। इस बीच फाइल पर आदेश नहीं किया गया तो अगले दिन अधिकारी सस्पेंड हो जाएंगे। मुख्यमंत्री ने सोमवार को सहयोग पोर्टल और सहयोग हेल्पलाइन नंबर 1100 का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, मंत्री नीतीश मिश्रा समेत कई मंत्री और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। आम लोगों की शिकायतों का तुरंत निष्पादन को लेकर सरकार की ओर से यह पोर्टल और हेल्पलाइन नंबर का शुभारंभ किया गया



है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि अगर 30 दिनों के अंदर संबंधित पदाधिकारी लोगों की शिकायतों कानिष्पादन कर आदेश पारित नहीं करते हैं, फाइल अटकाते हैं या इस काम में कोताही बरतते हैं तो वह स्वतः 31वें दिन निलंबित हो जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब लोगों को अपनी समस्या लेकर अलग-अलग विभागों के कार्यालयों में भटकने की जरूरत नहीं होगी। इसके लिए सरकार ने नया ऑनलाइन प्लेटफॉर्म शुरू किया है। इस पोर्टल पर बिहार का कोई भी नागरिक अपनी शिकायत आसानी से दर्ज कर सकता है। पोर्टल को सरल तरीके से तैयार किया गया है ताकि आम लोग भी बिना किसी परेशानी के इसका इस्तेमाल आसानी के साथ कर सकें। शिकायत दर्ज करने के बाद लोगों को एक रजिस्ट्रेशन आईडी दी जाएगी जिसकी मदद से वे अपनी शिकायत की स्थिति रियल टाइम में देख सकेंगे। इसी तर्ज पर नीतीश कुमार सेवा का अधिकार की शुरुआत की थी जिसमें निर्धारित कार्य दिवस में सेवाओं को सुलभ कराना अनिवार्य होता है। अब शिकायतों को दर्ज कराने के लिए यह नई व्यवस्था शुरू की गयी है। सीएम ने कहा कि सबका सम्मान, जीवन आसान अभियान को तहत पंचायत स्तर पर महीने में दो दिन अधिकारी शिविर लगाएंगे। हर माह के पहले और तीसरे मंगलवार को इसका आयोजन किया जाएगा जिसकी मॉनटरिंग जिलों के डीएम और एसपी के द्वारा की जाएगी। पटना से भी सभी जिलों की स्थिति पर नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि जमीन के मामले आते हैं जिनमें मामलों के निष्पादन में देरी होती है। वर्षों से कई लोग दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। इसमें तेजी लाने का काम करें। लोगों (शेष पृष्ठ 10 पर)

## कानून के पालन में नहीं चलेगा पक्षपात : विकास वैभव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** मगध प्रक्षेत्र के नए पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) विकास वैभव ने पदभार संभालते ही पुलिस व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाया है। करीब छह साल बाद दोबारा फील्ड पुलिसिंग में लौटे आईजी ने साफ शब्दों में कहा है कि कानून के शासन से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी है कि एफआईआर दर्ज नहीं करने, अपराध की गंभीरता कम दिखाने, अवैध वसूली करने और शिकायतों के निष्पक्ष निपटारे में लापरवाही बरतने वाले थाना प्रभारियों पर तत्काल निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। आईजी ने अपने संदेश में कहा कि पुलिस की पहली जिम्मेदारी कानून को पूरी निष्पक्षता और बिना किसी डर या पक्षपात के लागू करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी थाना प्रभारी की भूमिका प्रथम दृष्टया संदिग्ध पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी को तुरंत निलंबित कर विभागीय कार्रवाई शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता को गुमराह करना, अपराध की जानकारी समय पर वरीय अधिकारियों तक नहीं पहुंचाना और पुलिसकर्मियों द्वारा अवैध



वसूली जैसे मामलों में जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी। मगध प्रक्षेत्र में अपराध नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आईजी ने विशेष रूप से संपत्ति संबंधी अपराधों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही रात्रि गश्ती को मजबूत करने, भूमि विवादों में निष्पक्ष पुलिस कार्रवाई सुनिश्चित करने, लंबित मामलों का तेजी से निष्पादन करने और अतिक्रमण व यातायात समस्याओं के समाधान पर भी जोर दिया गया है। आईजी ने अवैध शराब कारोबार और गैरकानूनी सड़क जाम के खिलाफ भी कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने साफ कहा कि सड़क जाम (शेष पृष्ठ 10 पर)

## बाल आश्रय गृह से 10 बच्चे फरार, प्रशासनिक महकमे में हड़कंप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** जिले के मुसहरी थाना क्षेत्र के नरौली स्थित बाल आश्रय गृह से देर रात करीब 10 बच्चे संदिग्ध परिस्थितियों में फरार हो गए। घटना के बाद जिला प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही एसडीओ (पूर्वी) तुषार कुमार, मुसहरी थाना पुलिस और प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई। जानकारी के अनुसार अनुमंडल पदाधिकारी (पूर्वी) तुषार कुमार ने नरौली स्थित बाल आश्रय गृह का निरीक्षण किया। इसी दौरान यह खुलासा हुआ कि आश्रय गृह से करीब 10 बच्चे गायब हैं। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि देर रात बच्चे सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए दीवार फांदकर या किसी अन्य रास्ते से फरार हो गए। इस संबंध में आश्रय गृह के अधीक्षक की ओर से मुसहरी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए मुसहरी थाना पुलिस मौके पर कैंप कर रही है। आश्रय गृह में मौजूद अन्य बच्चों और कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि बच्चे कब और कैसे फरार हुए। घटना के बाद आश्रय गृह की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। फिलहाल फरार बच्चों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। जिला बाल संरक्षण के सहायक निदेशक अभिषेक कुमार ने बताया कि यह बाल आश्रय गृह पहले सिकंदरपुर में संचालित होता था, जिसे 18 अप्रैल को वर्तमान स्थान पर स्थानांतरित किया गया था। सुपरिटेंडेंट के अनुसार बच्चों ने खिड़की की ग्रिल तोड़कर वहां से फरार होने की कोशिश की जिसमें करीब 10 बच्चे पलायन कर गए। प्रारंभिक जांच में सुरक्षा गार्ड की लापरवाही सामने आ रही है जिसके कारण इस तरह की घटना हुई।

## पटना को मिली नवीन सिन्हा को समर्पित नई सड़क

### पिता नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा को याद कर भावुक हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजधानी पटना को आज एक बड़ी सौगात मिली। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंदिरी नाले पर बनी नई सड़क का उद्घाटन किया। इस सड़क का नाम भाजपा के वरिष्ठ नेता और बिहार के पूर्व विधायक रहे नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा के नाम पर रखा गया है। अब यह सड़क नवीन किशोर सिन्हा पथ के नाम से जानी जाएगी। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव समेत कई नेता और अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान नितिन नवीन अपने पिता को याद कर भावुक हो गए। आज नवीन किशोर सिन्हा की 77वीं जयंती थी। इस अवसर पर पटना में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। नितिन नवीन ने नवीन सिन्हा पार्क पहुंचकर अपने पिता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित



किए और श्रद्धांजलि दी। हालांकि सबसे बड़ा आयोजन मंदिरी इलाके में नई सड़क के उद्घाटन का रहा जहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। समारोह में नितिन नवीन ने कहा कि यह सड़क उनके ड्रीम प्रोजेक्ट्स में से एक थी। उन्होंने बांकीपुर विधायक रहते हुए इस योजना को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम किया था। उन्होंने कहा कि आज का दिन मेरे लिए बेहद खास है। मेरे पिता नवीन किशोर सिन्हा का सपना आज पूरा हुआ है। मुझे खुशी है कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस योजना में सहयोग किया और अब मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में यह सड़क बनकर तैयार हो गई। नितिन नवीन ने 2020 की एक सभा को याद करते हुए कहा कि उसी समय उन्होंने लोगों से वादा किया था कि मंदिरी नाले पर जल्द सड़क बनेगी और आज वह सपना साकार हो गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी कार्यक्रम में नवीन किशोर सिन्हा को याद किया। उन्होंने कहा कि यह सड़क पटना के लिए बड़ी राहत लेकर आएगी। सीएम ने कहा कि मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि नवीन किशोर सिन्हा जहां भी हों, हमें आशीर्वाद देते रहें। पिछले 40 वर्षों से मैं इस इलाके को देख रहा हूं। यह नाला पूरे क्षेत्र के लिए अभिशाप बन चुका था। आज इसका कायाकल्प हुआ है और यह फोरलेन सड़क बन गई है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी इस परियोजना के लिए धन्यवाद दिया। मंदिरी नाले पर बनी इस सड़क से पटना के लोगों को जाम की समस्या से काफी राहत मिलने की उम्मीद है।

## उत्तर प्रदेश में जदयू संगठन विस्तार पर जोर, कार्यकर्ताओं से मिले नीतीश एवं श्रवण

### पूर्वांचल दौरे पर जाएंगे उत्तर प्रदेश प्रभारी और बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार | विधानसभा चुनाव को लेकर नेताओं और महिला कार्यकर्ताओं के साथ रणनीतिक चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उत्तर प्रदेश में जनता दल यूनाइटेड के संगठन को मजबूत करने और आगामी विधानसभा चुनाव में प्रभावी भूमिका निभाने की तैयारी तेज हो गई है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश से आए जनता दल यूनाइटेड के नेताओं और महिला कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार तथा उत्तर प्रदेश प्रभारी और बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार से मुलाकात की। बैठक में संगठन विस्तार, जनाधार मजबूत करने और चुनावी रणनीति को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। श्रवण कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जनता दल यूनाइटेड का अच्छा जनाधार है और पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथ मिलकर बेहतर



प्रदर्शन करने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए लगातार अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि वह जल्द ही उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल सहित उन जिलों का दौरा करेंगे, जहां पार्टी का प्रभाव है। साथ ही जिन क्षेत्रों में संगठन को और मजबूत करने की जरूरत है, वहां कार्यकर्ताओं के बीच जाकर उन्हें उत्साहित और संगठित किया जाएगा। बैठक के दौरान जदयू की राष्ट्रीय महासचिव दिशा पटेल,



गुड़िया पटेल सहित कई महिला नेत्रियां मौजूद रहीं। इसके अलावा अपना दल बलिहारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मराज पटेल तथा बौद्धिक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रवींद्रनाथ द्विवेदी ने भी नीतीश कुमार और श्रवण कुमार से मुलाकात कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। बैठक में उत्तर प्रदेश में संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करने, महिला भागीदारी बढ़ाने और आगामी चुनावों में गठबंधन की रणनीति को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

## गंगा में डूबने से दो युवकों की मौत

■ **एसडीआरएफ की टीम ने शव को निकाला बाहर**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** जिले के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र में अजगैविनाथ धाम के नमामि गंगा घाट पर डूबने से दो युवकों की मौत हो गई। स्नान करने के दौरान हादसा हुआ है। एसडीआरएफ की की टीम ने सोमवार की शाम शवों को पानी से बाहर निकाला। मृतकों की पहचान भागलपुर शहर के मिरजानहाट निवासी रवि कुमार साह के पुत्र विकाश कुमार (22) और मुजाहिदपुर इलाके के पीयूष कुमार(21) के रुप में हुई है। इधर मौत की सूचना पर घर में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा है। हादसे के समय दोनों युवक बीते रविवार को सुल्तानगंज



घूमने पहुंचे थे। घूमने के दौरान के नमामि गंगा घाट किनारे पहुंच गए और स्नान के लिए गंगा में उतरे। गहरे पानी में जाने से डूब गए। काफी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चला। इधर सोमवार सुबह एसडीआरएफ ने तलाशी अभियान चलाया। घंटों मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मुख्यमंत्री ने 'सहयोग पोर्टल' और हेल्पलाइन का किया लोकार्पण

## सहयोग शिविर से पंचायत स्तर पर होगा शिकायतों का त्वरित समाधान : राम कृपाल यादव



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने आम लोगों की शिकायतों के त्वरित और पारदर्शी समाधान की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 'सहयोग पोर्टल' और 'सहयोग हेल्पलाइन नंबर-1100' की शुरुआत की है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को 'सहयोग पोर्टल' sahyog.bihar.gov.in तथा हेल्पलाइन सेवा का लोकार्पण किया। सरकार का दावा है कि पंचायत स्तर पर लगने वाले 'सहयोग शिविर' से लोगों को स्थानीय स्तर पर ही समस्याओं के समाधान की सुविधा मिलेगी और सरकारी कार्यालयों के चक्कर से राहत मिलेगी। कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से शामिल सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि 'सहयोग शिविर' आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए बेहद उपयोगी और प्रभावी व्यवस्था साबित होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जन शिकायतों के संवेदनशील, पारदर्शी और समयबद्ध निष्पादन के लिए लगातार प्रयास कर रही है। पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले शिविर ग्रामीणों को अपनी समस्याएं सीधे रखने और उनके समाधान का सुलभ मंच उपलब्ध कराएंगे। राम कृपाल यादव ने कहा कि प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को आयोजित होने वाले इन शिविरों से विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। इससे शासन और जनता के बीच संवाद तथा विश्वास और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि सहकारिता विभाग भी इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएगा। सरकार के अनुसार आम नागरिक अब 'सहयोग पोर्टल' पर ऑनलाइन परिवाद दर्ज करा सकेंगे। साथ ही हेल्पलाइन नंबर-1100 पर सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक संपर्क कर सहयोग शिविर और शिकायत निवारण से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। यह व्यवस्था 19 मई 2026 से लागू होगी। प्राप्त शिकायतों की रियल टाइम मॉनिटरिंग भी 'सहयोग पोर्टल' के माध्यम से की जाएगी।

# डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग को बनाया जायेगा और सशक्त : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन मंत्री नन्दकिशोर राम ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान पशुपालन निदेशालय से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में पशुपालन निदेशक उज्ज्वल कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मंत्री ने राज्य की सभी गोशालाओं की स्थिति को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने गोशालाओं की चल एवं अचल संपत्तियों का समुचित लेखा-जोखा रखने तथा पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालयों एवं अनुमंडलीय पशु चिकित्सालयों में दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई एवं बेहतर चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी आवश्यक कदम उठाने को कहा। मंत्री ने कहा कि बिहार में पशु चिकित्सा शिक्षा के विस्तार की आवश्यकता है। उन्होंने निदेशक को निर्देश दिया कि राज्य में पशु चिकित्सा की पढ़ाई के लिए नए संस्थान खोले जाने की संभावनाओं पर कार्य करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाए। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में बकरी पालन, मुर्गी पालन एवं सुकर पालन योजनाओं को अधिक व्यवहारिक और पशुपालकों के लिए सरल बनाने पर भी चर्चा हुई। मंत्री ने कहा कि इन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक ग्रामीण परिवारों तक पहुंचना चाहिए, जिससे रोजगार के अवसर बढ़े और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। मंत्री ने आधारभूत संरचनाओं एवं सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

**कुलपति ने मंत्री को किया आमंत्रित**

इस बीच बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन मंत्री नंदकिशोर राम से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान कुलपति ने मंत्री को आगामी 22 मई 2026 को आयोजित होने वाले विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया। मुलाकात के दौरान मंत्री नंदकिशोर राम ने कहा कि राज्य में डेयरी, मत्स्य एवं पशु चिकित्सा विशेषज्ञों की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है। ऐसे में विश्वविद्यालय की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि पशुपालन एवं पशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर नीतियां तैयार करने के लिए विश्वविद्यालय को राज्य सरकार के 'थिंक टैंक' के रूप में कार्य करना चाहिए। मंत्री ने पशु जनित खाद्य पदार्थों में बढ़ती मिलावट पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस दिशा में शोध एवं वैज्ञानिक पहल की आवश्यकता है, ताकि आम लोगों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा सके। कुलपति डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने मंत्री को विश्वविद्यालय की शिक्षण, शोध एवं प्रसार गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

# प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने की संजीत हत्याकांड के दोषियों की गिरफ्तारी की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** आरा जिले के गढ़नी प्रखंड में उप प्रमुख के पति संजीत कुमार की निर्मम हत्या के बाद राजनीतिक और सामाजिक प्रतिक्रिया तेज हो गई है। बीजेपी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ, बिहार के प्रदेश संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने घटना को अत्यंत दुखद, निंदनीय और हृदय विदारक बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह केवल हत्या नहीं, बल्कि राजनीतिक साजिश के तहत की गई सुनियोजित वारदात प्रतीत होती है। प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने बयान जारी कर कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने भोजपुर के पुलिस अधीक्षक से दूरभाष पर बातचीत कर दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने मामले में स्पीडी ट्रायल चलाकर अपराधियों को जल्द से जल्द कड़ी सजा दिलाने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि इस दर्दनाक घटना ने पूरे चंद्रवंशी समाज और अति पिछड़ा समाज को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने बिहार सरकार से मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी उपलब्ध कराने तथा सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की। प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि संजीत कुमार के परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि आवश्यकता पड़ने पर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन भी किया जाएगा।

# 11 मई की तारीख राष्ट्रीय स्वाभिमान और शक्ति का प्रतीक : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** जनता दल (यू) विधायक दल के नेता और ग्रामीण विकास विभाग तथा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने 11 मई की तिथि की विशेषता बताते हुए एक प्रेस बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि आज का दिन राष्ट्रीय स्वाभिमान और शक्ति का प्रतीक है। अंतराष्ट्रीय भू-राजनैतिक दबाबों और सम्भावित प्रतिबंधों के बावजूद भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और प्रसिद्ध वैज्ञानिक भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम और भूतपूर्व रक्षामंत्री जार्ज फर्नांडिस ने 11 मई 1998 को राजस्थान के पोखरण इलाके में पोखरन-2 का सफल परमाणु परीक्षण कर विश्व पटल पर एक परमाणु संपन्न देश के रूप में भारत की स्थिति को स्थापित किया। इस साहसिक कदम ने भारत को विश्व के शक्तिशाली परमाणु संपन्न देशों की श्रेणी में ला दिया। 'मिसाइल मैन' के नाम से प्रसिद्ध डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की प्रतिभा, दूरदृष्टि और देशभक्ति ने भारत की रक्षा शक्ति को नई ऊंचाईयां प्रदान की।

# अवैध खनन माफिया पर होगी सख्त कार्रवाई : डॉ. प्रमोद कुमार

## खान एवं भूतत्व विभाग के मंत्री ने संभाला कार्यभार, भ्रष्टाचार पर नकेल कसने का आश्वासन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** खान एवं भूतत्व मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि राज्य में अवैध खनन में संलिप्त माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री श्री कुमार सोमवार को अपने विभाग का पदभार ग्रहण करने के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वैध कार्य करने वालों को घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन अवैध कार्यों में संलिप्त लोग किसी भी सूरत में बख्शे नहीं जाएंगे। मंत्री ने बताया कि एनडीए सरकार में पारदर्शिता के साथ काम होता है। विभागीय पदाधिकारियों के साथ जल्द ही बैठक कर राज्य में वैध-अवैध खनन करने वालों की पहचान की जाएगी और उसके बाद कार्रवाई का दौर शुरू होगा। बंद पहाड़ों की कटाई आदि को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि भू-वैज्ञानिकों से बातचीत के बाद ही कोई कदम उठाया जाएगा।

# बख्तियारपुर स्टेशन पर, मेगा टिकट चेकिंग अभियान में 364 यात्री पकड़े गये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दानापुर।** पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल उचित टिकट/प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर निरंतर सजग व कार्यरत रहता है। इस संबंध में बिना टिकट/उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने के विरुद्ध दानापुर मंडल में निरंतर टिकट चेकिंग कार्य सघनतापूर्वक कराया जा रहा है। इसी क्रम में अभिनव सिद्धार्थ (वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक दानापुर) के निर्देश पर बख्तियारपुर स्टेशन पर वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफ की एक विशेष टिकट चेकिंग टीम बनाकर सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस विशेष टिकट चेकिंग अभियान के दौरान बख्तियारपुर स्टेशन से गुजरने वाली प्रमुख ट्रेनों 12391/92 (श्रमजीवी एक्सप्रेस), 15946 ( डिब्रुगढ़-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस), 15713 (कटिहार पटना इंटरसिटी), 13234(दानापुर-कोडरमा एक्सप्रेस), 18622 (पाटलिपुत्र एक्सप्रेस) तथा इस मार्ग से गुजरने वाली अन्य पैसेंजर ट्रेनों का बख्तियारपुर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव को लेकर सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया जिसमें कुल मिलाकर 364 अनियमित/बिना प्राधिकार वाले यात्रियों से जुर्माने के रूप में लगभग 02 लाख रुपए का रेल राजस्व अर्जित किया गया।

# फ्लॉप शहजादे को कैसे पता होगी राष्ट्रनीति की एबीसीडी: ऋतुराज सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर करारा हमला बोलते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रहित में की गई '7 अपीलों' को 'उपदेश' कहना राहुल गांधी की राजनीतिक ओछी मानसिकता और अज्ञानता की पराकाष्ठा है। श्री सिन्हा ने कहा कि जो व्यक्ति विदेशी धरती पर जाकर अपने ही देश का अपमान करता हो और जो हमेशा विदेशी ताकतों के एजेंडे को हवा देता हो, उसे राष्ट्रनीति की 'एबीसीडी' का ज्ञान कभी नहीं हो सकता। राहुल गांधी जैसे 'फ्लॉप शहजादे' को यह समझ लेना चाहिए कि देश उनके बचकाने बयानों से नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के मजबूत संकल्पों और जनता के अटूट भरोसे से चलता है। ऋतुराज सिन्हा ने तीखे लहजे में कहा कि जब विश्व एक गंभीर संकट के मुहाने पर खड़ा है, तब प्रधानमंत्री ने देश को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाने के लिए जनता से सहयोग मांगा है। इसे सरकार की 'नाकामी' बताना न केवल झूठ है, बल्कि उन करोड़ों देशभक्त नागरिकों के संकल्प का अपमान है जो राष्ट्र निर्माण के लिए अपना योगदान देने को तैयार हैं। सिन्हा ने राहुल गांधी को आइना दिखाते हुए कहा कि देश चलाना तो दूर, राहुल गांधी से अपनी पार्टी के चार नेता नहीं संभल रहे, वह व्यक्ति दुनिया के सबसे शक्तिशाली नेतृत्व को देश चलाने की सीख न दे। भाजपा नेता ने आगे कहा कि राहुल गांधी की पूरी राजनीति केवल भ्रम फैलाने और नकारात्मकता पैदा करने तक सीमित रह गई है। प्रधानमंत्री की अपीलें–चाहे वह स्वदेशी अपनाना हो, बचत करना हो या प्राकृतिक खेती–भारत के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए हैं। राहुल गांधी जैसे लोग जो केवल चुनाव के समय पर्यटन पर निकलते हैं उन्हें जनता की भावनाओं और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं की समझ कभी नहीं हो सकती। श्री सिन्हा ने स्पष्ट किया कि देश की जनता ऐसे 'पार्ट-टाइम' नेताओं के बहकावे में आने वाली नहीं है। जनता ऐसे अहंकारियों को पहले भी सबक सिखा चुकी है और राहुल गांधी के इस विषैले नैरेटिव को एक बार फिर कचरे के डिब्बे में फेंक देगी।

# डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने किया सचिव, जल संसाधन विभाग के रूप में पदभार ग्रहण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने सिंचाई भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार के पद का विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विभाग के अभियंता प्रमुख ब्रजेश मोहन, अभियंता प्रमुख वरुण कुमार, अभियंता प्रमुख अनवर जमील सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत डॉ. सिंह ने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य को बाढ़ से सुरक्षित रखना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिया कि मॉनसून अवधि प्रारंभ होने से पूर्व सभी बाढ़ संघर्षात्मक एवं सुरक्षात्मक कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर लिए जाएं तथा तटबंधों का नियमित निरीक्षण और सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए। डॉ. सिंह ने कहा कि वे स्वयं बाढ़ प्रभावित एवं संवेदनशील क्षेत्रों का नियमित भ्रमण करेंगे।

# कौशल विकास केंद्रों की समस्याओं को लेकर केवाईपी वेल्फेयर सोसाइटी वैशाली का प्रतिनिधिमंडल मंत्री अरुण शंकर प्रसाद से मिला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**वैशाली।** बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित कुशल युवा कार्यक्रम एवं कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों में वर्तमान समय में उत्पन्न विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर केवाईपी वेल्फेयर सोसाइटी वैशाली के एक प्रतिनिधिमंडल ने युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, श्रम संसाधन एवं प्रवासी कल्याण विभाग, बिहार सरकार के मंत्री अरुण शंकर प्रसाद से शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी। प्रतिनिधिमंडल में डॉ. आनंद रंजन झा, अमोद कुमार, राकेश सिन्हा, धर्मेन्द्र कुमार, मोध अमजद सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने केवाईपी प्रशिक्षण केंद्रों में आ रही रिन्यूअल संबंधी समस्याओं, नामांकन प्रभावित होने, लंबित भुगतान, संचालन संबंधी कठिनाइयों तथा अन्य प्रशासनिक एवं तकनीकी जटिलताओं को मंत्री के समक्ष विस्तारपूर्वक रखा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पिछले लगभग छह माह से प्रशिक्षण से संबंधित राशि का भुगतान लंबित है जिससे कई प्रशिक्षण केंद्र आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि लगातार भुगतान लंबित रहने एवं रिन्यूअल प्रक्रिया में आ रही बाधाओं के कारण प्रशिक्षण केंद्रों के समक्ष गंभीर वित्तीय एवं प्रशासनिक समस्याएं उत्पन्न हो रही है। इसका सीधा प्रभाव बिहार के युवाओं के कौशल विकास एवं रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण पर पड़ रहा है।

# विरोधी मानसिकता वाले राहुल को कभी देश की चिंता समझ नहीं आएगी : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पश्चिम एशिया में छिड़े युद्ध के कारण पैदा हुए वैश्विक तेल संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंधन बचाओ की अपील पर सियासत तेज हो गई है। रविवार को पीएम मोदी ने देशवासियों से वर्क-फ्रॉम-होम अपनाने, ईंधन की खपत कम करने और एक साल तक शादियों के लिए सोना न खरीदने की अपील जनहित व देशहित में की थी। मामले पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर तंज कसकर अपनी विरोधी मानसिकता दर्शायी है जिस पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और बिहार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने राहुल गांधी को करारा जवाब दिया है। श्री पांडेय ने कहा राहुल गांधी को देश के हित से ज्यादा राजनीति प्यारी है जब पूरा विश्व युद्ध के कारण तेल संकट से जूझ रहा है। रुपए पर दबाव बढ़ रहा है, तब प्रधानमंत्री देश को बचाने के लिए छोटे-छोटे त्याग की बात कर रहे हैं। ये त्याग नहीं तो क्या है? मगर जिन्होंने देश पर करीब 60 साल राज किया उन्होंने जनता को सिर्फ मुफ्तखोरी सिखाई। आज जब पीएम मोदी जी देश को आत्मनिर्भर और मजबूत बनाने की बात कर रहे हैं तो कांग्रेस को दर्द हो रहा है। सोना न खरीदने की बात, घर से काम करने की बात - ये सब देशभक्ति है। किसी संभावित विपत्ती के समय देश के साथ खड़ा होना हर नागरिक का फर्ज है, लेकिन राहुल गांधी को ये बात समझ नहीं आएगी क्योंकि उनके लिए देश नहीं, परिवार पहले है।

## झूठ के खिलाफ सच की आवाज बनें : कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारु का संदेश

# नई ऊर्जा और नए चेहरों से संगठन को मिलेगी मजबूती : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में नेशनल टैलेंट हंट के माध्यम से चयनित प्रतिभागियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारु एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारु ने नेशनल टैलेंट हंट के माध्यम से प्रवक्ता, पैनलिस्ट एवं प्रोग्राम रिसर्चर के रूप में चयनित सभी साथियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रवक्ता बनकर सफलता प्राप्त करना पूरी तरह आप पर निर्भर करता है। इसके लिए हर दिन स्वयं पर मेहनत और निरंतर अभ्यास करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रवक्ता बनना केवल किसी पद को प्राप्त करना नहीं है, बल्कि यह पार्टी की आवाज बनने की जिम्मेदारी है। प्रवक्ताओं को बिहार, जनता और देश की आवाज बनकर सच्चाई को मजबूती के साथ जनता के सामने रखना होगा। उन्होंने आगे कहा कि इस क्षेत्र में सफलता पाने के लिए हुनर के साथ-साथ हिम्मत की भी जरूरत होती है। यदि आपमें हिम्मत और आत्मविश्वास होगा तो जनता भी आपके साथ खड़ी होगी। इसलिए सभी साथियों को चाहिए कि वे हर दिन अपने ज्ञान, तर्क और संवाद कौशल को मजबूत करने के लिए लगातार काम करें।

# एएमयू एलुमनाई एसोसिएशन, बिहार चैप्टर की नई कार्यकारिणी का गठन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ए एम यू एलुमनाई एसोसिएशन बिहार चैप्टर की एक आम सभा रविवार को देर शाम एएमयू एलुमनाई ऑफिस, पटना में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ अलीग जनाब कासिम राजा ने की। इस अवसर पर राज्य के विभिन्न हिस्सों से आए 30 से अधिक वरिष्ठ पूर्व छात्रों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से एसोसिएशन के नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। डा. फुजैल अहमद कादरी को अध्यक्ष चुना गया,जबकि इ. कमर आलम को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया। उपाध्यक्ष पद के लिए इ. आजाद कमाल तथा डा. अरशद एस हक का चयन किया गया। डा. अमजद अली को मानद सचिव नियुक्त किया गया जबकि डा. फैसल इकबाल, मिस्टर तारिकअजीज तथा डा. दानिश इकबाल को संयुक्त सचिव चुना गया।

# मदर्स डे पर माताओं को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** मदर्स डे के पावन अवसर पर मातृ शक्ति के त्याग और संस्कार को नमन करते हुए इन्दिरा आईवीएफ, पटना ने बिहार की प्रेरणादायी माताओं को सम्मानित कर मातृत्व की महान शक्ति को सलाम किया। 'मां का अथाह प्रेम' थीम पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में उन माताओं को सम्मानित किया गया जिनके संस्कार, संघर्ष और समर्पण ने उनके बच्चों को समाज में एक विशिष्ट पहचान दिलाई। इस अवसर पर अलीनगर विधायक एवं प्रसिद्ध लोकगायिका मैथिली ठाकुर की माता भारती ठाकुर, स्वच्छता एवं नमामि गंगे अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ. नीतू कुमारी नवगीत की माता शैल बाला, लोकप्रिय रेडियो जॉकी आरजे अंजली की माता संजुक्ता सिंह, आरजे रमा की माता संगीता रानी, नालंदा दस्तक के लोकप्रिय यूट्यूबर एवं इंफ्लुएंसर अमित चौरसिया की माता धर्मशिला देवी तथा एडवे मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक मनोज कुमार की माता मीला देवी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा अशोक वृक्ष को जल अर्पित कर की गई जो मां के अटल प्रेम, धैर्य और सहनशीलता का प्रतीक माना जाता है। इन्दिरा आईवीएफ एवं मेटकेयर ग्रुप, पटना सेंटर हेड एवं एम्ब्रायोलॉजिस्ट डॉ. दयानिधि कुमार ने स्वागत भाषण में कहा कि मां के समान त्याग और तप दुनिया में कोई नहीं कर सकता। हर सफल व्यक्ति के पीछे उसकी मां के संघर्ष, संस्कार और आशीर्वाद की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विधायक एवं लोकगायिका मैथिली ठाकुर ने कहा कि मां के त्याग और प्रेम का वर्णन शब्दों में संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज वे जिस मुकाम पर हैं, उसके पीछे उनकी मां के संस्कार, समर्पण और आशीर्वाद की सबसे बड़ी भूमिका है। डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि मां केवल जन्म नहीं देती, बल्कि जीवन जीने की दिशा भी देती है। स्वच्छ समाज और जागरूकता के प्रति जो प्रेरणा उन्हें मिली, उसकी शुरुआत उनके घर और मां के संस्कारों से हुई।

# काशी कॉरिडोर की तर्ज पर बदलेगा हरिहरनाथ मंदिर, 20 लाख युवाओं को मिलेगा रोजगार : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता पदभार संभालने के बाद सोमवार को सोनपुर स्थित बाबा हरिहरनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत भी की। मंत्री ने लोगों को आश्वासन दिया कि वाराणसी के काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर यहां भी विकास कार्य जल्द शुरू हो जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि सरकार पर्यटन के माध्यम से राज्य को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। इसके तहत अगले 5 वर्षों में लगभग 20 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। मंत्री श्री गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के विजन को साकार करने के लिए राज्य सरकार पर्यटन क्षेत्र को प्राथमिकता दे रही है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में पर्यटन विभाग राज्य के विभिन्न पर्यटन स्थलों को विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त बनाएगा। हाल ही में कैबिनेट बैठक में सोनपुर के प्रसिद्ध बाबा हरिहरनाथ मंदिर को काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित करने का प्रस्ताव पास किया गया है। इसके लिए राज्य सरकार की ओर से 680 करोड़ रुपये की स्वीकृत किए गए हैं।

### विकसित बिहार की ओर एक और कदम 'सहयोग पोर्टल' एवं हेल्पलाइन नंबर का शुभारंभ

# दर्ज शिकायतों का निष्पादन 30 दिनों के भीतर करना अनिवार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** बिहार सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने और आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आज एक महत्वपूर्ण पहल की गई। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा 'सहयोग पोर्टल' एवं सहयोग हेल्पलाइन नंबर 1100 का विधिवत लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 'सबका सम्मान, जीवन आसान' निश्चय के तहत लोगों की शिकायतों का प्रभावी निपटारा करना है। पटना के मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' कक्ष में आयोजित इस मुख्य समारोह का जिला स्तर पर सीधा प्रसारण किया गया। रोहतास जिले में समाहरणालय के डीआरडीए सभागार में इस कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी उदिता सिंह, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के शुभारंभ का लाइव देखा और इसकी कार्यप्रणाली को समझा। इस नई व्यवस्था के तहत अब जनता अपनी समस्याओं को सीधे सरकार तक पहुंचा सकेगी। आम नागरिक के लिए सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे के बीच इस टोल-फ्री नंबर 1100 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की सुविधा के माध्यम से आमजन को घर बैठे अपनी शिकायत दर्ज कराने की सुविधा उपलब्ध होगी। पोर्टल पर आवेदन दर्ज होने के उपरांत आवेदक को तत्काल एक रसीद/पावती भी प्राप्त होगी जिसके माध्यम से वे अपने आवेदन की स्थिति एवं निष्पादन की प्रगति को ऑनलाइन ट्रैक कर सकेंगे। शिकायतों के निष्पादन के उपरांत आवेदक द्वारा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन फीडबैक एवं टिप्पणी भी दर्ज की जा सकेगी जिससे शिकायत निवारण प्रणाली को और अधिक पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाया जा सकेगा। 19 मई 2026 से प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायतों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। दर्ज शिकायतों का निष्पादन 30 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा और आवेदक को इसकी लिखित सूचना भी दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस पोर्टल और हेल्पलाइन के माध्यम से आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लें। उन्होंने कहा कि तकनीक के इस माध्यम से पारदर्शिता बढ़ेगी और आम लोगों को अपनी समस्याओं के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विभागों के नोडल पदाधिकारी और अन्य प्रशासनिक कर्मचारी भी उपस्थित रहे जिन्हें पोर्टल के रियल टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम के बारे में जानकारी दी गई। जिला प्रशासन, रोहतास की आमजन से अपील है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान हेतु सहयोग हेल्पलाइन एवं सहयोग पोर्टल का अधिकाधिक उपयोग करें तथा सरकार की इस जनोपयोगी पहल का लाभ उठाएं।

# जनता दरबार में 60 मामले आए सामने, त्वरित समाधान की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज(रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा कार्यालय कक्ष में 'सबका सम्मान-जीवन आसान' कार्यक्रम के अंतर्गत जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें अनुमंडल क्षेत्र के बड़ी संख्या में आम नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जनता दरबार में कुल 60 परिवादी उपस्थित हुए। इनमें भूमि विवाद से जुड़े 10 मामले, राशन कार्ड से संबंधित 40 मामले तथा अन्य श्रेणी के 10 मामले शामिल थे। सभी लोगों ने अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार के समक्ष अपनी-अपनी समस्याएं रखीं और त्वरित समाधान की मांग की। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी आवेदन पत्रों को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित कार्यालयों एवं पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादन किया जाए। भूमि विवाद के मामलों को अंचल कार्यालय, राशन कार्ड संबंधी मामलों को आपूर्ति विभाग तथा अन्य मामलों को संबंधित विभागों को भेजने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान कर 'जीवन जीने में आसानी ' को धरातल पर उतारना प्रशासन की प्राथमिकता है। जनता दरबार का उद्देश्य लोगों को एक ही स्थान पर अपनी शिकायतें रखने और उनका समाधान कराने का अवसर देना है। उन्होंने पदाधिकारियों को स्पष्ट किया कि आवेदनों के निष्पादन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता दरबार के नियमित आयोजन से प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हो रहा है जिससे लोगों का विश्वास बढ़ा है।

# प्राचार्य के अथक प्रयास से महिला कालेज डालमियानगर को बीसीए पढ़ाई की मिली स्वीकृति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय महिला कॉलेज डालमियानगर को बीसीए बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन पाठ्यक्रम में 60 सीटों पर नामांकन की स्वीकृति मिलने से रोहतास जिले में खुशी की लहर है। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 से महाविद्यालय में बीसीए की पढ़ाई शुरू होगी। यह स्वीकृति एआईसीटीई द्वारा निर्धारित मानकों एवं बिहार सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के आलोक में प्रदान की गई है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि कॉलेज में बीसीए पाठ्यक्रम के संचालन हेतु आवश्यक सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान में बेहतर फैकल्टी, वाई-फाई सुविधा, आधुनिक कंप्यूटर लैब तथा एआईसीटीई और विश्वविद्यालय मानकों के अनुरूप आधारभूत संरचना पहले से मौजूद है। कहा कि यह कॉलेज विशेष रूप से छात्राओं के लिए समर्पित है और बीसीए पाठ्यक्रम शुरू होने से क्षेत्र की बेटियों को तकनीकी एवं कंप्यूटर शिक्षा का बेहतर अवसर मिलेगा। कॉलेज के शिक्षकों में डॉ दिग्विजय सिंह, डॉ उपासना, डॉ नीतू रानी, डॉ रेणु कुमारी, डॉ अनुराधा यादव, डॉ त्रिलोक मंडल, डॉ. हरेंद्र कुमार सिंह, डॉ जयराम सिंह तथा डॉ पुष्पा महाराज ने भी इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि इससे छात्राओं के लिए रोजगारपरक शिक्षा के नए रास्ते खुलेंगे। प्राचार्य डॉ अशोक कुमार ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि सरकार से महिला कॉलेज में विज्ञान और वाणिज्य संकाय की पढ़ाई शुरू कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय स्तर से प्रस्ताव स्वीकृत हो चुका है और अब सरकार की पहल का इंतजार है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इसी सत्र से कॉलेज में साइंस और कॉमर्स की पढ़ाई भी प्रारंभ होगी जिससे छात्राओं को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस मुद्दे पर डिहरी के विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने भी महिला शिक्षा को प्राथमिकता देने की बात कही। कहा कि विधानसभा में महिला कॉलेज में साइंस और कॉमर्स की पढ़ाई शुरू कराने का मुद्दा उठाया गया है और सरकार इस दिशा में सकारात्मक पहल कर रही है। विधायक ने कॉलेज भवन की जर्जर स्थिति पर चिंता जताते हुए मरम्मत एवं नए भवन निर्माण की मांग भी दोहराई। कहा कि महिला कॉलेज क्षेत्र की छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण संस्थान है और यहां आर्ट्स के साथ-साथ साइंस, कॉमर्स और बीसीए की पढ़ाई सुचारू रूप से संचालित हो, इसके लिए सरकार एवं विश्वविद्यालय स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। मौके पर कॉलेज के शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## अवैध रेलवे टिकट के साथ युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** शहर के रेडक्रॉस सोसाइटी स्थित रेलवे टिकट काउंटर पर आरपीएफ और सीआईबी की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान एक युवक को अवैध रेलवे टिकट के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान भभुआ शहर के वार्ड संख्या 21 निवासी साजिद अंसारी के पुत्र राम जनक अंसारी के रूप में हुई है। यह कार्रवाई आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार, भभुआ रोड आरपीएफ प्रभारी रामजी लाल और सीआईबी अधिकारी अर्जुन कुमार व संतोष कुमार की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर की। अधिकारियों ने युवक को टिकट काउंटर से बाहर निकलते ही रोका और पूछताछ की। जांच के दौरान पाया गया कि टिकट पर अंकित नाम और युवक की पहचान में मेल नहीं था जब अधिकारियों ने उससे संबंधित वैध दस्तावेज मांगे तो वह कोई संतोषजनक प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सका।

# सप्तम राष्ट्रीय एक्युप्रेशर पखवाड़ा का शुभारंभ

### एक्युप्रेशर पखवाड़ा अन्तर्गत लगेंगे पूरे देश में हजारों निशुल्क चिकित्सा शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज परिसर में सप्तम राष्ट्रीय एक्युप्रेशर पखवाड़ा का उद्घाटन राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त एक्युप्रेशर महागुरू डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। डा. गुप्त ने सभा को सम्बोधित करते हुए बताया कि सुश्रुत संहिता में वर्णित है कि एक्युप्रेशर चिकित्सा विश्व की सर्वोत्तम चिकित्सा में एक है, इसके द्वारा त्वरित लाभ मिलता है, दर्द से सम्बंधित रोगों के साथ ही कई कठिन माने जाने वाले रोग जैसे डायबिटिज, ब्लडप्रेशर, लकवा या इन्डोक्राइन ग्लैन्ड जनित रोगों की भी चिकित्सा सरलता एवं सफलतापूर्वक की जाती है। बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज, स्वास्थ्य जागरूकता मिशन एवं इण्डियन काउन्सिल ऑफ एक्युप्रेशर योग के संयुक्त तत्वावधान में देश के सत्रह राज्यों मे एक्युप्रेशर पखवाड़ा में सैकड़ों संस्थानों एवं चिकित्सकों के सहयोग से 11 मई से 25 मई के बीच हजारों निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा। पखवाड़ा संयोजक डा. अजय प्रकाश ने सभा को संचालित करते हुए कहा कि इस वर्ष डायबिटिज रोग थीम के साथ कमर दर्द, घुटना दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, थायरॉयड, लकवा, गठिया, रोगों की चिकित्सा का कार्य एक्युप्रेशर पखवाड़ा के अन्तर्गत मुख्य रूप से किया जायेगा। बिहार सहित झारखंड, पं. बंगाल, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, तामिलनाडु, आन्ध्र प्रदेश,हरियाणा, राजस्थान, उड़ीसा, आसाम, पंजाब आदि राज्यों सहित नेपाल एवं बांग्लादेश में लाखों रोगी लाभ लेंगे। पटना जिला में भी सोलह चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा। सभी शिविर आयोजनकर्त्ता 26 मई को अधिवेशन भवन, ओल्ड सेक्रेटेरियट कैम्पस, पटना में आयोजित होने वाले 32वां राष्ट्रीय एक्युप्रेशर, एक्युपंक्चर सम्मेलन में सम्मानित किया जायेंगे। सभा को कोषाध्यक्ष वीणा प्रकाश, बीएवाईसी मटेरिया मेडिका एच.ओ.डी. डॉ सुरेंद्र प्रसाद सिंह, डॉ. एच. पी. सिंह आदि चिकित्सक ने सम्बोधित किया। श्रुति कुमारी, सर्व प्रकाश, आदित्य प्रकाश, अभव्या, सोनी देवी, शाम्भवी प्रकाश, अनन्त, रोजी तिवारी, डा. विकास पंडित, डॉ संजय पोद्दार, डा. हरेंद्र, डॉ मानसी, डॉ काजल, डा. दयानंद सिंह, रिंकी श्रीवास्तव, डॉ प्रीति, डॉ. अभिषेक, डॉ. ज्योति कुमारी, डॉ बी. एन सिंह, डॉ. सुनील कुमार सुमन, डा. नीतीश कुमार, डॉ. संगीता कुमारी आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

# पटनवा कला में 15वां श्री हनुमान महोत्सव संपन्न

### भव्य जागरण व विशाल भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** इंद्रपुरी पटनवा (कला) स्थित श्री हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित 15वां दो दिवसीय श्री हनुमान महोत्सव का भव्य शुभारंभ श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ हुआ। महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को 11 श्रीरामचरितमानस एवं हरिकीर्तन की पूर्णाहुति वाराणसी के आचार्य पंडित ब्रजेश तिवारी, अनिल पांडेय, धीरज उपाध्याय, उमेश पांडेय एवं दिनेश पांडेय के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर विशाल भंडारा एवं भव्य जागरण का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महोत्सव के दूसरे दिन जागरण की शुरुआत मां गंगा की आरती से हुई। वहीं विनय बिहारी मृदुल ने गणेश वंदना प्रस्तुत कर भक्तिमय माहौल बना दिया। अमर तिलक धारी ने भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। इसी क्रम में अंजली भारद्वाज ने मां भगवती के भक्ति गीत प्रस्तुत किए। प्रेम मेहरा दिल्ली वाले ने हनुमान जी के भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। वहीं अर्चना गोस्वामी ने भी अपने भक्ति गीतों से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद महाकाल की भव्य आरती की गई जिसकी प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को रोमांचित कर दिया।

## रेडिया पैक्स प्रबंधक बहाली को लेकर विज्ञप्ति जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस (रोहतास)।** कोचस प्रखंड अंतर्गत रेडिया पैक्स में प्रबंधक पद पर नियुक्ति को लेकर विज्ञप्ति जारी कर दी गई है। पैक्स प्रबंधन समिति की ओर से इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20 मई निर्धारित की गई है। समिति ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि के बाद किसी भी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। जारी विज्ञप्ति के अनुसार छात्र-छात्राएं दोनों इस बहाली प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। चयन प्रक्रिया निर्धारित योग्यता एवं नियमों के आधार पर संपन्न कराई जाएगी। पद के लिए अभ्यर्थी का किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। साथ ही कंप्यूटर संचालन एवं टैली का ज्ञान भी आवश्यक रखा गया है। अभ्यर्थी की आयु सीमा 18 वर्ष से 45 वर्ष निर्धारित की गई है। इसके अलावा उम्मीदवार का मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ होना जरूरी होगा।

## बाइक चोरों पर पुलिस का शिकंजा, तीन वाहन बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** पुलिस ने बाइक चोरों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। लगातार बढ़ रही बाइक चोरी की वारदातों के बीच विक्रमगंज थाने की पुलिस ने तीन चोरी की बाइक बरामद की है जिससे इलाके के लोगों को बड़ी राहत मिली है। बिक्रमगंज थानाध्यक्ष रंजन कुमार के अनुसार थाना में दर्ज कांड संख्या 299/26, 290/26 और 309/26 के आधार पर यह कार्रवाई की गई और बिक्रमगंज नगर क्षेत्र से ही तीनों बाइक बरामद की गईं। हालांकि इन वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं और उनकी तलाश में छापेमारी जारी है। पुलिस का दावा है कि फरार बाइक चोरों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**
**आवश्यक सूचना।**
**( लापता महिला अश्रिता पन्ना उम्र–करीब 25 वर्ष )**



बड़गड़ थाना सनहा सं0–15/26 दिनांक–04.05.2026 में लापता महिला अश्रिता पन्ना उम्र–करीब 25 वर्ष, पति–सुनील तिर्की, पता–बरकोल खुर्द, पो0–परसवार, थाना–बड़गड़, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली हैं। थाना से प्राप्त आवेदन में आवेदक के द्वारा उल्लेख किया गया है कि आवेदक की पत्नी आश्रिता पन्ना दिनांक–01.05.2026 को घर से बिना किसी को बताये कहीं चली गई है तथा अबतक घर वापस नहीं आई है। उक्त लापता महिला का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता महिला कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

लापता का विवरण/हुलिया :–
नाम–अश्रिता पन्ना, रंग–गोहुआं, लम्बाई–5.3इंच, बाल–काला,
पहनावा–नीला रंग का कुर्ती एवं लोवर, तथा हवाई चप्पल,
शरीर–दुबला/पतला, भाषा–हिन्दी।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा।

PR 379475 Police(26-27)D


# मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा ने किया योजना एवं विकास विभाग का कार्यभार ग्रहण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार सरकार के योजना एवं विकास विभाग के नए मंत्री श्रीभगवान सिंह कुशवाहा ने आज पटना में घंटाघर स्थित अपने कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉ. एन. विजयलक्ष्मी, विभागीय वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। कार्यभार ग्रहण के उपरांत अपर मुख्य सचिव डॉ. एन. विजयलक्ष्मी द्वारा मंत्री को विभाग की संरचना, प्रमुख योजनाओं, सांख्यिकी एवं मूल्यांकन गतिविधियों तथा विभिन्न विकास कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति एवं आगामी कार्ययोजना पर भी प्रस्तुतीकरण किया गया। इस दौरान उन्होंने विभागीय कार्यों और लंबित नियुक्तियों को लेकर अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कर दी हैं। पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता विभाग में लंबित बहालियों को पूरा करना और बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना होगा। मंत्री कुशवाहा ने कहा कि राजनीतिक कार्यों में व्यस्त रहने के बावजूद वे विभाग की कार्यप्रणाली का लगातार अध्ययन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि योजना एवं विकास विभाग राज्य के विकास कार्यों के लिए महत्वपूर्ण है और जिले स्तर पर जिला योजना पदाधिकारियों के माध्यम से योजनाओं का संचालन किया जाता है। उन्होंने कहा कि विभाग की वर्तमान स्थिति और कार्यों की समीक्षा कर आगे की रणनीति बनाई जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से लंबे समय से लंबित लगभग पांच हजार से अधिक पदों पर बहाली का मुद्दा उठाया।

## दो सूटकेसों में बिना सिर के दो शव मिले, क्षेत्र में मचा हड़कंप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर जिले में मोहनियां-चौसा एनएच पर पनसेरवां गांव के पास स्थित दुर्गावती नदी पुल के नीचे रविवार को दो अलग-अलग सूटकेसों में बिना सिर के दो शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। दोनों शवों के धड़ को टुकड़ों में करके सूटकेस में पैक किया गया था। दोनों शव के सिर गायब है। पुलिस दोनों शवों की पहचान करने में जुटी है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह प्रतीत हो रहा है कि दोनों व्यक्ति की हत्या करने के बाद उनके शरीर के अंगों को काटकर सूटकेस में पैक कर पुल के नीचे फेंका गया है। इधर घटना की सूचना मिलते हीं एसपी हरिमोहन शुक्ला मौके पर पहुंच गए।

# ईमानदार पुलिसिंग और सामाजिक चेतना का सशक्त चेहरा बने विकास वैभव

### राष्ट्रसेवा, पारदर्शी प्रशासन और युवाओं को प्रेरित करने की मुहिम से बनाई अलग पहचान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के चर्चित आईपीएस अधिकारी विकास वैभव आज केवल एक पुलिस अधिकारी नहीं, बल्कि युवाओं के प्रेरणास्रोत, सामाजिक चेतना के संवाहक और सांस्कृतिक विरासत के सशक्त प्रचारक के रूप में देशभर में पहचान बना चुके हैं। ईमानदार पुलिसिंग, आतंकवाद और अपराध के खिलाफ कठोर कार्रवाई तथा समाज में सकारात्मक बदलाव की मुहिम ने उन्हें प्रशासनिक सेवा से आगे बढ़कर एक जनप्रिय व्यक्तित्व बना दिया है। 21 नवंबर 1979 को बेगूसराय जिले के बीहट में जन्मे विकास वैभव ने वर्ष 1997 से 2001 तक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीटेक की पढ़ाई की। इसके बाद वर्ष 2003 में भारतीय पुलिस सेवा में शामिल होकर उन्होंने राष्ट्रसेवा का मार्ग चुना। दानापुर में सहायक पुलिस अधीक्षक के रूप में अपने करियर की शुरुआत करने वाले विकास वैभव ने पटना नगर पुलिस अधीक्षक रहते हुए पारदर्शी पुलिसिंग, कम्प्यूटरीकृत मॉनिटरिंग और जनसंवाद की नई कार्यशैली विकसित की। इससे अपराध नियंत्रण में उल्लेखनीय सफलता मिली और पटना पुलिस की छवि में सुधार हुआ। बगहा में पुलिस अधीक्षक के रूप में उनका कार्यकाल सबसे अधिक चर्चित रहा। उस समय यह इलाका अपहरण और डकैत गिरोहों के कारण 'मिनी चंबल' के नाम से बदनाम था। लगातार अभियान चलाकर उन्होंने कई कुख्यात गिरोहों का सफाया किया और बड़ी संख्या में अपराधियों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर किया। स्थानीय लोगों ने सम्मान स्वरूप एक चौराहे का नाम 'विकास वैभव चौराहा' और एक सड़क का नाम 'विकास वैभव पथ' रखा। रोहतास में पुलिस अधीक्षक रहते हुए उन्होंने नक्सल प्रभावित इलाकों में 'ऑपरेशन विध्वंस' चलाया और सामुदायिक पुलिसिंग के जरिए लोगों का भरोसा जीता। दशकों बाद रोहतासगढ़ किले पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराना उनके कार्यकाल की बड़ी उपलब्धि माना गया। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण में पुलिस अधीक्षक रहते हुए विकास वैभव ने इंडियन मुजाहिदीन से जुड़े कई मामलों की जांच का नेतृत्व किया। यासीन भटकल सहित कई आतंकवादियों की गिरफ्तारी और पूछताछ में उनकी अहम भूमिका रही। पटना गांधी मैदान सीरियल ब्लास्ट और महाबोधि मंदिर विस्फोट मामले की जांच में भी उनकी टीम ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, भागलपुर के डीआईजी, आतंकवाद निरोधी दस्ता के डीआईजी और गृह विभाग में विशेष सचिव जैसे पदों पर रहते हुए उन्होंने पारदर्शी और संवादात्मक प्रशासन की पहचान बनाई। कोविड-19 प्रबंधन में उनकी भूमिका भी सराही गई। वर्ष 2021 में उन्होंने 'आइये, मिलकर प्रेरित करें बिहार' अभियान की शुरुआत की। शिक्षा, समता और उद्यमिता पर केंद्रित इस अभियान से आज लाखों लोग जुड़े हैं। 'गार्गी अध्याय' के माध्यम से कई जिलों में निःशुल्क शिक्षा केंद्र भी संचालित किए जा रहे हैं। भारतीय इतिहास, संस्कृति और सामाजिक मुद्दों पर उनके व्याख्यान और सोशल मीडिया संवाद युवाओं के बीच बेहद लोकप्रिय हैं। ईमानदार प्रशासन, राष्ट्रसेवा और सामाजिक जागरण के कारण विकास वैभव आज बिहार ही नहीं, पूरे देश के युवाओं के लिए प्रेरणा का सशक्त उदाहरण बन चुके हैं।


**बिहार सरकार**

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

**आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना–14**

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी. (डी.सी.ई.सी.ई.)-2026/04 दिनांक- 11.05.2026**

**डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2026**

**[पॉलिटेकनिक (अभियंत्रण)/ पारा मेडिकल (माध्यमिक स्तरीय)/ पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय)]**

**परीक्षा से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [DCECE (PE/PM/PMM)]-2026 की परीक्षा से सम्बन्धित विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी. (डी.सी.ई.सी.ई.)-2026/03 दिनांक- 20.04.2026 के क्रम में सभी सर्वसाधारण एवं डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [DCECE (PE/PM/PMM)]-2026 के सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि DCECE (PE/PM/PMM)-2026 की परीक्षा दिनांक 23.05.2026 एवं दिनांक 24.05.2026 को निर्धारित है। इस परीक्षा हेतु Admit Card पर्षद के website **bceceboard.bihar.gov.in** पर दिनांक 14.05.2026 को Upload हो जायेगा। अभ्यर्थी दिनांक 14.05.2026 से अपने Account में login कर Admit Card download करेंगे।

पूर्व प्रकाशित सभी विज्ञापनों के अन्य सभी शर्तें यथावत् रहेंगी।

परीक्षा नियंत्रक

# जिला निबंधन कार्यालय व प्रतीक्षालय भवन का डीएम ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने जिला निबंधन कार्यालय, नवादा परिसर स्थित नव निर्मित प्रतीक्षालय भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आम नागरिकों के लिए उपलब्ध कराई गई सुविधाओं एवं कार्यालय की कार्यप्रणाली का विस्तृत जायजा लिया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विदित हो कि जिला स्कोर सोसाइटी द्वारा एलएइओ के माध्यम से लगभग 40 लाख रुपये की लागत से निबंधन कार्य हेतु आने वाले आगंतुकों की सुविधा के लिए वातानुकूलित प्रतीक्षालय एवं शौचालय का निर्माण कराया गया है, जिसका शुभारंभ आज से किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने प्रतीक्षालय भवन में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रतीक्षालय में आने वाले आमजनों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निबंधन पदाधिकारी को एक टीवी लगाने का निर्देश दिया, ताकि प्रतीक्षारत नागरिकों को आवश्यक सूचनाएं एवं जनहित से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। साथ ही जिला पदाधिकारी ने प्रतीक्षालय भवन एवं वहां उपलब्ध संसाधनों की सुरक्षा, रख-रखाव एवं समुचित देखरेख सुनिश्चित करने हेतु एक गार्ड की प्रतिनियुक्ति कराने का निर्देश निबंधन पदाधिकारी को दिया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा निबंधन कार्य से संबंधित कंप्यूटर कक्ष का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने निबंधन प्रक्रिया, अभिलेख संधारण, ऑनलाइन कार्य प्रणाली एवं कार्यालय में संचालित विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित कर्मियों एवं पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि निबंधन कार्य पूरी पारदर्शिता, तत्परता एवं समयबद्ध तरीके से संपादित किया जाए। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर अमित अनुराग, निबंधन पदाधिकारी अजय कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।





# बिहार के सभी वर्गों को मिला बराबर का सम्मान : श्रवण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**राजगीर**। नालंदा जिले के राजगीर स्थित कुंड परिसर कुटिया में भारतीय राजवार राजवंशी समाज द्वारा ग्रामीण विकास एवं सूचना-जनसंपर्क विभाग के नवमनोनीत मंत्री श्रवण कुमार का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व समाज के जिलाध्यक्ष बालेश्वर राजवंशी ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए समाज के अध्यक्ष ने कहा कि राजवंशी समाज ने पूरे उत्साह के साथ गरीब, शोषित और वंचित वर्गों के हितैषी नेता का सम्मान किया है। उन्होंने मंत्री से समाज के विकास के लिए निरंतर सहयोग की अपेक्षा जताई।

इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि समाज को एकजुट बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कुंड परिसर में बने कुटिया के विकास के लिए सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि भविष्य में भी हरसंभव मदद की जाएगी। उन्होंने बताया कि राजगीर में आयोजित मलमास मेले के दौरान श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं और स्थानीय दुकानदारों के लिए वेंडिंग जोन विकसित करने की दिशा में भी पहल की जा रही है। मंत्री ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार 'न्याय के साथ विकास' की नीति पर काम कर रही है, जिससे समाज के सभी वर्गों को बराबरी का अवसर और सम्मान मिला है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य बिहार को देश के शीर्ष पांच राज्यों में शामिल करना है और इसके लिए विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष जीरो देवी, श्याम देव राजवंशी, सुरेंद्र राजवंशी, मिथिलेश राजवंशी, चंदन राजवंशी, बिरजू राजवंशी, संपत राजवंशी, उदय राजवंशी, अरुण राजवंशी, वार्ड पार्षद कविता कुमारी, मनीषा कुमारी, विनोद राजवंशी, जदयू नेत्री मीरा कुमारी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



# जन शिकायतों के त्वरित निष्पादन को लेकर डीएम ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। डीएम कुंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय तकनीकी और गैर तकनीकी पदाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समन्वय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जन शिकायतों के त्वरित निष्पादन, सेवा समाधान कार्यक्रम, स्वास्थ्य, शिक्षा, आपदा प्रबंधन एवं मलमास मेला 2026 की तैयारियों सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के तहत "सबका सम्मान, जीवन आसान" लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में आम लोगों की शिकायतों को सम्मानपूर्वक सुनकर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को अपनी समस्याएं और सुझाव सीधे रखने का अवसर देने के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायतवार सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिले के सभी प्रखंडों में 19 मई 2026 को सहयोग शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही लोगों को सहयोग हेल्पलाइन नंबर 1100 एवं सहयोग पोर्टल के माध्यम से आवेदन करने की जानकारी देने को कहा गया। कुंदन कुमार ने खनन, अवैध परिचालन, पीडीएस दुकानों, आरटीपीएस काउंटर, भू-माफियाओं एवं सरकारी कार्यों में बिचौलियों द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को अपने कार्यालयों में निर्धारित समय तक उपस्थित रहकर आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने को कहा। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी को सभी प्रखंडों में मॉडल स्कूल निर्माण का प्रस्ताव भेजने को कहा गया। वहीं कृषि विभाग को आपदा से हुई फसल क्षति का शीघ्र आकलन कर मुआवजा भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।




## शादी का झांसा देकर युवक ने किया यौन शोषण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग से जुड़ा एक मामला तूल पकड़ता जा रहा है। आरोप है कि युवक ने शादी का वादा कर युवती को अपने साथ दिल्ली ले जाकर दो माह तक पति-पत्नी की तरह साथ रखा, लेकिन बाद में शादी से मुकर गया। पीड़िता के अनुसार, जब विवाह की बात आगे बढ़ी तो युवक टालमटोल करने लगा। इस बीच युवती के परिजनों ने उसका रिश्ता अन्यत्र तय करने की कोशिश की, लेकिन आरोप है कि युवक ने पुराने फोटो और वीडियो रिश्तेदारों को भेजकर अब तक तीन रिश्ते तुड़वा दिए। युवती ने यह भी बताया कि इस पूरे घटनाक्रम से उत्पन्न मानसिक तनाव के कारण उसकी छोटी बहन ने आत्महत्या कर ली। सोमवार को जब युवती अपने परिजनों के साथ बहादुरपुर गांव स्थित युवक के घर पहुंची और शादी की बात कही, तो युवक और उसकी मां ने कथित रूप से इंकार करते हुए उनके साथ मारपीट की। इसके बाद युवती ने सहायता के लिए डायल 112 पर कॉल किया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवती तथा उसकी मां को सुरक्षित बाहर निकालते हुए आरोपी आकाश दीप को हिरासत में ले लिया।

# 86 दिनों बाद राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल खत्म, कौआकोल अंचल कार्यालय में कामकाज शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। लंबे समय से चल रही राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल सोमवार को समाप्त हो गई। हड़ताल खत्म होने के बाद कौआकोल अंचल कार्यालय में सोमवार से कार्य सामान्य रूप से शुरू हो गया है। राजस्व कर्मचारी मिथुन कुमार मिठू, आदित्य कुमार, प्रकाश कुमार, नरेंद्र कुमार,दीपक कुमार एवं नितेश कुमार मिश्रा ने बताया कि कर्मचारी संघ के आह्वान पर जारी 86 दिनों की लंबी हड़ताल के बाद सभी कर्मचारी पुनः अपने कार्य पर लौट आए हैं। कर्मचारियों ने कहा कि हड़ताल समाप्त होते ही लंबित राजस्व कार्यों का निष्पादन शुरू कर दिया गया है। कार्यालय में दाखिल-खारिज, भूमि परिमार्जन, लगान रसीद निर्गत करने सहित अन्य राजस्व सेवाएं अब नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाएंगी। हड़ताल के कारण क्षेत्र के लोगों के कई आवश्यक कार्य लंबित पड़े थे। कर्मचारियों के काम पर लौटने से आम जनता को राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। बताया जाता है कि आने वाले दिनों में लंबित आवेदनों के निष्पादन के लिए विशेष रूप से कार्य किया जाएगा ताकि आम लोगों की परेशानी जल्द दूर हो सके।

**सात निश्चय पार्ट-3 के तहत लगा कौआकोल के विभिन्न कार्यालयों में लगा जनता दरबार**

**कौआकोल**। सात निश्चय पार्ट-3 के तहत सोमवार को कौआकोल प्रखण्ड के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में जनता दरबार आयोजित कर फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। अंचल कार्यालय में सीओ मनीष कुमार,प्रखंड कार्यालय में बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार,पंचायती राज कार्यालय में बीपीआरओ शमा बानो तथा शिक्षा विभाग में बीईओ अजीत कुमार ने आम लोगों की शिकायतों की सुनवाई कर संबंधित कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों के शीघ्र निष्पादन का आश्वासन दिया।

**घर-घर जाकर प्रगणकों द्वारा जुटाई जा रही जानकारी**

**कौआकोल**। प्रखंड क्षेत्र के सभी गणना ब्लॉकों में प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार प्रगणक प्रत्येक परिवार से संपर्क कर सामाजिक,आर्थिक एवं पारिवारिक जानकारी एकत्रित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सर्वे के दौरान परिवार के सदस्यों की संख्या,आवास की स्थिति सहित अन्य आवश्यक जानकारियां दर्ज की जा रही हैं। सर्वे कार्य को पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए सभी प्रगणकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। बीडीओ ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि प्रगणकों को सही जानकारी उपलब्ध कराकर सहयोग करें।

**पशु चिकित्सालय कौआकोल में एंटी रैबीज वैक्सीन नहीं, पशुपालक परेशान**

**कौआकोल**। प्रखण्ड क्षेत्र स्थित पशु चिकित्सालय कौआकोल में कुत्ता काटने के बाद लगाए जाने वाले एंटी रैबीज वैक्सीन उपलब्ध नहीं रहने से पशुपालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पशुपालक भलुआही गांव निवासी शंकर कुमार यादव, रामाशीष यादव,भोला यादव ने बताया कि आधा दर्जन से अधिक बकरियों को रविवार की शाम आवारा कुत्ते ने काट लिया था। एक बकरी की तो मौत भी हो गई। इलाज के लिए जब वे पशु चिकित्सालय कौआकोल से सम्पर्क किए तो वहां एंटी रैबीज वैक्सीन उपलब्ध नहीं था। वहां के कर्मी ने बताया कि दो महीने से वैक्सीन नहीं है। वैक्सीन नहीं रहने के कारण पशुपालकों को काफी दिक्कत झेलनी पड़ रही है।

# घर के समीप से बाइक की चोरी, डिक्की में रहे कागजात ले उड़े चोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)**। रजौली थाना क्षेत्र के धमनी गांव में बीते रविवार की रात्रि लगभग 9 बजे एक घर के समीप खड़े बाइक को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। चोरी गई बाइक लगभग 20 साल पुरानी बताई जा रही है। बाइक चोर गिरोह द्वारा बाइक की चोरी कर नम्बर प्लेट हटाकर उसे शराब परिवहन के अलावे अन्य अपराध में उपयोग किया जाता है। धमनी गांव निवासी जवाहर मोदी के पुत्र मुकेश कुमार ने बताया कि वह अपनी बाइक बीआर12सी3494 को घर के बाहर लगाए थे। जब थोड़े ही देर बाद घर के बाहर आकर देखा,तो उनकी बाइक नहीं थी। बाइक को लेकर आसपास एवं गांव में काफी खोजबीन की गई, किंतु कुछ भी जानकारी नहीं मिला। चोरी हुए बाइक की डिक्की में बाइक के रजिस्ट्रेशन नम्बर के कागजात रखा हुआ था। पीड़ित मुकेश कुमार ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा बाइक चोरी की घटना को लेकर वे सोमवार की सुबह थाना पहुंचे एवं लिखित आवेदन दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि पीड़ित द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त होने पर अग्रतर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



## सड़क हादसे में अंडा व्यवसायी की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। आशा नगर में सोमवार को हुए सड़क हादसे में एक अंडा व्यवसायी की मौत हो गई। मृतक की पहचान नूरसराय थाना क्षेत्र के बड़ारा गांव निवासी रमेश प्रसाद के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। परिजनों के अनुसार रमेश प्रसाद गांव में अंडे की दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। सोमवार सुबह वह अंडा खरीदने के लिए आशा नगर आए थे। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर सोहसराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# पति और ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना का आरोप, महिला ने डीएम से लगाई न्याय की गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। जिले की एक महिला ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर गंभीर प्रताड़ना, मारपीट, घर से निकालने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए जिला पदाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। महिला द्वारा दिया गया आवेदन जिला जनता दरबार में भी जमा किया गया है, जिसमें उसने अपनी सुरक्षा और उचित कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता रिंकी जैन ने आवेदन में बताया कि उसकी शादी मनोज कुमार जैन के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उसे लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा। महिला का आरोप है कि उसके पति और परिवार वालों ने उसे घर से निकाल दिया, जिसके बाद वह कुछ समय तक अपने मायके और रिश्तेदारों के यहां रहने को मजबूर हुई। आवेदन के अनुसार, जब वह वापस अपने ससुराल पहुंची तो घर का ताला बदला हुआ मिला। विरोध करने पर उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया। महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति ने परिवार के अन्य लोगों और कुछ बाहरी युवकों को बुलाकर उसके साथ मारपीट की तथा घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता ने यह भी कहा है कि घटना के बाद उसने स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आवेदन में उसने आरोप लगाया कि उसे लगातार धमकी दी जा रही है और कहा जा रहा है कि यदि उसने शिकायत वापस नहीं ली तो उसकी हत्या कर दी जाएगी। महिला ने खुद और अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई है।

# जनता दरबार के दिन भी बंद रहता है प्रखण्ड आपूर्ति कार्यालय

## आपूर्ति कार्यालय में सरकारी आदेश कागजों तक रहते हैं सीमित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। राज्य सरकार द्वारा सात निश्चय पार्ट-3 के तहत प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को सभी सरकारी कार्यालयों में जनता दरबार आयोजित कर आम लोगों की समस्याओं की सुनवाई करने का निर्देश जारी किया गया है। बावजूद इसके प्रखण्ड आपूर्ति कार्यालय में सरकार के आदेश का पालन होता नजर नहीं आ रहा है।बताया जाता है कि जनता दरबार के निर्धारित दिनों में भी प्रखण्ड आपूर्ति कार्यालय में ताला लटका रहता है। दूर-दराज गांवों से राशन कार्ड सुधार, नाम जोड़ने-हटाने, अनाज वितरण एवं अन्य समस्याओं को लेकर पहुंचने वाले फरियादी बिना सुनवाई के ही वापस लौटने को मजबूर हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित एमओ (मार्केटिंग ऑफिसर) अक्सर कार्यालय से गायब रहते हैं,जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई लाभुकों ने बताया कि उन्हें बार-बार कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है, फिर भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। सरकार की मंशा जनता दरबार के माध्यम से लोगों की शिकायतों का त्वरित निपटारा करने की है,लेकिन प्रखण्ड आपूर्ति कार्यालय की कार्यप्रणाली इस व्यवस्था को प्रभावित कर रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मामले की जांच कर नियमित रूप से जनता दरबार संचालित कराने एवं लापरवाह पदाधिकारी पर कार्रवाई की मांग की है।



# राजकीय डिग्री महाविद्यालय नगरनौसा के प्राचार्य ने किया पदभार ग्रहण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा (नालंदा)**। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय अंतर्गत कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आर्ट्स एंड साइंस, पटना के राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. (प्रो.) संजय कुमार ने राजकीय डिग्री महाविद्यालय, नगरनौसा (नालंदा) के प्राचार्य पद का विधिवत पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण समारोह महाविद्यालय परिसर में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. संजय कुमार ने पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा, इमानदारी एवं समर्पण भाव से करेंगे। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन, शैक्षणिक वातावरण एवं छात्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु सभी शिक्षकों, कर्मियों एवं विद्यार्थियों के सहयोग से सकारात्मक प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज एवं राष्ट्र निर्माण का सशक्त आधार है। महाविद्यालय को शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं नैतिक मूल्यों का केंद्र बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा।



# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने की टास्क फोर्स बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। समाहरणालय सभाकक्षमें जिलाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान की संयुक्त अध्यक्षता में टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधि-व्यवस्था, मद्य निषेध, अवैध खनन, भूमि विवाद, बाल श्रम उन्मूलन एवं किशोर श्रम निषेध सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत समीक्षा एवं चर्चा की गई। मद्य निषेध की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु शराब आपूर्ति करने वाले तस्करों एवं आपूर्तिकर्ताओं की गिरफ्तारी पर विशेष बल दिया। उन्होंने छापामारी एवं गश्ती कार्य में प्रयुक्त सभी वाहनों में जीपीएस लगाने का निर्देश दिया, ताकि कार्रवाई की समुचित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा सके।बैठक में विनष्टीकरण हेतु 20 हजार लीटर से अधिक शराब लंबित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने चिंता व्यक्त करते हुए शीघ्र विनष्टीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

इसके उपरांत नारको कोऑर्डिनेशन सेंटर की जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में मादक पदार्थों की आपूर्ति एवं मांग को कम करने हेतु प्रभावी रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले में मादक पदार्थों के "डार्क स्पॉट" को चिन्हित कर वहां विशेष अभियान चलाया जाए तथा अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव धीमान ने बताया कि जिले में स्निफर डॉग टीम उपलब्ध है, जिसका उपयोग आवश्यकतानुसार जांच एवं कार्रवाई में किया जा सकता है। उन्होंने अधीक्षक मद्य निषेध को चेक पोस्टों पर भी स्निफर डॉग के माध्यम से जांच कराने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने गांजा की अवैध खेती वाले संभावित क्षेत्रों पर विशेष निगरानी एवं सतर्कता बरतने का भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। जिलाधिकारी ने अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु प्रभावी एवं सतत कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए कहा कि इससे जिले में विधि-व्यवस्था संधारण में भी सहायता मिलेगी। बैठक में सिविल सर्जन, नवादा, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर एवं रजौली, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रजौली, उत्पाद अधीक्षक, जिला खनन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।




# नूरसराय में स्थापित डिग्री कॉलेज के पहले प्राचार्य बने डॉ रत्नेश अमन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। नालंदा कॉलेज इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ रत्नेश अमन ने सोमवार को नूरसराय में स्थापित राजकीय डिग्री महाविद्यालय के पहले प्राचार्य के रूप में अपना योगदान दिया। ज्ञात हो कि बिहार सरकार के सात निश्चय के तहत उच्च शिक्षा को समावेशी बनाने के लिए राज्य के सभी प्रखंडों में सरकारी महाविद्यालय खोलने के लिए इस वर्ष बजट में प्रावधान किया गया था। राज्य सरकार ने नालंदा जिला के ऐसे 9 प्रखंड में महाविद्यालय खोलने के लिए चिह्नित किया जहाँ एक भी डिग्री कॉलेज नहीं थे। नूरसराय के अलावे कतरीसराय, रहुई, नगरनौसा, वेन, करायपरसुराय, बिंद, सरमेरा, थरथरी में पहले चरण में 6 विषयों की पढ़ाई करने के लिए स्थापना किया गया। जहाँ इसी साल जुलाई से सत्र शुरू हो जाएगी एवं नामांकन प्रक्रिया समर्थ पोर्टल पर शुरू कर दी गयी है। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले सभी कॉलेजों में विश्वविद्यालय के द्वारा प्रभारी प्राचार्यों की प्रतिनियुक्ति कर दी गयी है। महाविद्यालय में प्राचार्य के रूप में योगदान देने वाले डॉ रत्नेश अमन ने कहा कि मेरे लिए यह सौभाग्य की बात है कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को सफल बनाने के लिए मुझ पर विश्वास जताया है साथ ही विश्वविद्यालय प्रशासन, राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को उच्च शिक्षा में एनरोलमेंट बढ़ाने के लिए लगातार प्रयत्न कर रही है और इसको आगे बढ़ाने में पूरे लगन के साथ सभी के सहयोग से कार्य करेंगे। डॉ अमन ने फिलहाल उच्च विद्यालय नूरसराय में चलने वाले इस महाविद्यालय को सुचारू रूप से चलाने के लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक अश्विनी कुमार से भी सहयोग का अनुरोध किया।



# अवैध वसूली के विरोध में ऑटो व-ई रिक्शा चालकों ने किया सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)**। नगर परिषद क्षेत्र में ऑटो एवं ई-रिक्शा चालकों से कथित अवैध वसूली के विरोध में सोमवार को चालकों ने मलामा गांव स्थित गैस गोदाम के समीप सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। करीब पांच घंटे तक चले जाम के कारण यातायात पूरी तरह बाधित रहा और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बाद में चालकों ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार, रेलवे फाटक के पश्चिम, सूर्य मंदिर तालाब एवं योगीपुर रोड स्थित रेलवे फाटक के पास ऑटो चालकों से नगर परिषद द्वारा टैक्स वसूला जाता है। आरोप है कि टैक्स के अतिरिक्त कुछ लोग एजेंट बनकर अवैध रूप से राशि की वसूली कर रहे हैं। चालक संघ का कहना है कि पैसे नहीं देने पर एजेंटों द्वारा जबरन जेब से रुपये निकाल लेना, मारपीट करना एवं अभद्र व्यवहार किया जाता है। पिछले दो दिनों से इस तरह की घटनाओं से चालक वर्ग में भारी आक्रोश था। आक्रोशित ऑटो एवं ई-रिक्शा चालकों ने मलामा गांव के पास गैस गोदाम के समीप सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। जाम की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और चालकों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# डॉ. प्रेम कुमार ने दिया अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर

## गयाजी में लाभुकों के बीच बांटे गए राशन कार्ड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गयाजी।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सोमवार को गयाजी टाउन क्षेत्र के वार्ड संख्या 7, 8, 9 और 10 में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पात्र लाभुकों के बीच राशन कार्ड का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, लाभुक और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि जनसेवा ही उनका सर्वोच्च धर्म है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाना है तथा इन योजनाओं को धरातल तक पहुंचाना जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की सामूहिक जिम्मेदारी है। डॉ. प्रेम कुमार ने लाभुकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को भी सुना। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनता का स्नेह और आशीर्वाद उन्हें लगातार सेवा कार्य करने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर मौजूद जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में अधिवक्ता मुकेश शर्मा, प्रेम सागर, पप्पू चंद्रवंशी, विक्की शर्मा, विकास कुमार, शंभू यादव, राजेश मस्तान, राजनंदन गांधी, गोपाल चंद्रवंशी, शिव नारायण चंद्रवंशी, धीरेंद्र धीरू, गुंजन मिश्रा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन ने की एसडीओ के साथ बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया जी।** फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष महेंद्र कुमार सिह के नेतृत्व में सदर अनुमंडल के एसडीओ अनिल कुमार रमन के साथ सभी प्रखंड के प्रखंड अध्यक्षों एवं वरीय जन वितरण विक्रेताओ के साथ आपूर्ति संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीओ ने उपस्थित सभी प्रखंड अध्यक्षों एवं वरीय जन वितरण विक्रेताओं को निर्देश दिया कि अपने अपने प्रखंड में शत प्रतिशत लाभुकों के बीच खाद्यान्न का वितरण ससमय किया जाए। कहा कि जिन विक्रेताओं को मई और जून 2026 के खाधान्न का उठाव हो गया है वैसे विक्रेता मई 2026 के वितरण चक्र समाप्त होने के पश्चात ही जून 2026 के खधान्न का वितरण करेंगे। जून 2026 के खाद्यान्न को सुरक्षित रखेंगे और इसके साथ ही साथ विक्रेताओं के अनुज्ञप्ति नवीनीकरण सहित अन्य विषयों पर भी वार्ता हुआ है। बैठक की कार्रवाई समाप्त होने के बाद जिला आपूर्ति पदाधिकारी अशोक कुमार चौधरी से भी सभी अध्यक्षों ने उनके कार्यालय कक्ष में वार्ता किए और विक्रेताओं के 8 माह से मार्जिन मनी (कमीशन) को शीघ्र भुगतान करने के लिए आग्रह किया। नवंबर माह का भी मार्जिन मनी भेज दिया गया है। इस मौके पर जिला महामंत्री डा. विजय कुमार यादव, फतेहपुर प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष सुभाष यादव, मानपुर के प्रखंड अध्यक्ष विनय कुमार सिह, वजीरगंज के प्रखंड अध्यक्ष शिवनाथ सिह चंद्रवंशी, बेलागंज के प्रखंड अध्यक्ष सुग्रीव पासवान, टनकुप्पा के प्रखंड उपाध्यक्ष कपिल पासवान, नगर प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद साजिद, मनीष कुमार सहित वरीय विक्रेता शामिल रहे।

# मिर्जा गालिब कॉलेज में विशेष व्याख्यान आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**गया।** मिर्जा गालिब कॉलेज में अकादमिक गतिविधियां जारी है। इसी क्रम में गणित विभाग द्वारा अंडरस्टैंडिंग आइगेन वैल्यूज : कंसेप्ट्स , कंप्यूटेशन एंड एप्लीकेशन विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस विशेष व्याख्यान के मुख्य वक्ता डॉ. कुमार विशाल, असिस्टेंट प्रोफेसर, गणित विभाग मगध विश्वविद्यालय बोधगया थे। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि आइगेन शब्द जर्मन भाषा से आया है। इसका अर्थ 'विशिष्ट' होता है । आइगेन किसी मैट्रिक्स के विशेष गुणों की सूचना देता है। आइगेन वैल्यू का विकास 18 वीं से 19 वीं शताब्दी में हुआ। इसका उपयोग भौतिक विज्ञान, कंप्यूटर साइंस, डाटा साइंस, मशीन लैंग्वेज, अर्थशास्त्र इत्यादि में किया जाता है। पुलों व भवनों के कंपन विश्लेषण में इसकी उपयोगिता है। कार्यक्रम में स्वागत वक्तव्य सचिव शासी निकाय डॉ. हफीजुर रहमान खान ने दिया। उन्होंने सभी का स्वागत किया। इसके साथ-साथ कार्यक्रम के आयोजन पर प्रसन्नता जाहिर की। इस अवसर पर शासी निकाय के अध्यक्ष शबी आरफीन शमसी तथा प्राचार्य डॉ. मो. अली हुसैन ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। धन्यवाद ज्ञापन गणित विभाग के अध्यक्ष डॉ. मो. जावेद इकबाल खान ने दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नूर आलम ने किया। इस अवसर पर कालेज के विभिन्न शिक्षक, शिक्षकेतरकर्मी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# अंग्रेजी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** कोंच थाना पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सोमवार को थाना क्षेत्र के उसास गांव से 11 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके से एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि उसास गांव में अवैध अंग्रेजी शराब की खेप लाई गई है और उसकी बिक्री की तैयारी चल रही है। सूचना के सत्यापन के बाद पीटीसी जितेंद्र कुमार पांडेय के नेतृत्व में पुलिस बल ने चिन्हित ठिकाने पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने आइकोनिक ब्रांड की 11 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की। वहीं मौके से शराब कारोबार में संलिप्त कबींदर कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बरामद शराब को जब्त कर आरोपी को थाने ले आई। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद सोमवार को ही उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शराब के अवैध निर्माण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा तथा इस धंधे में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## नवनिर्मित मंदिरी नाला-सड़क का नामकरण नवीन किशोर सिन्हा पथ करने के लिए मुख्यमंत्री को अध्यक्ष ने दी बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने नवनिर्मित मंदिरी नाला-सड़क का नामकरण नवीन किशोर सिन्हा पथ करने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को आत्मीय बधाई प्रेषित की है। उन्होंने कहा कि यह सड़क पटना के नेहरू पथ पर तारामंडल से शुरू होगी और जेपी गंगा पथ से मिलकर समाप्त होगी जिससे कई लोगों को फायदा मिलेगा एवं ट्रैफिक जाम से छुटकारा मिलेगा। नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा हमारे राजनीतिक सहयोगी एवं मित्र रह चुके हैं। वे एक कुशल संगठनकर्ता के साथ-साथ विलक्षण प्रतिभा तथा नेतृत्व क्षमता के धनी थे। उनकी सादगी, सहृदयता और जनसेवा का अद्भुत व्यक्तित्व समाज के प्रति समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री द्वारा उठाया गया यह कदम हमारी राजनीतिक विरासत को जीवंत रखने का एक प्रयास है।

## प्रधानमंत्री के संदेश को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं : डा. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्टैट ऑफ हॉरमुज के संकट के कारण उत्पन्न वर्तमान आर्थिक चुनौतियों के बीच एक दूरदर्शी एवं राष्ट्रहितकारी पहल की अपील की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है। जिसमें सोने की अनावश्यक खरीदारी पर संयम, सार्वजनिक वाहनों के उपयोग, वर्चुअल मीटिंग एवं वर्क फ्रॉम होम कल्चर को बढ़ावा देने सहित कई कार्यपद्धतियां शामिल हैं। अध्यक्ष ने कहा है कि बिहार सहित पूरे देश के नागरिक यदि संसाधनों का संयमित एवं जिम्मेदारी पूर्वक उपयोग करें तो आर्थिक संतुलन, ऊर्जा संरक्षण और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को मजबूत आधार मिलेगा। उन्होंने बिहार की जनता से आग्रह किया कि प्रधानमंत्री के इस संदेश को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। हमारी जागरूकता और अनुशासन ही देश की आर्थिक शक्ति को और सुदृढ़ बनाएगा।

## सुखेन्द्र प्रसाद यादव की मूर्ति को जमींदोज किए जाने के विरोध में जनाक्रोश रैली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरारू।** रेलवे स्टेशन परिसर में स्थापित कामरेड सुखेन्द्र प्रसाद यादव की मूर्ति को रेल प्रशासन द्वारा जमींदोज कर दिये जाने के विरोध में अखिल हिन्द फॉरवर्ड ब्लॉक क्रांतिकारी, जिला कमिटी, गया के तत्वावधान में सोमवार को गुरारू बाजार में जनाक्रोश रैली निकाली गई। इस रैली में रेल प्रशासन की भर्त्सना करते हुए नेता संतोष गिरी एवं चंद्रशेखर यादव ने रेलवे प्रशासन से पुनः रेलवे स्टेशन परिसर में सुखेन्द्र यादव की प्रतिमा स्थापित करने का मांग किया है। ज्ञात हो कि इसी स्टेशन परिसर में वर्ष 1998 में सुखेन्द्र यादव की हत्या हो गई थी। वही गौरतलब है कि अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन एवं परिसर का विकास किया जा रहा है। इस जनाक्रोश रैली में दर्जनों लोगों ने शिरकत किया।

## टेकारी प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष के पुत्र के निधन पर जताया शोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया जी।** गया जिले के टेकारी प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष नाथून पासवान के पुत्र के असामयिक निधन पर गया जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रजनीश कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल उनके आवास पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। साथ ही अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार को ढांढस बंधाया।

## विशाल प्राइवेट आईटीआई बोधगया में परीक्षाओं और कैंपस चयन को लेकर बैठक आज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बोधगया।** गया-डोभी रोड स्थित विशाल प्राइवेट आईटीआई बोधगया के परिसर में मंगलवार को एक विशेष बैठक का आयोजन किया जाएगा जिसमें आगामी सत्र की परीक्षाओं, जॉब कैंपस सिलेक्शन और नामांकन परामर्श जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। बैठक का नेतृत्व कॉलेज के ट्रस्टी सदस्य आकाश प्रियदर्शी उर्फ ए.पी. और प्राचार्य नागेंद्र कुमार सिंह संयुक्त रूप से करेंगे। कॉलेज के प्रशासन केयरटेकर राजन कुमार सिन्हा ने इस बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान की भविष्य की रणनीतियों को लेकर यह विमर्श काफी अहम है। गौरतलब है कि यह महाविद्यालय गया के प्रसिद्ध समाजसेवी सह व्यवसायी स्वर्गीय बादल सिन्हा के मार्गदर्शन और आदर्शों पर संचालित होता है जिसका उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है।

## सशस्त्र सीमा बल परिसर में राजभाषा हिंदी पर कार्यशाला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

### हिंदी को प्रशासन और जनसंचार की सबसे प्रभावी भाषा बताया गया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**गया।** 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया परिसर में सोमवार को राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यशाला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रक मुख्यालय (विशेष प्रक्षेत्र) एवं 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया के तत्वावधान में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप महानिरीक्षक मानवेन्द्र ने की। कार्यक्रम का संचालन कमांडेंट कुणाल के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष चैता कुमार पंडा तथा सदस्य सचिव दिवाकर कुमार भी मौजूद रहे। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप महानिरीक्षक मानवेन्द्र ने कहा कि हिंदी सरल, सहज और वैज्ञानिक भाषा है जिसकी देवनागरी लिपि स्पष्ट और उच्चारण आधारित है। उन्होंने कहा कि हिंदी आज देश में सबसे अधिक बोली और समझी जाने वाली भाषा बन चुकी है तथा प्रशासन, शिक्षा, मीडिया, साहित्य, सिनेमा और संचार का प्रमुख माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान हिंदी राजभाषा पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें पंजाब नैशनल बैंक, केनरा बैंक, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, भारतीय प्रबंध संस्थान, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, क्षेत्रक मुख्यालय तथा 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दिनेश कुमार, रविशंकर कुमार, अजय कुमार वाजपेयी सहित विभिन्न संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी, क्षेत्रक मुख्यालय एवं 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी और बलकर्मी उपस्थित रहे।

# बिहार के किसानों के लिए शुरू होगा फार्मर रजिस्ट्री अभियान

## 12 मई से 30 जून तक मिशन मोड में चलाया जाएगा अभियान : कृषि मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार सरकार के कृषि तथा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के साझा प्रयासों से राज्य में किसानों की डिजिटल पहचान सुनिश्चित करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री का विशेष अभियान शुरू होगा। राज्य के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने इस पहल की घोषणा करते हुए बताया कि यह अभियान 12 मई 2026 से 30 जून 2026 तक विशेष रूप से चलाया जाएगा। इस अभियान की शुरूआत मीठापुर के कृषि भवन के सभागार से पटना जिला के फुलवारीशरीफ प्रखण्ड के किसानों का फार्मर आईडी बनाने के साथ होगी। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग एवं कृषि विभाग के सहयोग से जनवरी माह में 6 जनवरी से 11 जनवरी के बीच प्रथम मिशन मोड में 10 लाख 14 हजार 981 किसानों का फार्मर आईडी बनाया गया, दूसरे चरण में 17 जनवरी से 21 जनवरी के बीच 7 लाख 15 हजार 96 फार्मर आईडी तैयार किया गया। फरवरी माह में 02 फरवरी से 11 फरवरी के बीच तीसरे मिशन मोड में 10 लाख 37 हजार 283 फार्मर आईडी तैयार किया गया। इस प्रकार कुल 27 लाख 67 हजार 360 किसानों का फार्मर आईडी तैयार किया गया। राज्य के 47 लाख 85 हजार 878 किसानों का फार्मर आईडी अभी तक तैयार किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि बिहार के किसानों को तकनीक से जोड़ने और सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता लाने के लिए यह एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने कहा फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से हम प्रत्येक किसान को एक विशिष्ट फार्मर आईडी प्रदान कर रहे हैं। इससे न केवल पीएम-किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित होगा, बल्कि फसल बीमा, केसीसी और सहायता अनुदान प्राप्त करने की प्रक्रिया भी बेहद सरल हो जाएगी। श्री सिन्हा ने कहा कि पंजीकरण के लिए किसानों को मात्र अपना आधार कार्ड, मोबाइल नंबर और स्वयं के नाम से दर्ज जमाबंदी की जानकारी देनी होगी। किसान स्वयं बिहार फार्मर रजिस्ट्री पोर्टल पर जाकर या क्यूआर कोड स्कैन करके अपना पंजीकरण कर सकते हैं। इसके अलावा, नजदीकी सीएससी (सामान्य सेवा केंद्र) या पंचायत के कृषि समन्वयक/किसान सलाहकार से संपर्क कर भी पंजीकरण कराया जा सकता है।

## मृतकों के परिजनों से मिले विधायक

**कोंच।** टिकारी विधानसभा क्षेत्र के राजद विधायक अजय कुमार दांगी ने रविवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंचकर हादसों में मृतक के परिजनों से मुलाकात की तथा उन्हें सांत्वना दी। जानकारी के अनुसार विधायक परसावां पंचायत अंतर्गत रूपसपुर (सतबहिनी) गांव पहुंचे जहां 11 हजार वोल्ट विद्युत तार की चपेट में आने से मृत हुए संतोष कुमार के परिजनों से मुलाकात की।

## शपथ पत्र

मैं चतुरानन्द राम उर्फ चतुरी राम उम्र 42 वर्ष पिता-राम नगीना राम उर्फ नगीना राम निवासी ग्राम-देवरिया पो.- पहलेजा थाना- अकौढी गोला जिला - रोहतास बिहार के स्थाई निवासी हूं। शपथपूर्वक बयान करता हूं कि उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं। भारत सरकार द्वारा निर्गत आधार कार्ड में नाम चतुरानन्द राम पिता राम नगीना राम तथा आधार नं.- 6828 9025 3535 दर्ज है। भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा डिहरी में एक पॉलिसी में नाम चतुरी राम पिता नगीना राम तथा पॉलिसी नं.- 515312956 दर्ज है। कैनरा बैंक शाखा डिहरी में बचत खाता में नाम चतुरानन्द राम पिता राम नगीना राम तथा खाता संख्या- 4875 101000637 दर्ज है। 519095640, 519095641, 515290859

मैं चतुरानन्द राम उर्फ चतुरी राम पिता राम नगीना राम उर्फ नगीना राम दोनों नामों से जाने वो पहचाने जाते हैं। मैं चतुरानन्द राम उर्फ चतुरी राम पिता राम नगीना राम उर्फ नगीना राम दोनों नामों के वास्ते शपथ पत्र दाखिल कर रहा हूं।

मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 8335 दिनांक 11.05.26

शपथकर्ता
चतुरानन्द राम उर्फ चतुरी राम

## घोराघाट जाने वाली पुल की रेलिंग जर्जर, हादसे की आशंका



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गया जी।** हरद्वान से घोराघाट जाने वाली सड़क पर स्थित पुल की रेलिंग जर्जर अवस्था में पहुंच गई है। पुल के किनारे की रेलिंग कई जगहों से टूट चुकी है और लोहे की सरिया बाहर निकल आई है जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। लगभग दस वर्ष पहले ही बना था पुल उसके बावजूद भी इतने कम समय में पुल की रेलिंग टूट कर गिर गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से प्रतिदिन बाइक, साइकिल, चारपहिया वाहन समेत बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है। पुल की स्थिति खराब होने के कारण खासकर रात के समय दुर्घटना का खतरा अधिक बना रहता है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से पुल की रेलिंग की जल्द मरम्मत कराने की मांग की है।

## शिक्षक के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** टिकारी नगर क्षेत्र के छावनी स्थित आदर्श मध्य विद्यालय के शिक्षक पर छात्रा से अश्लील चैट, यौन शोषण के लिए दवाब बनाने व मना करने पर जान मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। छात्रा व शिक्षक दोनों अलग- अलग समुदाय से है। मामले को लेकर छात्रा की दादी के लिखित शिकायत पर सोमवार को टिकारी थाना में शिक्षक के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार आरोपी शिक्षक सद्दाम हुसैन विद्यालय में अध्ययनरत रही एक छात्रा को काफी समय से मानसिक रूप से परेशान कर रहा था। शिक्षक पर आरोप लगाया गया है कि शिक्षक ने छात्रा के मोबाइल पर कई आपत्तिजनक और अश्लील मैसेज भेजे।

## कलश यात्रा के साथ शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मानपुर (गया जी)।** शहरी क्षेत्र के कुर्मी टोला स्थित देवी स्थान के समीप शहीद ईश्वर चौधरी हॉल्ट के समीप नवनिर्मित शिव मंदिर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में पांच सौ से अधिक महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा में श्रद्धालु गाजे-बाजे और मंत्रोच्चारण के बीच माथे पर कलश लेकर यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा कुर्मी टोला से निकलकर मानपुर बाजार, कलाली रोड होते हुए सूर्य पोखरा पहुंची जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जल भरकर श्रद्धालु पुनः यज्ञ स्थल लौटे। पूरे मार्ग में भक्तिमय माहौल बना रहा है। 11 को वेदी पूजन,12 पंडित पूजा है। 13 को शिव प्राण प्रतिष्ठा है। 14 को भंडारा होगा। ग्रामीण तीन वर्ष से शिव भगवान कि मूर्ति के लिए लगे थे। कमेटी के सदस्य विकास कुमार राव ने बताया कि पंडित जी के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश जल यात्रा प्रारंभ हुआ। इसके बाद मंडप प्रवेश हुआ है। सोमवार को भूमि पूजन और मंडप पूजन किया गया है। आज मंगलवार 12 को सभी तरह के पूजा किया जाएगा। 13 मई को भगवान शंकर सह परिवार कि प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। 14 को भव्य भंडारा होगा। इस मौके पर संतोषी पांडे ने बताया कि कोलकाता से चलकर आए पुजारी विपुल कुमार पांडेय इस शिव प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आए हैं। सशक्त स्थायी समिति सदस्य सह वार्ड पार्षद मनोज कुमार ने कहा कि कलश यात्रा 751 कलश देवी स्थान सुर्पोखर से जल लाकर शिव प्राण प्रतिष्ठा समारोह चलेगा। वार्ड सं-51 के पार्षद मनोज कुमार ने कहा कि यज्ञ से जनकल्याण होता है और वातावरण शुद्ध होता है।


## पूर्व रेलवे

**खुली निविदा सूचना सं.: 11–एसडीएसटीई–एएसएन–2026–27, दिनांक 08.05.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** आसनसोल मंडल–ओईएम/ओईएम के अधिकृत डीलर द्वारा दो वर्षों के लिए वेस्ट एम्प्टी यार्ड केबिन/अंडाल, ईस्ट रिसीविंग केबिन/आसनसोल, अप रिसीविंग केबिन/ आसनसोल, अंडाल स्टेशन पर सीमेंस प्रस्तुकारक मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर (एमएसडीएसी) का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी)। **निविदा मूल्य:** रु. 1,66,27,204.80, **बयाना राशि:** रु. 3,32,600/–, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 24 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 02.06.2026 को 15.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** http://www. ireps.gov.in/

ASN-64/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

संपादकीय

# सियासत का नया व्याकरण लिखता जनादेश 2026

2026 के पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में केवल सत्ता परिवर्तन या सत्ता वापसी की घटना मात्र नहीं हैं बल्कि ये देश की राजनैतिक दिशा और मतदाता के बदलते मनोविज्ञान का एक ऐसा विस्तृत दस्तावेज हैं, जिसने भविष्य की राजनीति के लिए नए प्रतिमान स्थापित कर दिए हैं। इन परिणामों ने स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय मतदाता अब केवल भावनात्मक नारों या पारंपरिक वोट बैंक के गणित में उलझने वाला नहीं है बल्कि वह शासन की जवाबदेही, नेतृत्व की विश्वसनीयता और विकास के ठोस धरातल पर अपना निर्णय सुना रहा है। पूर्वोत्तर की पहाड़ियों से लेकर दक्षिण के तटीय मैदानों तक फैली इस राजनैतिक हलचल का यदि सूक्ष्म विश्लेषण किया जाए तो यह साफ दिखाई देता है कि 'भगवा' राजनीति का पूर्वी विस्तार अब अपने चरम पर है जबकि दक्षिण में क्षेत्रीय अस्मिता और नए राजनैतिक विजन के बीच एक दिलचस्प संघर्ष छिड़ गया है। ये चुनाव परिणाम उन तमाम राजनैतिक पंडितों के लिए एक सबक हैं, जो केवल पुराने आंकड़ों के आधार पर भविष्यवाणियां करते थे क्योंकि इस बार मतदाताओं ने एक ऐसी 'परिवर्तन की आंधी' का सूत्रपात किया है, जिसने कई दिग्गजों के राजनैतिक भविष्य पर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं।

पश्चिम बंगाल की राजनीति में आए 'महाभूकंप' को देखे बिना 2026 के इस जनादेश की व्याख्या अधूरी है। लगभग डेढ़ दशक से राज्य की सत्ता पर काबिज तृणमूल कांग्रेस का ढहना और भाजपा का 150 सीटों के पार जाना यह दर्शाता है कि बंगाल की जनता 'सिंडिकेट राज' और 'कट मनी' की संस्कृति से ऊब चुकी थी। बंगाल का यह परिणाम केवल एक चुनावी जीत नहीं बल्कि एक वैचारिक क्रांति है, जहां मतदाताओं ने 'बंगाली अस्मिता' के साथ 'राष्ट्रीय विकास' के समन्वय को स्वीकार किया है। संदेशखाली जैसी घटनाओं ने शासन के प्रति जो आक्रोश पैदा किया था, वह ईवीएम के माध्यम से ज्वालामुखी की तरह फटा। भाजपा ने यहां जिस प्रकार से हिंदू मतों का ध्रुवीकरण किया और साथ ही मतुआ एवं राजवंशी समुदायों को अपने पक्ष में संगठित किया, उसने टीएमसी के अभेद्य दुर्ग की ईंट से ईंट बजा दी। ग्रामीण बंगाल में 'प्रधानमंत्री आवास योजना' और 'जल जीवन मिशन' जैसी केंद्रीय योजनाओं ने एक नया 'लाभार्थी वर्ग' तैयार किया, जिसने प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण की पारदर्शिता को राज्य सरकार की भ्रष्टाचार युक्त मशीनरी से बेहतर पाया। यह चुनाव परिणाम ममता बनर्जी के उस करिश्मे के अंत का भी संकेत है, जो कभी अपराजेय माना जाता था और अब बंगाल की राजनीति एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां सुशासन और कानून-व्यवस्था ही सत्ता की एकमात्र कसौटी रह गई है।

असम की ओर रुख करें तो यहां की स्थिति बंगाल से बिल्कुल भिन्न लेकिन उतनी ही प्रभावशाली है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में भाजपा की 'हैट्रिक' ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब विकास को सांस्कृतिक अस्मिता के साथ जोड़ दिया जाता है तो वह एक अजेय फॉर्मूला बन जाता है। असम में भाजपा की जीत केवल सत्ता की निरंतरता नहीं है बल्कि यह उस विश्वास की पुष्टि है, जो जनता ने सरमा के प्रभावी और साहसी नेतृत्व में दिखाया है। निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन ने राजनैतिक भूगोल को इस तरह बदला कि घुसपैठ और बाहरी प्रभाव की राजनीति हाशिए पर चली गई और 'असमिया राष्ट्रवाद' का नया स्वरूप उभरकर सामने आया। 'ओरुनोडोई' जैसी योजनाओं ने महिला मतदाताओं के बीच भाजपा को एक ऐसे रक्षक के रूप में स्थापित कर दिया है, जिसके पास उनके दैनिक जीवन की समस्याओं का ठोस समाधान है। असम का जनादेश संदेश देता है कि यदि नेतृत्व के पास विजन हो और वह जमीनी मुद्दों पर आक्रामक तरीके से कार्य करे तो जनता उसे फिर सेवा का अवसर प्रदान करती है। यहां विपक्ष की बिखरी हुई ताकत और कांग्रेस की वैचारिक शून्यता ने भाजपा की राह को और भी आसान बना दिया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि पूर्वोत्तर में भाजपा अब एक विकल्प नहीं बल्कि एक स्थायी शक्ति बन चुकी है।

# ऊर्जा संकट में सरकार बनी ढाल

**कई देशों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें इतिहास के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं, पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लगीं, महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी और सरकारें अपने नागरिकों के गुस्से का सामना करने को मजबूर हो गईं। लेकिन इसी उथल-पुथल के बीच आज युद्ध के लगभग 11 सप्ताह बीतने पर भी भारत में जीवन की सामान्य गति बनी रही, करोड़ों परिवारों के चूल्हे जलते रहे, गाड़ियां चलती रहीं। यह अपने आप नहीं हुआ। इसके पीछे एक ऐसी नीति, ऐसी तैयारी और ऐसी संवेदनशील सोच थी जिसने वैश्विक तूफान के सामने भारत के नागरिकों को ढाल बनकर संरक्षण दिया। जब दुनिया ऊर्जा संकट की आग में झुलस रही थी, तब मोदी सरकार एक संरक्षक की तरह अपने नागरिकों के साथ खड़ी रही। जैसे द्वापर में भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों को बचाया था, वैसे ही इस कठिन समय में सरकार ने बढ़ती वैश्विक कीमतों और आर्थिक दबाव का बड़ा हिस्सा स्वयं अपने ऊपर उठाया, ताकि उसका बोझ सीधे जनता की थाली, रसोई और जेब तक न पहुंचे।**



- **होर्मुज मार्ग बंद होने से दुनिया झुलस रही है ऊर्जा संकट की आग से।**
- **मोदी सरकार ने सूझबूझ से जनता पर नहीं आने दी इस संकट की आंच, खुद उठाया बोझ।**
- **भारत में सामान्य रूप से होते रहे सभी कार्य।**
- **जनता को भी देना होगा धैर्य के साथ देश का साथ।**

वैश्विक युद्ध और होर्मुज संकट का असर आज पूरी दुनिया महसूस कर रही है। युद्ध की लपटें केवल सीमाओं तक सीमित नहीं हैं, उनका असर हर घर की रसोई, हर वाहन के पहिए और हर परिवार के बजट तक पहुंच चुका है। कई देशों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें इतिहास के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं, पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लगीं, महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी और सरकारें अपने नागरिकों के गुस्से का सामना करने को मजबूर हो गईं।

लेकिन इसी उथल-पुथल के बीच आज युद्ध के लगभग 11 सप्ताह बीतने पर भी भारत में जीवन की सामान्य गति बनी रही, करोड़ों परिवारों के चूल्हे जलते रहे, गाड़ियां चलती रहीं। यह अपने आप नहीं हुआ। इसके पीछे एक ऐसी नीति, ऐसी तैयारी और ऐसी संवेदनशील सोच थी जिसने वैश्विक तूफान के सामने भारत के नागरिकों को ढाल बनकर संरक्षण दिया। जब दुनिया ऊर्जा संकट की आग में झुलस रही थी, तब मोदी सरकार एक संरक्षक की तरह अपने नागरिकों के साथ खड़ी रही। जैसे द्वापर में भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों को बचाया था, वैसे ही इस कठिन समय में सरकार ने बढ़ती वैश्विक कीमतों और आर्थिक दबाव का बड़ा हिस्सा स्वयं अपने ऊपर उठाया, ताकि उसका बोझ सीधे जनता की थाली, रसोई और जेब तक न पहुंचे।

यही कारण है कि आज यह संकट केवल आर्थिक प्रबंधन की कहानी नहीं, बल्कि संवेदनशील शासन, दूरदर्शी नेतृत्व और नागरिकों के प्रति उत्तरदायित्व की मिसाल बन चुका है। दुनिया भर में बढ़ती कीमतों का बोझ सीधे जनता पर डाल देना सबसे आसान रास्ता था और कई देशों ने ऐसा ही किया, लेकिन भारत ने यह रास्ता नहीं चुना। मोदी सरकार ने स्वयं भारी आर्थिक दबाव सहा ताकि आम आदमी की रसोई और रोजमर्रा की जिंदगी पर कम से कम असर पड़े। सरकार ने लगभग पेट्रोल पर 24 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल पर 30 रुपये प्रति लीटर का भार वहन किया। 28 फरवरी के बाद से वैश्विक स्तर पर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में जबरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की गई। यूरोप और एशिया के कई देशों में पेट्रोल 30 से लेकर 35 प्रतिशत तक महंगा हुआ, जबकि भारत में कोई बदलाव नहीं किया गया। हांगकांग में आज पेट्रोल सबसे महंगा है। वहाँ एक लीटर की कीमत लगभग 295 रुपये पहुंच गई है, जो 28 फरवरी के बाद 25 प्रतिशत बढ़ी है। सिंगापुर में दाम 30 प्रतिशत बढ़कर करीब 240 रुपये प्रति लीटर हो गया है। नीदरलैंड में पेट्रोल 225 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है, जो 28 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। युद्धग्रस्त इजराइल में पेट्रोल 30 प्रतिशत महंगा होकर 185 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। वहीं भारत में अब भी पेट्रोल की कीमत 95 रुपये प्रति लीटर है।

प्रतिदिन लगभग 1,000 करोड़ का घाटा उठाना कोई साधारण बात नहीं है। अब तक लगभग 68,000 करोड़ का बोझ सरकार और तेल कंपनियों ने अपने ऊपर लिया है। यह आंकड़ा उस संवेदनशील सोच का प्रमाण है जिसमें मोदी सरकार ने पहले नागरिकों की चिंता की और बाद में अपने खजाने की। सोचिए, यदि यही संकट बिना तैयारी के आया होता तो क्या स्थिति होती? रसोई गैस महंगी होती, परिवहन लागत बढ़ती, महंगाई हर घर तक पहुंचती और मध्यम वर्ग से लेकर गरीब तक का बजट डगमगा जाता।

लेकिन साल 2014 में मोदी सरकार के सत्ता में आते ही स्थितियां बदलनी शुरू हुईं। पिछले वर्षों में ऊर्जा सुरक्षा को लेकर जो दूरदर्शी तैयारी की गई, वही आज देश की ढाल बनकर खड़ी है। तेल भंडार तैयार किए गए, एथनॉल ब्लेंडिंग बढ़ाई गई, वैकल्पिक ईंधन नेटवर्क विकसित हुआ और रिफाइनिंग क्षमता का विस्तार शुरू हुआ। वैकल्पिक ईंधन के माध्यम से एलपीजी की मांग को 70 से 75 हजार टन प्रति दिन कम किया गया। यह केवल इसलिए संभव हुआ क्योंकि पीएनजी, मिट्टी का तेल, ईंधन तेल और बायोमास की वैकल्पिक अवसंरचना संकट से पहले से तैयार थी। जापान और दक्षिण कोरिया के बाद भारत ही ऐसा देश है जो 30-दिवसीय एलपीजी भंडार की योजना बना रहा है।

इस युद्ध से उत्पन्न संकट से पता चलता है ये हमारी आज की आवश्यकता है। आज भारत के पास 5.33 मिलियन टन का रणनीतिक तेल भंडार है और दूसरे चरण के तहत चंडीखोल, पादुर और बीकानेर में अतिरिक्त भंडारण क्षमता तैयार की जा रही है। यह केवल परियोजनाएं नहीं हैं, बल्कि भविष्य के संकटों से देशवासियों को सुरक्षित रखने की तैयारी है। एथनॉल मिश्रण की नीति ने भी इस कठिन समय में देश को बड़ी राहत दी। 20 प्रतिशत ब्लेंडिंग के कारण भारत विदेशी मुद्रा की भारी बचत कर पा रहा है। संकट के दौरान वैकल्पिक ईंधन व्यवस्था के जरिए एलपीजी की मांग में प्रतिदिन 70 से 75 हजार टन तक कमी लाई गई। ये कदम बताते हैं कि सरकार ने केवल आज के लिए नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों के लिए भी सुरक्षा का रास्ता तैयार किया है।

युद्ध अब भी जारी है। आने वाले समय में कठिन फैसले लेने पड़ सकते हैं। लेकिन देश को यह नहीं भूलना चाहिए कि जब पूरी दुनिया दबाव में थी, तब भारत सरकार ने अपने नागरिकों को अकेला नहीं छोड़ा। उसने एक अभिभावक की तरह जिम्मेदारी निभाई। सरकारें केवल योजनाओं और घोषणाओं से बड़ी नहीं बनतीं, बल्कि कठिन समय में अपने लोगों के साथ खड़े होने से बड़ी बनती हैं। इस वैश्विक संकट के दौर में भारत ने यही करके दिखाया है। यही कारण है कि आज देश का आम नागरिक सिर्फ राहत महसूस नहीं कर रहा, बल्कि उसके मन में यह भरोसा भी मजबूत हुआ है कि संकट चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, देश उसके साथ खड़ा है। हालांकि यह संकट अभी पूरी तरह टला नहीं है। समय की मांग यह भी है कि देश के नागरिक भी आने वाली चुनौतियों के प्रति सजग, संयमित और तैयार रहें। नागरिकों का कर्त्तव्य है कि ऊर्जा का इस्तेमाल किफायत से करें। वैशिवक संकट के बीच ढाल बनी भारत सरकार का धैर्यपूर्वक साथ दें। (हिफी)

अध्यात्म

## संगति, परिवेश और भाव

एक राजा अपनी प्रजा का भरपूर ख्याल रखता था. राज्य में अचानक चोरी की शिकायतें बहुत आने लगीं. कोशिश करने से भी चोर पकड़ा नहीं गया. हारकर राजा ने ढींढोरा पिटवा दिया कि जो चोरी करते पकडा जाएगा उसे मृत्युदंड दिया जाएगा. सभी स्थानों पर सैनिक तैनात कर दिए गए. घोषणा के बाद तीन-चार दिनों तक चोरी की कोई शिकायत नही आई. उस राज्य में एक चोर था जिसे चोरी के सिवा कोई काम आता ही नहीं था. उसने सोचा मेरा तो काम ही चोरी करना है. मैं अगर ऐसे डरता रहा तो भूखा मर जाउंगा. चोरी करते पकडा गया तो भी मरुंगा, भूखे मरने से बेहतर है चोरी की जाए. वह उस रात को एक घर में चोरी करने घुसा. घर के लोग जाग गए. शोर मचाने लगे तो चोर भागा. पहरे पर तैनात सैनिकों ने उसका पीछा किया. चोर जान बचाने के लिए नगर के बाहर भागा. उसने मुडके देखा तो पाया कि कई सैनिक उसका पीछा कर रहे हैं. उन सबको चमका देकर भाग पाना संभव नहीं होगा. भागने से तो जान नहीं बचने वाली, युक्ति सोचनी होगी. चोर नगर से बाहर एक तालाब किनारे पहुंचा. सारे कपडे उतारकर तालाब मे फेंक दिया और अंधेरे का फायदा उठाकर एक बरगद के पेड के नीचे पहुंचा. बरगद पर बगुलों का वास था. बरगद की जड़ों के पास बगुलों की बीट पड़ी थी. चोर ने बीट उठाकर उसका तिलक लगा लिया ओर आंख मूंदकर ऐसे स्वांग करने बैठा जैसे साधना में लीन हो. खोजते-खोजते थोडी देर मे सैनिक भी वहां पहुंच गए पर उनको चोर कहीं नजर नहीं आ रहा था. खोजते खोजते उजाला हो रहा था ओर उनकी नजर बाबा बने चोर पर पडी. सैनिकों ने पूछा- बाबा इधर किसी को आते देखा है. पर ढोंगी बाबा तो समाधि लगाए बैठा था. वह जानता था कि बोलूंगा तो पकडा जाउंगा सो मौनी बाबा बन गया और समाधि का स्वांग करता रहा.सैनिकों को कुछ शंका तो हुई पर क्या करें. कही सही में कोई संत निकला तो ? आखिरकार उन्होंने छुपकर उसपर नजर रखना जारी रखा. यह बात चोर भांप गया. जान बचाने के लिए वह भी चुपचाप बैठा रहा.एक दिन, दो दिन, तीन दिन बीत गए बाबा बैठा रहा. नगर में चर्चा शुरू हो गई की कोई सिद्ध संत पता नही कितने समय से बिना खाए-पीए समाधि लगाए बैठे हैं. सैनिकों को तो उनके अचानक दर्शन हुए हैं.नगर से लोग उस बाबा के दर्शन को पहुंचने लगे. भक्तों की अच्छी खासी भीड़ जमा होने लगी. राजा तक यह बात पहुंच गई. राजा स्वयं दर्शन करने पहुंचे. राजा ने विनती की आप नगर मे पधारें और हमें सेवा का सौभाग्य दें. चोर ने सोचा बचने का यही मौका है. वह राजकीय अतिथि बनने को तैयार हो गया. सब लोग जयघोष करते हुए नगर में लेजा कर उसकी सेवा सत्कार करने लगे. लोगों का प्रेम और श्रद्धा भाव देखकर ढोंगी का मन परिवर्तित हुआ. उसे आभास हुआ कि यदि नकली में इतना मान-संम्मान है तो सही में संत होने पर कितना सम्मान होगा. उसका मन पूरी तरह परिवर्तित हो गया और चोरी त्यागकर संन्यासी हो गया. संगति, परिवेश और भाव इंसान में अभूतपूर्व बदलाव ला सकता है. रत्नाकर डाकू को गुरू मिल गए तो प्रेरणा मिली और वह आदिकवि हो गए. असंत भी संत बन सकता है, यदि उसे राह दिखाने वाला मिल जाए .

(हिफी फीचर)

**स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद होने से देश की सरकार को हो रहा प्रतिदिन 1000 करोड़ का नुकसान।**

**मोदी सरकार की दूरदर्शिता से सभी घरों में जलते रहे चूल्हे, चलते रहे वाहन।**

**हालात बताते हैं कि बढ़ सकता है ऊर्जा संकट।**

**जनता की समझदारी व सहयोग ही देगा सरकार को इस मुसीबत से लड़ने की ताकत।**

# होर्मुज की तपिश में सरकार की छाँव

घर-परिवार हो या कोई देश आकस्मिक आपदा किसी पर भी कभी भी आ सकती है। विगत दिनों में ईरान और अमेरिका के युद्ध के चलते होर्मुज बंद हो गया, जिसके कारण जहाजों की आवाजाही बंद हो गई। युद्ध के शुरूआती दौर में तो यह लगा था कि तेल और गैस की किल्लत से सभी जगह त्राहि-त्राहि मच जायेगी लेकिन भारत में ऐसा नहीं हुआ। सभी घरों में चूल्हे जलते रहे, वाहन चलते रहे, बच्चों की पढाई सुव्यवस्था के साथ चलती रही। यह सब कुछ तभी संभव हो सका क्योंकि हमारा मुखिया, हमारा संरक्षक जिम्मेदार और दूरदर्शी है।

हमारी सरकार ने कुशल नेतृत्व के साथ इस मुसीबत की घड़ी में अपनी बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए बढ़ती कीमतों के बोझ को अपने तक ही सीमित रखा, जनता को उस तकलीफ से रूबरू ही नहीं होने दिया। जबकि वास्तविकता तो यह है कि हमारी तेल कंपनियों को प्रतिदिन रू. 1000 करोड़ का नुकसान उठाना पड़ रहा है, अर्थात थोड़े में कहें तो हमारी सरकार को इस युद्ध के कारण रू. 68,000 करोड़ का भारी नुकसान हुआ है। इसके अलावा इस युद्ध का बोझ हमारे तेल भंडारों पर भी पड़ रहा है, उनका स्तर निरंतर नीचे गिर रहा है और जिसको बनाये रखने में निवेश की आवश्यकता पड़ रही है। इस सब का असर सरकार के सेंट्रल एक्साइज पर भी पड़ रहा है। यानी तीन अलग-अलग दिशाओं में भारत को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

भारी नुकसान के चलते निरंतर गिरती अर्थव्यवस्था को समय रहते सुधारना ही होगा और इसके लिए सरकार के साथ प्रत्येक नागरिक का भी दायित्व है कि वो अपनी भागीदारी समझे। ऐसे कठिन समय में जब आर्थिक मार हर घर, हर व्यक्ति तक पहुँच गई हो, गाड़ियां खड़े होने के कगार पर हों, किसी भी सरकार के लिए बहुत आसान रास्ता था इस आर्थिक बोझ को जनता के ऊपर डालकर अलग हो जाना। लेकिन हमारी संवेदनशील सरकार ने अपनी सूझ बूझ से न केवल जनता को राहत दी बल्कि अपनी नीतिगत कुशलता से जनता को ऐसा छत्र दिया जिससे जनता का सामान्य जीवन अस्त व्यस्त होने से बच गया।



युद्ध न रुकने से जहाँ वैश्विक ऊर्जा संकट निरंतर बढ़ता ही जा रहा है वहीं होर्मुज का रास्ता साफ होने के भी कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि भविष्य में युद्ध विराम हो भी गया तो स्थिति को संभलने में कम से कम चार महीने लग जाएंगे, जिसके चलते अधिक समय तक तेल और गैस के दाम उच्च स्तर पर बने रह सकते हैं। परन्तु युद्ध के इस ग्यारहवें सप्ताह में सरकार द्वारा अपनाएं वर्तमान मॉडल को यदि और आगे खींचा गया तो इसके प्रतिकूल प्रभाव हमारी अर्थयवस्था पर पडने लगेंगे।

इन परिस्थितियों में हमारे सामने तीन चुनौतियां हैं- पहली चुनौती तेल भंडार से जुड़ी है। भारत का तेल भंडार आज 5.33 मिलियन टन पर है, जो लगभग दो सप्ताह की आवश्यकता पूरी कर सकता है। आईईए मानक नब्बे दिनों का है। चंडीखोल, पादुर और बीकानेर में 6.5 मिलियन टन का दूसरा चरण निर्माणाधीन है, और इसे त्वरित समय-सीमा पर पूरा करना होगा। साथ ही, जापान और दक्षिण कोरिया के बाद भारत ही ऐसा देश है जो 30-दिवसीय एलपीजी भंडार की योजना बना रहा है। इस युद्ध से उत्पन्न संकट से पता चलता है ये हमारी आज की आवश्यकता है। दूसरी चुनौती रिफाइनिंग और घरेलू उत्पादन की है। हमें अपनी रिफाइनिंग क्षमता को बढ़ाना होगा। इसके लिए पहले ही कदम उठाये जा चुके हैं। नुमालीगढ़, जहाँ रु. 34,000 करोड़ की लागत से 3 से 9 एमएमटीपीए तक का विस्तार हो रहा है, उसे समय से पहले परिचालन में लाना होगा। बाड़मेर का संयंत्र अब परिचालन में है। पश्चिमी तट के एकीकृत संयंत्र विभिन्न चरणों में हैं। साथ ही घरेलू कच्चे तेल का उत्पादन, जो आज मांग का मात्र 12 प्रतिशत पूरा करता है, उसको बढ़ाना होगा।

तीसरी चुनौती इथनॉल ब्लेंडिंग की है, आज बीस प्रतिशत ब्लेंडिंग करके देश 1.5 लाख करोड़ से अधिक की विदेशी मुद्रा बना पा रहा है। इस कठिन समय में वैकल्पिक ईंधन के माध्यम से एल पीजी की मांग को 70 से 75 हजार टन प्रतिदिन कम किया जा रहा है। आर्थिक नीतियों के जानकारों का कहना है कि यह केवल इसलिए संभव हुआ क्योंकि पीएनजी, मिट्टी का तेल, ईंधन तेल और बायो गैस की वैकल्पिक संरचना संकट आने से पहले ही तैयार कर ली गई थी।

जो विशेषज्ञ इस दिशा में लगातार शोध कार्य कर रहे हैं उनका मानना है कि आज की तुलना में आने वाला समय और भी कठिन होगा, तब हमें इस संकट के समय जो हमने व्यय किया उससे उबरना भी होगा और ऐसी योजनाएं जो भविष्य में हमें मजबूती दे सकें उन योजनाओं में निवेश भी करना होगा।

विश्व के इस संकट के समय में जब लगभग सभी देशों में पेट्रोल की कीमतें बढ़ा दी गयीं, श्रीलंका, पाकिस्तान में चार दिवसीय कार्य सप्ताह कर दिया गया, फिलीपींस में राष्ट्रीय ऊर्जा आपातकाल लगा दिया गया, भारत में जनजीवन सामान्य बना रहा। न तो भारत में कोई ईंधन राशनिंग हुई न वर्क फ्राम होम हुआ, न ही स्कूल बंद हुए, न ईंधन संकट हुआ और सबसे महत्वपूर्ण बात पेट्रोल के दाम भी नहीं बढ़े। इसे कर दिखाना इतना आसान तो नहीं था पर हमारे प्रधान मंत्री के कुशल नेतृत्व में वर्तमान सरकार ने शिव की भाँति युद्ध से उपजे समस्त गरल को स्वयं ही पी लिया।

हमारे नागरिकों को भी यह समझना होगा कि यह सुखद स्थिति हर समय नहीं बनी रहेगी, बदलते समय और परिस्थितियों के साथ हमें अपनी कार्य प्रणाली को भी तेजी से बदलना होगा। जनता का सहयोग और समझदारी ही वह कुंजी है जो हमें आने वाली मुसीबतों से लड़ने की, जूझने की और जीतने की ताकत देगी। हमें अपनी सरकार के प्रति कृतज्ञ बने रहते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन भी सच्चे और मजबूत इरादों के साथ ही करना होगा। धूप से बचने के लिए जिस तरह पेड़-पौधों का होना जरूरी है, उसी तरह इस ऊर्जा संकट की तपिश से बचने के लिए हमें भी अपना योगदान देना होगा। (हिफी)

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज दिल और किस्मत दोनों आपका साथ देने वाले हैं। प्रेम जीवन में मिठास बढ़ेगी और पार्टनर के साथ बॉन्डिंग पहले से मजबूत होगी।

**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए अच्छा है, बस एक छोटी सी सावधानी जल्दबाजी से बचें, वरना चोट लग सकती है। वाहन संभलकर चलाएं।

**मिथुन**
आज सेहत को हल्के में लेना भारी पड़ सकता है। कोई पुरानी परेशानी फिर से सिर उठा सकती है। खर्चों पर कंट्रोल रखना जरूरी है।

**कर्क**
आज का दिन आपको सिखाएगा कि जीत सिर्फ ताकत से नहीं, समझदारी से मिलती है। आप अपने विरोधियों पर भारी पड़ सकते हैं।

**सिंह**
आज मन थोड़ा भारी रह सकता है। तनाव महसूस होगा। बच्चों की सेहत को नजरअंदाज न करें। किसी काम में रिस्क लेना आज नुकसान दे सकता है।

**कन्या**
मन में नकारात्मक विचारों को जगह न दें। घर-परिवार में सुधार और साज-सज्जा पर ध्यान देंगे। परिवार में किसी शादी से जुड़ी रुकावट दूर हो सकती है।

**तुला**
आपकी मेहनत रंग लाएगी और सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेने का मौका मिलेगा। किसी सहयोगी की बात दिल को चुभ सकती है, लेकिन उसे दिल पर न लें।

**वृश्चिक**
संतान के करियर को लेकर आप कोई बड़ा कदम उठा सकते हैं या यात्रा पर जा सकते हैं। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा, पेट से जुड़ी परेशानी हो सकती है।

**धनु**
आज मन में बेचैनी रह सकती है और सेहत भी थोड़ा कमजोर रह सकता है। बिजनेस डील को लेकर चिंता बनी रहेगी। मां से किया हुआ वादा निभाना जरूरी है, वरना मन में अपराधबोध रहेगा।

**मकर**
आज खर्चे आपकी जेब पर भारी पड़ सकते हैं।और अगर लापरवाही की तो बचत भी कम हो सकती है। भाई-बहनों के साथ प्रॉपर्टी को लेकर विवाद बढ़ सकता है, जो कानूनी रूप ले सकता है।

**कुंभ**
आज का दिन सामान्य रहेगा, लेकिन आपके अंदर ऊर्जा भरपूर रहेगी। आप लंबी यात्रा की योजना बना सकते हैं।

**मीन**
आज आपको कानूनी मामलों में खास ध्यान देने की जरूरत है। बिजनेस में थोड़ा उतार-चढ़ाव रहेगा, पुराने निवेश, खासकर शेयर मार्केट से लाभ मिल सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### किशोरी ने फांसी लगाने का प्रयास किया

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के सदर बाजार की एक बच्ची ने पारिवारिक कलह से तंग आकर खुद को फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास की लेकिन परिजनों ने देख लिया और जल्दबाजी में उसे बाढ़ अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया जहां बच्ची की हालत खराब थी परिजन कुछ देर बाद बेहतर इलाज के लिए प्राइवेट नर्सिंग होम ले गए मामले पर पुलिस अनभिज्ञ है।

### पदाधिकारी ने लिया अस्पताल व्यवस्था का जायजा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में नए मंत्रिमंडल के गठन के बाद निशांत कुमार के स्वास्थ्य मंत्री बनते ही स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त करने का सिलसिला शुरू हो गया है। सोमवार की दोपहर पटना की स्वास्थ्य विभाग की टीम डीआर पियूष रंजन के नेतृत्व में बार अनुमंडलीय अस्पताल के सपोर्टिंग सुपरविजन किया अधिकारी ने बताया कि बाढ़ अनुमंडल अस्पताल में 70 प्रकार के जांच की व्यवस्था कर दी गई है लेकिन अस्पताल में मरीजों की संख्या अधिक होने के चलते काफी भीड़ भार देखी गई है। इसे नियंत्रित करने के लिए और भी बेहतर कदम उठाए जाएंगे निरीक्षण पदाधिकारी ने करीब 1 घंटे तक अस्पताल का जायजा लिया और हर विभाग के कर्मियों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान अस्पताल उपाधीक्षक डॉक्टर विनय कुमार साथ दिखे।

### स्नातक परीक्षा केंद्र बहाल करने को लेकर चलाया अभियान

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार को समीपवर्ती हिलसा शहर के एस यू कॉलेज के कैंपस में छात्र जदयू ने सदस्यता अभियान चलाया है जिसकी अध्यक्षता पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय नालंदा भाग के छात्र जदयू अध्यक्ष आशीष कुमार पटेल एवं संचालन रिशु पटेल ने किया। छात्र नेताओं ने बताया कि विगत वर्षों से हिलसा शहर के एसयू कॉलेज का स्नातक का परीक्षा केंद्र शहर



के सरदार पटेल कॉलेज एवं सरदार पटेल कॉलेज का परीक्षा केंद्र शहर के एस यू कॉलेज में हुआ करता था. इस बार स्नातक सेमेस्टर 6 परीक्षा से शहर के एस यू कॉलेज का परीक्षा केंद्र बिहार शरीफ कर दिया गया है जो कि करीब 35 किलोमीटर हिलसा से दूर है, हालांकि सरदार पटेल कॉलेज का स्नातक का परीक्षा एसयू कॉलेज में संचालित हो रही है. हस्ताक्षर अभियान में बड़ी संख्या में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है, छात्र नेताओं ने कहा कि परीक्षा केंद्र दूर होने से शारीरिक एवं मानसिक परेशानी के साथ अधिक खर्च भी बढ़ गया है. मौके पर छात्र जदयू के प्रदेश महासचिव धर्मपाल कुमार. कॉलेज अध्यक्ष राकेश कुमार, पंकज यादव, अंकेश रंजन, घंटी कुमार दिवाकर कुमार आनंद कुमार, आशीष कुमार समेत छात्र नेता शामिल थे।

### देसी शराब के साथ रिक्शा चालक गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान सोमवार को पीपर पुलिस ने भ्रम चकिया के तरफ से ई-रिक्शा पर बोरी में बंद कर ले जा रहे देसी शराब के साथ रिक्शा चालक को धर दबोचा है



गिरफ्तार रिक्शा चालक का नाम नीतीश कुमार पे0 सुलेंदर चौरसिया ग्राम अन्यापर थाना काशीचक जिला नवादा है,जिसके साथ करीब 150 लीटर देसी शराब बरामद की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि बेहरावां चकिया की तरफ से लगातार देसी शराब डिलीवरी करने की सूचना मिल रही थी कई लोग पटना से आकर यहां से शराब की सप्लाई कर रहे थे, ऐसे में गुप्त सूचना के आधार पर मिली जानकारी के अनुसार जांच पड़ताल के दौरान ई-रिक्शा में बोरे में बंद कर देसी शराब ले जाने की सूचना मिली थी,जिसे शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है।

### 9 दिन में 1300 घरों की गणना पूरी

169 प्रगणक और 28 सुपरवाइजर जुटे जनगणना कार्य में, घर-घर जाकर जुटा रहे आंकड़े

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चल रही जनगणना के तहत मसौढ़ी नगर परिषद क्षेत्र में मकान सूचीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। नगर परिषद क्षेत्र मे हो रहे जनगणना कार्य की मॉनिटरिंग कर रहे रवि रंजन ने बताया की पिछले 9 दिनों में तकरीबन 1300 घरों को 'टेक-अप' कर लिया गया है। जनगणना के पहले चरण में मकान सूचीकरण व मकानों की नंबरिंग का काम किया जा रहा है। इसके लिए मसौढ़ी नगर परिषद के 34 वार्डों में कुल 169 प्रगणक और 28 सुपरवाइजर लगाए गए हैं। सभी



प्रगणकों को टैबलेट दिए गए हैं, जिससे डिजिटल तरीके से डेटा अपलोड किया जा रहा है।प्रगणक घर-घर जाकर मकान का प्रकार, मकान में रहने वाले परिवारों की संख्या, पेयजल का स्रोत, शौचालय की सुविधा, बिजली, रसोई गैस, इंटरनेट कनेक्शन, वाहन और बैंक खाता जैसी 30 से अधिक बिंदुओं पर जानकारी जुटा रहे हैं। ईओ राजीव रंजन ने बताया, मकान सूचीकरण 31 मई तक पूरा करना है। सभी प्रगणक सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक फील्ड में हैं। नागरिकों से अपील है कि प्रगणकों को सही जानकारी दें। यह डेटा सरकार की योजनाओं का आधार बनेगा। पहचान के लिए सभी प्रगणकों के पास आई-कार्ड है। नगर परिषद में कंट्रोल रूम बनाया गया है जहां से रोजाना की प्रगति की मॉनिटरिंग हो रही है। सुपरवाइजर हर दिन शाम को प्रगणकों से फीडबैक लेकर रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। जिन घरों में ताला बंद मिल रहा है, वहां नोटिस चिपकाकर दोबारा विजिट की जा रही है।

### स्टंट कर रहे 5 युवक हिरासत में

मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर कर रहे थे हंगामा

**मसौढी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन थाना क्षेत्र में सड़कों पर स्टंटबाजी कर दहशत फैलाने वाले बाइकर्स पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। सोमवार को पुलिस ने छापेमारी कर तीन मॉडिफाइड बाइक के साथ 5 युवकों को हिरासत में लिया है। सभी युवक तेज आवाज वाले साइलेंसर लगाकर स्टंट कर रहे थे। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि पिछले कई दिनों से फोरलेन पर कुछ युवकों द्वारा बाइक से स्टंट करने की शिकायत मिल रही थी। इसके अलावा सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें युवक बाइक के अगले पहिये को उठाकर और तेज आवाज में साइलेंसर बजाकर स्टंट करते दिख रहे थे। सूचना पर पुनपुन बाजार के पास घेराबंदी की। पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहे 5 युवकों को तीन बाइक के साथ पकड़ लिया गया।





सभी बाइक को मॉडिफाई किया गया था। साइलेंसर बदले गए थे और नंबर प्लेट भी आधी मिटाई हुई मिली।थानाध्यक्ष ने बताया कि हिरासत में लिए गए सभी युवक 18 से 22 साल के बीच के हैं और पुनपुन थाना क्षेत्र के ही रहने वाले हैं। पूछताछ में उन्होंने बताया कि यूट्यूब पर वीडियो डालने और दोस्तों के बीच धाक जमाने के लिए स्टंट करते थे। बाइक में 5 से 7 हजार रुपये खर्च कर मॉडिफिकेशन कराया था।पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत लापरवाही से वाहन चलाने, बिना नंबर प्लेट, प्रेशर हॉर्न और मॉडिफिकेशन के आरोप में तीनों बाइक का चालान काटा है थानाध्यक्ष बेबी ने कहा, सड़क स्टंट का मैदान नहीं है। इससे खुद की जान के साथ दूसरों की जान भी खतरे में पड़ती है। अभिभावक अपने बच्चों पर नजर रखें। आगे भी ऐसे स्टंटबाजों पर कार्रवाई जारी रहेगी। आम लोग 112 पर सूचना दे सकते हैं।

# अवैध मिट्टी कटाई को लेकर पुलिस और खनन विभाग की बड़ी कार्रवाई

**जेसीबी जप्त प्राथमिकी दर्ज करते हुए 70 लाख रुपया का जुर्माना लगाया गया**

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के बेलछी प्रखंड के गदनपुर खंदा में अवैध तरीके से जेसीबी और दर्जनों ट्रैक्टर के माध्यम से मिट्टी की कटाई कर कारोबार कर रहे कारोबारी पर पुलिस और खनन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छापेमारी के दौरान अवैध खनन में लगे जेसीबी मशीन को जप्त कर लिया गया वहीं पुलिस को आता देखकर कई ट्रैक्टर भाग निकले पुलिस ने आखिरकार जेसीबी मशीन को जप्त कर लिया और खनन विभाग को इसकी सूचना दे दी थाना अध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध



मिट्टी का खनन किया जा रहा है लिहाजा छापेमारी के दौरान सूचना सही निकला और जेसीबी को जप्त किया गया पुलिस की सूचना पर खनन विभाग पटना के पदाधिकारी पहुंचकर घटना स्थल का जायजा लिया और तो पदाधिकारी भी खनन देखकर हैरान रह गए गरीब 15 से 20 फीट गहरा मिट्टी कटाई की गई थी जिनकी माफी खनन विभाग ने की और पटना से आए खनन विभाग के पदाधिकारी राजीव रंजन सिंह ने बताया कि करीब 1 लाख सीएसटी मिट्टी का खनन किया गया है लिहाजा जमीन मालिक के ऊपर 60 लाख का जुमार्ना और जेसीबी के ऊपर 10 लाख रुपया का जुमार्ना किया गया है इस बाबत जमीन मालिक और जेसीबी मालिक के खिलाफ थाना में प्राथमिक की दर्ज की गई है दर्ज प्राथमिक की के बाद इलाके में मिट्टी माफिया के बीच खलबली मच गई है और अवैध तरीके से बड़े पैमाने पर मिट्टी का खनन करने वाले अभी भूमिगत है पुलिस नामजद अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी करने में भी जुटी हुई है।

## वाशिंग सेंटर पर धावा, गोली चलाकर की तोड़फोड़, रंगदारी मांगने का आरोप

**संचालक बोला- 'सोते समय पिस्तौल तान दी, 2200 रुपये लूटकर भागे', चार लोगों पर नामजद एफआईआर**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी-पाली रोड स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास माही वाशिंग सेंटर पर शनिवार रात करीब 11:30 बजे चार लोगों ने धावा बोल दिया। वाशिंग सेंटर के संचालक ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने मेन गेट पर गोली चलाकर तोड़फोड़ की, पिस्तौल तानकर धमकाया और गल्ले से 2200 रुपये लूटकर फरार हो गए। पीड़ित राहुल कुमार, पिता मनीष कुमार, निवासी ग्राम दिघवां ने मसौढ़ी थाना में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। राहुल ने बताया कि 10 मई की रात वह अपने वाशिंग सेंटर में सोया हुआ था। तभी अचानक गोली चलने की आवाज आई। जहां (1) चंदन कुमार, पिता चंद्रभूषण प्रसाद (2) रिशु कुमार, पिता बिहारी प्रसाद, दोनों निवासी दिघवां (3) लोकदल उर्फ विनोद कुमार, पिता कांग्रेस प्रसाद यादव, निवासी मणिचक मोड़, बुधनगर तथा (4) विक्की कुमार, पिता अशोक शर्मा, ग्राम भीमपुरा, वर्तमान पता उत्तरी लखीबाग ने गेट पर गोली चलाकर गेट तोड़ दिया और अंदर घुस गए। आरोप है कि लोकदल ने पिस्तौल तानकर धमकी दी कि जहां सोए हो वहीं रहना, नहीं तो गोली मार देंगे। इसके बाद तीन अन्य लोगों ने परिसर में तोड़फोड़ शुरू कर दी। आवेदन के मुताबिक, आरोपियों ने वहां खड़ी फोरव्हीलर, सीसीटीवी कैमरा, कुर्सी, टेबल और अन्य सामान को तोड़ दिया। गल्ले में रखे करीब 2200 रुपये निकाल लिए और हंगामा करते हुए फरार हो गए। जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी। मसौढ़ी थानाध्यक्ष ने बताया, आवेदन मिला है। मामले की जांच की जा रही है। वाशिंग सेंटर पर लगे सीसीटीवी के डीवीआर को आरोपियों ने तोड़ दिया है, लेकिन आसपास के कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। घटनास्थल से एक खोखा बरामद हुआ है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है।पीड़ित ने आरोपियों से जान-माल का खतरा बताते हुए सुरक्षा की मांग की है। पुलिस ने बताया कि सभी बिंदुओं पर जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## दहशत फैलाने के लिए घर पर ताबड़तोड़ सात राउंड फायरिंग

**छत पर चढ़े तो पीड़ित पर भी चलाई गोली**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के दिघवां गांव में शनिवार देर रात दहशत फैलाने के लिए एक घर पर ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। पीड़ित का आरोप है कि छत पर जाने पर आरोपियों ने उस पर भी गोली चलाई। इस मामले में दीपक कुमार, पिता यतिन्द्र शर्मा, निवासी दिघवां ने मसौढ़ी थाना में दिए आवेदन में बताया कि 10 मई की रात करीब 1 बजे वह खाना खाकर अपनी बुजुर्ग दादी के साथ सोया हुआ था। तभी घर के सामने सात राउंड फायरिंग की आवाज आई। आवाज सुनकर जब वह छत पर गया तो देखा कि चंदन कुमार, पिता चंद्रभूषण प्रसाद और रिशु कुमार, पिता बिहारी यादव दोनों हाथ में पिस्तौल लिए फायरिंग कर रहे थे। दोनों की नजर उस पर पड़ते ही आरोपियों ने उसकी तरफ भी फायरिंग शुरू कर दी। किसी तरह छत पर झुककर अपनी जान बचाई।पीड़ित ने बताया कि दोनों आरोपी उसके घर पहुंचे और दरवाजा-गेट तोड़ने लगे। शोर मचाते हुए चिल्लाने लगे कि बाहर निकालो, जान से मार देंगे। आरोप है कि धमकी दी गई कि केस करोगे तो जान से मार देंगे। दीपक ने कहा, हम लोग किसी तरह घर में दुबककर जान बचाए। मेरी बूढ़ी दादी डर से सहमी हुई हैं। गांव में दहशत का माहौल है। मसौढ़ी थानाध्यक्ष ने बताया, आवेदन प्राप्त हुआ है। घटनास्थल पर पुलिस भेजकर जांच की गई है। दीवार और गेट पर गोली के निशान मिले हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पीड़ित को सुरक्षा का भरोसा दिया गया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है।

## बेलछी प्रखंड की बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने की आंगनबाड़ी केंद्र की जांच

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेलछी प्रखंड के किशनपुर गांव के वार्ड संख्या 6 में संचालित हो रहे आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 207 गत शनिवार के दिन बंद पाया गया था ग्रामीणों के द्वारा की गई शिकायत का महीना करने प्रखंड की बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सुनीता कुमारी खुद आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंचकर पूछताछ शुरू की। अधिकारी ने बताया कि सेविका उदमा कुमारी का अचानक तबीयत खराब हो जाने से केंद्र पर नहीं पहुंची थी साथ ही सहायिका पूनम देवी वर्षों से अपने पति के साथ गुजरात में रहती हैं। जिसके चलते अकेले होने के चलते परेशान हो जाती है ।लिहाजा महिला पर्यवेक्षिका रजनी कुमारी को गायब रहने वाली सहायिका पूनम देवी के खिलाफ चयन मुक्त करने की अनुशंसा कर दी गई है। अब पता यह करना है कि कहीं फर्जी तरीके से अपने गायब अवधि का मानदेय तो उठा नहीं रही है। यदि मामले में सहायिका गलत पाई गई तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मदर्स डे पर पटना सेंट्रल स्कूल में मनमोहक आयोजन, छात्रों ने किया माता-पिता का पद-पूजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मदर्स डे के पावन अवसर पर पटना सेंट्रल स्कूल में एक भावुक और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के छात्रावास में रहने वाले छात्रों ने अपने माता-पिता का 'चरण-पूजन' कर भारतीय संस्कारों की एक जीवंत मिसाल पेश की। कार्यक्रम के दौरान आचार्य श्री सुदर्शन जी महाराज ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए छात्रावास में रहने के उन महत्वपूर्ण फायदों को गिनाया, जो बच्चों के भविष्य के लिए अनिवार्य हैं । आज के समाज में फैली विभिन्न कुरीतियों और नशों से बचाने के लिए छात्रावास सबसे सुरक्षित स्थान है। यहाँ छात्र 24 घंटे शिक्षकों की देखरेख और संरक्षण में रहते हैं, जिससे वे बाहरी नकारात्मक वातावरण से दूर रहते हैं। यहाँ बच्चों का केवल शैक्षिक ही नहीं, बल्कि नैतिक और आध्यात्मिक विकास भी होता है। यहाँ उन्हें अनुशासन और आत्मनिर्भरता का पाठ पढ़ाया जाता है। छात्रों का समय केवल पढ़ाई और रचनात्मक गतिविधियों में ही व्यतीत होता है, जिससे वे बाहरी दुनिया के 'विषाक्त आकर्षणों' से बचकर अपने लक्ष्य पर केंद्रित रह पाते हैं। नेतरहाट और सैनिक स्कूल की तर्ज पर शिक्षा आचार्य श्री ने अभिभावकों को प्रेरित किया कि हॉस्टल आज के युग की सबसे सुरक्षित और प्रभावी शैक्षिक व्यवस्था है। जो अभिभावक अपने बच्चों का सर्वांगीण विकास चाहते हैं, उनके लिए पटना सेंट्रल स्कूल का छात्रावास एक श्रेष्ठ विकल्प है।



## सीएनजी ऑटो पलटने से मां-बेटा गंभीर रूप से जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सकसोहरा बाजार स्थित महंत रामनारायण पूरी उच्च विद्यालय के पास बेलगाम गति से सीएनजी ऑटो चला रहे ड्राइवर ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी हादसे में मोटरसाइकिल सवार भी सड़क पर पलट गया इस दौरान नियंत्रण करने में नाकाम रहे सीएनजी ऑटो भी पलट गई जिस पर बैठे 45 वर्षीय अनीता देवी और 12 वर्षीय राजेश कुमार जख्मी हो गया अनीता देवी के दाहिना हाथ और पर दोनों टूट गया जिसे बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल मैं भरती करवाया गया जहां से चिकित्सकों ने महिला को बेहतर इलाज के लिए पटना भेज दिया महिला ने बताई की बाढ़ से सक्सोहरा जाने वाली सारे सीएनजी ऑटो वाले अपने क्षमता से ज्यादा स्पीड में गाड़ी चलाते हैं जिसके चलते इस तरह की घटना घटी है पुलिस मामले की छानबीन करने में जुट गई है।

## पशु विज्ञान विवि के कुलपति ने मंत्री नंदकिशोर राम से की शिष्टाचार भेंट

**चतुर्थ दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होने हेतु औपचारिक आमंत्रण दिया**

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने सोमवार को मंत्री डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार नंदकिशोर राम से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर कुलपति ने मंत्री को आगामी 22 मई 2026 को आयोजित होने वाले विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होने हेतु औपचारिक आमंत्रण दिया। मुलाकात के दौरान कुलपति ने विश्वविद्यालय में संचालित शिक्षण, शोध एवं प्रसार गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा ईटीटी एवं आईवीएफ जैसी आधुनिक पशु प्रजनन तकनीकों का लाभ अब पशुपालकों के द्वार तक पहुँचाया जा रहा है। इससे राज्य में उन्नत एवं वैज्ञानिक पशुपालन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ पशुपालकों की आय वृद्धि की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य हो रहा है। मंत्री ने कहा कि राज्य को डेयरी, मत्स्य एवं पशु चिकित्सा क्षेत्र में प्रशिक्षित विशेषज्ञों की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने पशु जनित खाद्य पदार्थों में बढ़ती मिलावट पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय को इस दिशा में ठोस एवं प्रभावी पहल करनी चाहिए तथा राज्य सरकार के लिए एक 'थिंक टैंक' के रूप में कार्य करते हुए नीति निर्माण एवं शोध आधारित सुझाव उपलब्ध कराने चाहिए। माननीय मंत्री ने विश्वविद्यालय की गतिविधियों की सराहना करते हुए विश्वविद्यालय परिसर का भ्रमण करने की इच्छा भी व्यक्त की। इस क्रम में उन्होंने मंगलवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे विश्वविद्यालय आने की सहमति प्रदान की।



## श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय हिलसा के नये प्राचार्य प्रो. शिवचंद्र सिंह ने किया पदभार ग्रहण

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समीपवर्ती श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा (नालंदा).में नये प्राचार्य प्रो0 शिवचंद्र सिंह की नियुक्ति की अधिसूचना पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, द्वारा जारी होने के बाद उन्होंने सोमवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया।पदभार ग्रहण के बाद कॉलेज के कॉन्फ्रेंस हॉल में उनका सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने पुष्पगुच्छ,बुके, अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किय।उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि 1955 में स्थापित यह महाविद्यालय अपना गौरवपूर्ण इतिहास समेटे हुए है।अबतक इसका नैक से मान्यता न मिलना काफी खलने वाली बात है।मैं जुलाई 2027 तक इस कार्य को पूरा कराने की पूरी कोशिश करूंगा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रो. अरविंद कुमार ने उनका महाविद्यालय परिवार से परिचय करवाया। वर्तमान में प्रो0 शिवचंद्र बी एस कॉलेज, दानापुर में हिंदी के वरीय प्राध्यापक हैं।वे हिंदी साहित्य के मर्मज्ञ अध्यापक और कथा-साहित्य,काव्य के अध्येता और 45 पुस्तकों के लेखक भी रह चुके हैं लेखक भी रहे हैं। पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी में वे स्पोर्ट्स इंचार्ज के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। सोमवार को उन्होंने सभी विभागों में जाकर निरीक्षण किया।हिंदी विभाग में प्रसिद्ध कवियों और साहित्यकारों की तस्वीर लगाने का निर्देश विभागाध्यक्ष डॉ. घनश्याम कुमार को दिया।



## कर्पूरी चौक के पास हवाई फायरिंग कर भाग रहे दो युवक गिरफ्तार

**एक देशी कट्टा,व एक जिंदा कारतूस बरामद**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कर्पूरी चौक से आगे पेट्रोल पंप के पास हवाई फायरिंग कर पूरनचक की ओर भाग रहे दो युवकों को मसौढ़ी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और फायर किया हुआ एक खोखा बरामद हुआ है। मसौढ़ी थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि 10 जून को शाम 6 बजे सूचना मिली कि रवि कुमार, पिता सुरेन्द्र कुमार और विनोद कुमार, पिता उमेश प्रसाद, दोनों निवासी पूरनचक, थाना मसौढ़ी ने कर्पूरी चौक से आगे पेट्रोल पंप के बगल में हवाई फायरिंग की है और पूरनचक की ओर भाग गए हैं। सूचना के सत्यापन कर पूरनचक पहुंचने पर मेन रोड पर दो व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस बल ने पीछा कर दोनों को पकड़ लिया।पूछताछ में उन्होंने अपना नाम रवि कुमार और विनोद कुमार, दोनों निवासी पूरनचक बताया। तलाशी के दौरान विनोद कुमार के पास से दाहिने कमर से एक देशी कट्टा, दाहिने पॉकेट से फायर किया हुआ एक खोखा,एवं रवि कुमार के पास से दाहिने पॉकेट से 315 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद किये गये। पुलिस ने बताया कि बरामद हथियार और कारतूस के संबंध में दोनों आरोपियों से पूछा गया तो वे कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके और न ही संतोषजनक जवाब दिया। इसके बाद पुलिस ने तलाशी व जब्ती सूची तैयार कर हथियार जब्त कर लिया। दोनों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया।



# 30 टैपरों को मिला नीरा उत्पादन का लाइसेंस

**ताड़ी नहीं, अब नीरा से बदलेगी जिंदगी: एक्साइज सुपरिटेंडेंट ने बांटे लाइसेंस, 15 नए आवेदन भी जमा**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अब ताड़ी नहीं, नीरा से चमकेगा टैपर समाज का भविष्य इस संकल्प के साथ सोमवार को मसौढ़ी प्रखंड मुख्यालय में नीरा उत्पादन पर एक दिवसीय ओरियंटेशन-सह-लाइसेंस वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में 30 टैपरों को एक्साइज विभाग ने विधिवत लाइसेंस सौंपा। ओरियंटेशन में महादेव नीरा उत्पादक समूह, लखनौर और शिव जीविका महिला नीरा उत्पादक समूह, फतेहाबाद बलियारी के टैपर समुदाय के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। जीविकोपार्जन विशेषज्ञों ने नीरा बनाने की वैज्ञानिक विधि, उसके पोषण संबंधी लाभ, शीतलन व पैकेजिंग की तकनीक और बाजार में इसकी बढ़ती मांग पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। विशेषज्ञों ने बताया कि नीरा में कैल्शियम, पोटैशियम और विटामिन भरपूर मात्रा में होते हैं। यह डायबिटीज और बीपी के मरीजों के लिए भी फायदेमंद है। स्वच्छ तरीके से संग्रहण कर इसे बोतल में पैक कर 10-12 रुपये प्रति गिलास बेचा जा सकता है। इससे एक टैपर रोज 800 से 1000 रुपये तक कमा सकता है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एक्साइज सुपरिटेंडेंट संजय कुमार और प्रखंड परियोजना प्रबंधक दिग्विजय नारायण समदर्शी ने संयुक्त रूप से 30 टैपरों को नीरा उत्पादन का लाइसेंस दिया। इस दौरान 15 नए टैपरों ने भी लाइसेंस के लिए जीविका कार्यालय में आवेदन जमा किया। एक्साइज सुपरिटेंडेंट संजय कुमार ने कहा, "सरकार चाहती है कि टैपर समाज ताड़ी के बजाय नीरा उत्पादन से जुड़े। लाइसेंस मिलने के बाद कोई भी पुलिस-प्रशासन परेशान नहीं करेगा। नीरा बेचना पूरी तरह कानूनी है। कार्यक्रम में सामुदायिक समन्वयक जयप्रकाश, निर्भय कुमार, जीविका के प्रखंड स्तरीय कर्मी शामिल रहे।





## प्राथमिक विद्यालय बुद्धुआचक का खेल मैदान कीचड़ से भरा

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बुद्धुआचक का खेल मैदान कीचड़ से भरा है। जिससे बच्चों को खेल कूद पर ग्रहण लग गया है। एक तो छोटा मैदान है। उसी में एक तरफ पानी टंकी बनाया गया है। दूसरी तरफ विद्यालय का पुराना क्षतिग्रस्त भवन है। बाकी बचा स्थान आसपास का गंदा पानी जमा होने के कारण कीचड़ से भरा रहता है। कई अभिभावकों ने बताया कि नाली की सही व्यवस्था नहीं होने के कारण आसपास के घरों का गंदा पानी खेल मैदान की चारदीवारी से रीस कर मैदान को कीचड़ से भर देता है। जिससे बच्चे खेल कूद का हिस्सा नहीं बन पाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय का पुराना क्षतिग्रस्त भवन भी बच्चों के जीवन के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है। जो कभी भी धराशाही हो सकता है। विद्यालय प्रबंधन को इस पर तत्काल संज्ञान लेना चाहिए। इस संबंध में विद्यालय प्रधान ब्रजेश ठाकुर ने बताया कि कीचड़ भरे खेल मैदान के साथ ही जर्जर भवन भी गंभीर चिंता का विषय है। इसीलिए बच्चों को खेल मैदान से दूर रहने की बराबर हिदायत दी जाती रहती है। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी दीवा श्री को भी इस मामले से अवगत कराया गया था।



## संक्षिप्त समाचार

### 60 परिवारों की गिनती से इनकार, दस्तावेज मोकामा के, सीमा बताई बेगूसराय की

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के कसहा दियारा ग्राम पंचायत में जनगणना को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। यहां वार्ड संख्या1, 2 और 3 शिवनगर के करीब 60 परिवारों की गणना करने से जनगणना कर्मियों ने इनकार कर दिया है। जनगणना कर्मियों का तर्क है कि शिवनगर के इन परिवारों के घर बेगूसराय जिले की सीमा में आते हैं। इसलिए इनकी गिनती मोकामा प्रखंड या पटना जिले में नहीं की जा सकती। वहीं, प्रभावित परिवारों का कहना है कि वे सभी मोकामा विधानसभा क्षेत्र के मतदाता हैं। उनके पास राशन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर आईडी समेत सभी सरकारी दस्तावेज मोकामा प्रखंड और पटना जिले के पते पर बने हैं। इतना



ही नहीं, आपराधिक या अन्य मामलों में उनके यहां मरांँची थाना की पुलिस पहुंचती है, जो पटना जिले के मोकामा प्रखंड में आता है।इस संबंध में मोकामा के प्रखंड विकास पदाधिकारी रवि कुमार से बात की गई। उन्होंने कहा अगर उनका घर बेगूसराय जिले में है तो उनकी जनगणना मोकामा में कैसे होगी।नक्शे के अनुसार जनगणना की जा रही हैं शिवनगर के निवासियों के साथ बीजेपी के नेता दिलीप कुमार टुनटुन का कहना है कि प्रशासन की यह दोहरी नीति है। एक तरफ सभी सरकारी सुविधाएं और कानूनी अधिकार मोकामा-पटना से मिलते हैं, वहीं जनगणना जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रिया में उन्हें बेगूसराय का बताकर मोकामा से बाहर किया जा रहा है।स्थानीय भोजल निषाद,पूर्व पंचायत समिति शैली देवी और अन्य ग्रामीणों के अनुसार मोकामा अंचल थाना नंबर 10 की जमीन पर कई निर्माण बेगूसराय जिला के द्वारा किया जा रहा है।

### मारपीट में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक थाना क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में शनिवार को सड़क हादसों और मारपीट की घटनाओं में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक और निजी क्लीनिकों में कराया गया। चैनपुर गांव में बाजार जा रहे परिजनों के साथ चल रही 5 वर्षीय त्रनुम सड़क पार करने के दौरान बाइक की चपेट में आकर घायल हो गई। वहीं महाराणा प्रताप चौक के पास खड़े वाहन में बाइक की टक्कर होने से चमरिया गांव निवासी दिलीप कुमार और योगेश्वर दत्त घायल हो गए। सियरभुक्का गांव में गलिमापुर निवासी राकेश कुमार बाइक दुर्घटना में घायल हो गए। वहीं कवलपुरा गांव में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में अरविंद सिंह और उनके पुत्र मुकेश सिंह जख्मी हो गए। चांद बरवा गांव में भी बाइक दुर्घटना में अनुज कुमार और सचिन कुमार पांडेय घायल हो गए।

### चार दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक के जजौली गांव स्थित मां कल्याणी एवं बाबा कालेश्वर नाथ मंदिर की वर्षगांठ तथा भगवान राम, मां जानकी, लक्ष्मण और भक्त शिरोमणि हनुमान की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चार दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलशयात्रा के साथ हुआ। कलशयात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। आचार्य मनोज उपाध्याय ने यजमान पंकज सिंह, प्रदीप सिंह और विजय सिंह की मौजूदगी में महिलाओं और कन्याओं को मंत्रोच्चार के बीच कलश प्रदान किया। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ गांव भ्रमण करते हुए अंतिम छोर स्थित पोखरे से पवित्र जल भरवाया गया। आयोजन समिति ने बताया कि प्रतिदिन शाम को मंदिर परिसर में बनारस के कथा वाचक आचार्य पंडित संजय द्विवेदी द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का प्रवचन होगा, जबकि दिन में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। मौके पर नवल किशोर सिंह, रामानंद सिंह, संजय सिंह, बृज किशोर सिंह, रामनिवास सिंह और प्रो. जय किशोर सिंह समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### स्टेशन रोड पर दुकान निर्माण से पहले सड़क-नाला की मांग

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत क्षेत्र के स्टेशन फीडर रोड में जिला परिषद की ओर से दुकान निर्माण की तैयारी को लेकर स्थानीय लोगों में हलचल बढ़ गई है। निर्माण स्थल का निरीक्षण करने डीएसपी संजय कुमार सुधांशु, सीओ सुमंत कुमार और थानाध्यक्ष अश्विनी कुमार तिवारी पहुंचे। स्थानीय लोगों ने अधिकारियों से पहले सड़क और नाला निर्माण कराने की मांग उठाई। लोगों का कहना है कि निकासी की समुचित व्यवस्था किए बिना दुकान निर्माण से परेशानी बढ़ेगी। बताया जाता है कि इसी मुद्दे को लेकर मामला पटना हाईकोर्ट तक पहुंच चुका है, जहां सड़क और नाला निर्माण का भी उल्लेख किया गया है। जिला परिषद की ओर से नोटिस जारी कर दक्षिणी हिस्से में दुकान और पक्का नाला निर्माण के लिए अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है। नोटिस में 24 घंटे के भीतर अतिक्रमण हटाने, अन्यथा प्रशासनिक कार्रवाई और जुमार्ना वसूली की चेतावनी दी गई है।

### घायल युवक सीएचसी में स्ट्रेचर से गिरा

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक थाना क्षेत्र के बंसोही गांव निवासी 28 वर्षीय संजीत कुमार ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक लाया गया, जहां इलाज के दौरान कथित लापरवाही सामने आई। परिजनों के अनुसार, प्राथमिक उपचार के बाद जब गंभीर हालत में युवक को सदर अस्पताल छपरा रेफर किया जा रहा था, उसी दौरान वह इमरजेंसी वार्ड में स्ट्रेचर से नीचे गिर पड़ा, जिससे उसकी हालत और बिगड़ गई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. सुभाष यादव ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर किया था। घटना के बाद परिजनों में नाराजगी देखी गई।

### बाइक नहर में फेंकी, आग लगाकर फरार; जांच में जुटी पुलिस

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक थाना क्षेत्र के बली बिसुनपुरा गांव में दरवाजे पर खड़ी बाइक को उठाकर नहर में फेंकने और आग लगाकर जलाने का मामला सामने आया है। पीड़ित के आवेदन पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित डीलेन कुमार ने बताया कि 8 मई की रात करीब 11 बजे बिट्टू कुमार समेत कुछ लोग उनकी बाइक लेकर जाने लगे। आवाज सुनकर जब उन्होंने शोर मचाया तो आरोपित बाइक को नहर में फेंककर उसमें आग लगा फरार हो गए। घटना में बाइक पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। पीड़ित ने बताया कि आरोपितों द्वारा पहले भी गाली-गलौज की घटना हो चुकी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### जर्जर विद्यालय को किया गया दूसरे जगह शिफ्ट, दो किमी दूर जाने को तैयार नहीं बच्चे

बच्चे व अभिभावकों ने किया प्रदर्शन. गांव में ही पढ़ाई की व्यवस्था और नये भवन की मांग

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन प्रखंड के चांदेडीह प्राथमिक विधालय का भवन जर्जर स्थिति में होने व बच्चे की सुरक्षा को देखते हुये स्थानीय प्रशासन के द्वारा जिला के आदेश के बाद उक्त विधालय के बच्चो को दो किलोमीटर दूर नूरीचक मध्य विधालय में करीब तीन माह पूर्व तत्काल तबतक के लिये स्थानांतरित कर दिया है जब तक विधालय का अपना नया भवन नही बन जाता है या कोई बैकल्पिक व्यवस्था नही हो जाता है। इधर बच्चो के साथ उनके अभिभावक व ग्रामीणों ने सोमवार को इसका बिरोध करते हुये जोरदार प्रदर्शन किया और विधालय को तत्काल गांव में भी स्थापित करने व शीघ्र जर्जर भवन को ध्वस्त कर नये भवन का निर्माण करने की मांग की। ग्रामीण तुलसी पासवान, गणेश पासवान, विनेश्वर साव, जामुन पासवान, भोला सिंह,ओमप्रकाश सिंह, रामानुज कुमिर, लखनदेव मांझी , रेणु देवी, कुसुम देवी, चांदमुनी देवी, रेखा देवी एवं पूजा कुमारी समेत अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जर्जर भवन के बजह से गांव से दो किलोमीटर दूर विधालय को नूरीचक मध्य विधालय मे शिफ्ट कर दिया गया है। उनका आरोप था कि वहां एक ही कमरे मे कक्षा एक से पांच तक के बच्चो की पढाई की जाती है,उपर से उसी कमरे में एमडीएम बनाया जाता है। एक तो दो किलोमीटर बच्चे पैदल जाते है पढ़ने ,उनकी सुरक्षा को लेकर हमेशा चिंता बनी रहती है।



# नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, तीन पर प्राथमिकी दर्ज, एक हिरासत में

**देर रात वरीय पुलिस अधीक्षक ने किया घटना स्थल का मुआयना, फॉरेंसिक जांच टीम सोमवार की सुबह घटनास्थल से एकत्र किए साक्ष्य के नमूने**

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के एकमा थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस संबंध में एकमा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विधि-विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया है, जबकि अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सारण द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 10 मई 2026 की रात एकमा थाना में नाबालिग पीड़िता के दाउदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के निवासी परिजनों द्वारा लिखित आवेदन दिया गया, जिसके आधार पर सुसंगत धाराओं के



तहत कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। आवेदन में पीड़िता के साथ दुष्कर्म का आरोप लगाया गया है तथा मामले में कुल तीन आरोपितों की पहचान की गई है। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक ने रविवार रात में ही स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण किया। उनके निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-2 के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर जांच शुरू की गई है। एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक वैज्ञानिक साक्ष्य संकलित किए हैं। पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण भी कराया गया है। पुलिस के अनुसार मामले में विधिसम्मत एवं निष्पक्ष कार्रवाई की जा रही है। पीड़िता की पहचान और गोपनीयता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उससे संबंधित व्यक्तिगत विवरण सार्वजनिक नहीं किया गया है। बताया गया है कि दाउदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की लगभग 17 वषीर्या एक छात्रा नगर पंचायत एकमा बाजार के हंसराजपुर में संचालित एक लाइब्रेरी में पढ़ने आया करती थी। रविवार को अपने घर से अपने एक जान-पहचान वाले खुद से कम उम्र के लड़के के साथ एकमा-हंसराजपुर लाइब्रेरी के लिए आयी थी। इसके बाद गंजपर-हंसराजपुर पेट्रोल पंप के समीप एकमा-मांझी रोड की तरफ से बाइक सवार दो अन्य लड़कों ने उसे और उसके कथित प्रेमी को अगवा कर लिया और चाकू के बल पर कोहरगढ़ गांव के समीप झाड़ियों में ले गए। आरोप है कि जहां पहुंचने के बाद मोबाइल पर कॉल करके अपने एक और दोस्त को बुला लिए। उसके साथ दो लड़कों ने लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। इसके बाद पीड़िता को उसके जानने वाले गांव के लड़के के द्वारा उसके घर तक पहुंचाया गया। इसके बाद परिजनों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही एकमा थाना पुलिस वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार हरकत में आ गई। देर रात ही पोक्सो एक्ट सहित बीएनएस के संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराने और मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराने के लिए सदर अस्पताल व न्यायालय भेजा गया। इस बीच सोमवार की सुबह एफएसएल की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य के नमूने एकत्र किए हैं। एकमा थानाध्यक्ष राम बालक यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना एकमा थाना क्षेत्र की है, जबकि पीड़िता दाउदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी बताई जाती है। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी है। बताया गया है कि सोमवार की शाम डीआईजी के द्वारा भी एकमा पहुंच कर मामले की जानकारी लेकर पुलिस को आवश्यक निर्देश दिए।

## एसएसबी और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 2.7 किलो चरस बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जितना थाना क्षेत्र में सुरक्षा एजेंसियों ने नशे के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। एसएसबी और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अगरवा गांव से भारी मात्रा में चरस बरामद की गई है।जानकारी के अनुसार, सोमवार 71वीं बटालियन के इंटेलिजेंस सेटअप से मिली विशेष सूचना के आधार पर सशस्त्र सीमा बल की ए कंपनी अठमोहान और जितना पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया। टीम ने अगरवा गांव में गजेंद्र प्रसाद यादव के घर और उसके आउट हाउस में सघन तलाशी अभियान चलाया।तलाशी के दौरान लगभग 2.7 किलोग्राम चरस जैसा मादक पदार्थ बरामद किया गया। मौके से मुन्ना कुमार उम्र लगभग 26 वर्ष पिता गजेंद्र प्रसाद यादव, अगरवा गाँव निवासी थाना जितना को गिरफ्तार किया गया।अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई तड़के करीब 3 बजे की गई। बरामदगी स्थल भारतझनेपाल सीमा स्तंभ संख्या 359/10 से लगभग 400 मीटर भारतीय सीमा क्षेत्र के अंदर स्थित है। प्राथमिक जांच में यह सामने आया है कि मादक पदार्थ की यह खेप नेपाल



से तस्करी कर भारत लाई गई थी।संयुक्त टीम ने बरामद चरस और गिरफ्तार आरोपी को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए जितना पुलिस को सौंप दिया है। जितना थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है और उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि सीमा क्षेत्र में नशा तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस मामले से जुड़े अन्य लोगों की पहचान और पूरे नेटवर्क की जांच भी तेज कर दी गई है।इस कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिकरहना, घोड़ासहन अंचल निरीक्षक, सम्राट कुमार राजस्व अधिकारी बनकटवा अंचल, एसआई शिवजी पासवान, एसआई दीनानाथ सिंह, पीटीसी सुमित कुमार, सिपाही रजनीकांत एवं नागा कुमार, तथा एसएसबी 71वीं वाहिनी अठमोहान के स0अ0नि0 बलवंत कुमार सहित अन्य जवान मौजूद थे।छापेमारी के दौरान पुलिस टीम ने मामले से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर जांच-पड़ताल की तथा आवश्यक कार्रवाई की। अधिकारियों ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## 17 मई से 15 जून तक पुरुषोत्तम मास में नहीं किया जाएंगे मांगलिक कार्य

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बैंड बाजा बारात विवाह तिलक उत्सव आदि की धूम पर जल्द विराम लगने वाला है 17 मई से आरंभ हो रहे हैं पुरुषोत्तम मास प्रथम बार किए जाने वाले सभी प्रकार के मांगलिक कार्यों पर रोक लग जाएगी पुनः 15 जून को मलमास की समाप्ति के बाद मांगलिक मांगलिक कार्यों मुहूर्त प्राप्त होंगे आचार्य रासबिहारी द्विवेदी ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार इस अधिक मास में 30 दिनों में क्या करना चाहिए क्या नहीं करना चाहिए इसे लेकर लोगों में भ्रम है शास्त्रों में स्पष्ट व्यवस्था दी गई हैं. द्विवेदी ने बताया कि अधिक मास में फल प्राप्ति की कामना से किए जाने वाले सभी कार्य प्रथम बार तीर्थ यात्रा आरंभ, गृहआरम्भ, गृह प्रवेश विवाह आदि मंगल कार्य प्रतिष्ठा किसी व्रत का आरंभ उद्यापन जन्म के 6 महीने होने बाद वाले सभी संस्कार जैसे करण वेद मुंडन यागो पवित्र समावर्तन विवाह वधू प्रवेश आदि वर्जित है। इस महीने में निष्काम भाव से किए गए व्रत आदि का अक्षय फल होता है भगवान श्री कृष्णा स्वयं कहा है कि इस माह का फलदाता भोक्ता अधिष्ठा सब कुछ मैं हूं अतः इस महीने कृत्य का अक्षय फल होता है ।



## 20 हजार का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार, एसटीएफ के सहयोग से मिली सफलता

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। मधनिषेध से जुड़े विभिन्न कांडों में फरार चल रहे 20 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त राजा बाबू को पुलिस ने एसटीएफ टीम के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान थाना क्षेत्र के मोतनाजे गांव निवासी स्व. राम अयोध्या राय के पुत्र राजा बाबू के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहा था। वही उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ टीम के सहयोग से कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस अभिलेख के अनुसार राजा बाबू के विरुद्ध चिरैया थाना में मध निषेध के कई मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है। इधर दूसरी कार्रवाई में चिरैया पुलिस ने एक अन्य इनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है। वह कई कांडों में वांछित है। गिरफ्तार अपराधी की पहचान थाना क्षेत्र के सपगढ़ा गांव निवासी स्व. लखराज राय के पुत्र शंभू राय के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार शंभू राय के खिलाफ चिरैया थाना में मद्य निषेध तथा आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है। इसके अलावा अन्य कई मामलों में भी पुलिस को उसकी तलाश थी।



## 14 मई को एकदिवसीय जॉब - कैम्प सह कैरियर मार्गदर्शन कैम्प का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला नियोजनालय के कैंपस में 14 मई को प्रातः 11:00 बजे एक दिवसीय जॉब कैंप सह - कैरियर मार्गदर्शन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस जॉब कैम्प में विजन इंडिया सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा भाग लिया जाएगा और अभ्यर्थियों का चयन ऑपरेटर/पेशेंट केयर/हाउसकीपिंग पद के लिए किया जाएगा।विभिन्न पदों के लिए योग्यता 5 वीं/ 10वीं/12 वीं / आई टी आई / डिप्लोमा पास आवश्यक है, उम्र पुरुष 18 - 40 वर्ष निर्धारित है।जॉब का कार्यस्थल दिल्ली/ गुजरात/ महाराष्ट्र में होगा और मानदेय 17000 से 22000 प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। साथ ही साथ अन्य सुविधाएं भी दी जाएगी जैसे पीएफ, मेडिकल इत्यादि। इस जॉब कैंप मे कुल - 200 रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना है। अभ्यर्थी अपने रिज्यूम बॉयोडाटा, मूल प्रमाणपत्रों, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, फोटो के साथ जिला नियोजनालय के कैंपस में रोजगार कैम्प में प्रातः 11:00 उपस्थित हो सकते हैं।

## खाद तस्करी को लेकर प्रखंड उर्वरक निगरानी समिति की बैठक संपन्न

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय के कृषि भवन में सोमवार के दिन उर्वरक निगरानी समिति की बैठक की गई जिसका अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख सोनी देवी ने की। उपस्थित जनप्रतिनिधि व कृषकों में प्रमुख पति सरोज यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष नितेश कुमार पटेल,राजद प्रखंड अध्यक्ष मोबारक अंसारी, जेडीयू अध्यक्ष मुकेश कुमार पटेल, संजीव कुमार दुबे, कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता, एलजेपी आर के अध्यक्ष बद्री पासवान,व कृषि पदाधिकारी सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे नेताओं ने चिंता जाहिर करते हुए बताया कि किसानों के हित में मिलने वाले उर्वरक का उपयोग नेपाल के लोग कर रहे हैं जबकि आदापुर के किसान वंचित हैं,खाद की समस्या बड़ी समस्या बनी हुई है यहां के किसान दर-बदर भटक रहे हैं परन्तु एक छटांक भी नहीं मिलते, सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण नेपाली ग्राहक महंगे दामों पर खरीद कर नेपाल बड़ी आसानी से ढुलाई कर लेते हैं जिसका देखभाल करने वाले प्रशासनिक व्यवस्था इनके सामने फेल है ,यही नहीं भारतीय परिक्षेत्र के बिचौलिया कहे या तस्कर सभी उर्वरक बेचकर मुनाफा कमा रहे हैं शिकायत मिलने के बाद अनुमंडल पदाधिकारी खाद व्यवसायिको को पिछले सप्ताह जांच पड़ताल की लेकिन हत्थे एक भी दुकान दार नहीं चढ़ पाया, किसानों के बढ़ती समस्या के प्रति निगरानी समिति के बैठक में आवश्यक कयी मुदाओ पर बात चीत हुई, बैठक में बताया गया कि किसानों को सरकारी दर पर खाद मुहैया कराई जाय, दुकान दारो को निर्देश दिए गए कि तस्करों से खाद की बिक्री न की जाय, अगर ऊंची किमत पर खाद तस्करों से बेची गई तो आवश्यक कार्रवाई संभव है, साथ ही अगली बैठक में एस एस बी और आदापुर थाना को बैठक में शामिल किया जाएगा,इस बैठक से खाद व्यवसायिक व खाद तस्करों में हड़कंप मच गई है।



## हज यात्रियों को दी गई भावभीनी विदाई, अमन-चैन की दुआ की अपील

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हज यात्रा पर रवाना होने वाले मुस्लिम श्रद्धालुओं के सम्मान में जेन जी पर्सा की ओर से बीरगंज में एक विशेष विदाई समारोह का आयोजन किया गया। बीरगंज महानगरपालिका वार्ड संख्या-2 स्थित छपकैया चौक पर आयोजित कार्यक्रम में हज यात्रियों को शुभकामनाओं के साथ सम्मानपूर्वक विदा किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए जेन जी पर्सा के संयोजक महादेव प्रसाद कुर्मी ने कहा कि हज केवल धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि मानवता, भाईचारे और शांति का संदेश देने का माध्यम भी है। उन्होंने यात्रियों से विश्व में बढ़ रही हिंसा, युद्ध और अशांति के बीच मानव कल्याण, सद्भाव और शांति के लिए विशेष दुआ करने की अपील की। वहीं, जेन जी के प्रमुख सलाहकार बीरेंद्र कंठ ने सभी धर्मों के बीच आपसी सम्मान और सौहार्द बनाए रखने पर बल देते हुए कहा कि समाज में अमन-चैन कायम रखने के लिए धार्मिक सहिष्णुता बेहद जरूरी है। उन्होंने हज यात्रियों से देश और दुनिया में शांति तथा सामाजिक एकता के लिए प्रार्थना करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में जेन जी के विभिन्न वार्ड प्रभारी, उप-संयोजक, वरिष्ठ सलाहकार तथा स्थानीय प्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने हज पर जा रहे श्रद्धालुओं की सफल, सुरक्षित और मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए विश्व शांति और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया।



### स्नातक तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा तीसरे दिन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बी.आर.ए. बिहार विवि, मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में स्नातक तृतीय सेमेस्टर, सत्र 2024-28 की परीक्षा 8 मई 2026 से प्रारंभ है। मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी को एल. एन. डी कॉलेज, मोतिहारी और मोतिहारी डिग्री इवनिंग कॉलेज, मोतिहारी के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है। 10/05/ 2026 को परीक्षा के तीसरे दिन मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में मेजर ग्रुप-ए के अंतर्गत रसायन शास्त्र, दर्शनशास्त्र, प्राचीन भारतीय इतिहास, गृह विज्ञान, अंग्रेजी और राजनीति विज्ञान विषयों की परीक्षा संपन्न हुई, जिसमें कुल 740 परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

## सदर अस्पताल के पीकू वार्ड का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा नगर आयुक्त आशीष कुमार के साथ सदर अस्पताल मोतिहारी अंतर्गत पीकू वार्ड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पीकू वार्ड में भर्ती बच्चों के साथी से दवा, भोजन इत्यादि के संबंध में पूछ ताछ की गई। सदर अस्पताल में आरोग्य सदन (दीनदयाल उपाध्याय सभागार) में हो रहे कार्यों की समीक्षा की गई एवं निर्देश दिया गया कि स्वास्थ विभाग की समीक्षात्मक बैठक इसी भवन में आयोजित की जाए।



जिला स्वास्थ्य समिति कार्यालय में भ्रमण के दौरान निर्देशित किया गया कि कार्यालय का रंग रोगन कराया जाए। पीकू वार्ड के सामने जमे हुए पानी के निकासी करा देने के लिए नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया।

# सहयोग शिविर से संबंधित सहयोग पोर्टल एवं सहयोग हेल्पलाइन नंबर का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा मुख्यमंत्री सचिवालय के संवाद भवन से 19 मई से आयोजित होने वाले सहयोग शिविर से संबंधित हेल्पलाइन नंबर 1100 और सहयोग पोर्टल का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण से संबंधित कार्यक्रम का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रसारण किया गया। मोतिहारी समाहरणालय स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभागार में उक्त कार्यक्रम को लाइव देखने के लिए व्यवस्था कराई गई थी जहां जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित सभी जिला स्तरीय,अनुमंडल स्तरीय, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कार्य विभागों के कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे। सात निश्चय पार्ट 3 अंतर्गत 'सबका सम्मान जीवन आसान' निश्चय के तहत लोगों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान हेतु प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है,जिसका शुभारंभ आगामी 19 मई से हो रहा है। सहयोग शिविर से संबंधित जानकारी के लिए निशुल्क हेल्पलाइन नंबर 1100 आज मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा जारी किया गया। मुख्यमंत्री के द्वारा शिकायतों / समस्याओं सम्बन्धी आवेदन के लिए ऑनलाइन व्यवस्था के तहत



'सहयोग पोर्टल' का आज लोकार्पण किया गया जिस पर कोई भी व्यक्ति अपनी समस्याओं का आवेदन ऑनलाइन अपलोड कर सकता है जिसका 30 दिनों के अंदर निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। इस पोर्टल के माध्यम से प्रशासनिक स्तर पर प्रभावी मॉनिटरिंग भी की जा सकेगी। पूर्वी चंपारण जिला में सहयोग शिविर के आयोजन के आदेश निर्गत किए गए हैं जिसके अनुसार 19 नवंबर को जिला के सभी 27 प्रखंडों के दो-दो पंचायत में सहयोग शिविर लगाया जाएगा। जिलाधिकारी के द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि अभी तक जो भी आवेदन प्राप्त हुए हैं उन सभी का निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही प्राप्त आवेदनों को सहयोग पोर्टल पर ऑनलाइन किया जाए एवं जो आवेदन निष्पादन किए गए हैं उसको भी सहयोग पोर्टल पर अपलोड कर दिया जाए। जिला प्रशासन का स्पष्ट कहना है कि आयोजित सहयोग शिविर के दिन सम्बन्धित पंचायत का कोई भी आवेदन लंबित नहीं रहना चाहिए एवं जो भी आवेदन प्राप्त हुए हैं उससे संबंधित निष्पादन की प्रति संबंधित आवेदक को सहयोग शिविर में उपलब्ध करा दिया जाए। सहयोग शिविर के लिए जिला प्रशासन के द्वारा जो रोस्टर बनाया गया है उसके अनुसार दूसरे चरण अंतर्गत सहयोग शिविर 02 जून 2026 को लगाया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा जिला के सभी 396 पंचायत के लिए सहयोग शिविर का रोस्टर बना दिया गया है। पंचायतवार सहयोग शिविर का आयोजन एवं संबंधित सभी कार्यों के अनुश्रवण के लिए सामान्य प्रशासन विभाग बिहार पटना से आए हुए पदाधिकारीगण को जिम्मेवारी दी गई है जिसके अनुसार रक्सौल अनुमंडल के लिए जयंत जायसवाल, सिकरहना अनुमंडल के लिए प्रिंस रंजन राजू, पकड़ीदयाल अनुमंडल के लिए गोपाल शरण, मोतीहारी सदर अनुमंडल के लिए सुनील कुमार तिवारी, चकिया अनुमंडल के लिए सत्य प्रकाश एवं अरेराज अनुमंडल के लिए राहुल सिंह को नोडल पदाधिकारी प्राधिकृत किया गया है।

# विधिज्ञ संघ की चुनाव प्रक्रिया शुरू, पहले दिन 11 नामांकन

नबिटा संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** अनुमंडलीय विधिज्ञ संघ के पदधारकों के चुनाव के लिए नामांकन के पहले दिन कुल 11 नामांकन दाखिल किए गए। संघ के निर्वाची पदाधिकारी अधिवक्ता नंद कुमार सिंह एवं सहायक निर्वाची पदाधिकारी अरविंद कुमार व हरि नाथ सिंह के समक्ष प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया। बताया गया कि अध्यक्ष व महासचिव पद के लिए चार -चार नामांकन दाखिल हुए हैं। अध्यक्ष पद पर नामांकन करने वालों में निवर्तमान सचिव धर्मेंद्र कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, निवर्तमान अध्यक्ष निरंजन कुमार एवं पूर्व अध्यक्ष शशि भूषण सिंह शामिल हैं। महासचिव पद पर नामांकन दाखिल करने वालों में अधिवक्ता संजय कुमार सिंह, सत्येंद्र कुमार, दयाशंकर शर्मा व रंजीत कुमार शामिल हैं। कोषाध्यक्ष पद के लिए रंजीत सिंह, संयुक्त सचिव के लिए अरुण कुमार सिंह एवं सहायक सचिव के लिए रंजन कुमार ने नामांकन दाखिल किया है। मंगलवार एवं बुधवार को भी नामांकन दाखिल किए जाएंगे। बुधवार 13 मई को नामांकन की आखिरी तारीख है।



# वैश्विक ज्ञान में भारत का योगदान विशाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा पीजी गणित विभाग और डॉ प्रभात दास फाउंडेशन के सयुंक्त तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय सेमिनार को सम्बोधित करते हुए दरभंगा अभियंत्रण महाविद्यालय के पूर्व गणित प्राध्यापक डॉ अविनाश कुमार मिश्रा ने कहा कि प्राचीन भारत का वैश्विक ज्ञान में योगदान विशाल है जो गणित, विज्ञान, दर्शन, खगोल विज्ञान और आध्यात्मिकता जैसे क्षेत्रों को समाहित करता है और मानव सभ्यता को गहराई से प्रभावित करता है। शून्य का आविष्कार, दशमलव प्रणाली, योग और आयुर्वेद सर्वमान्य हैं, लेकिन भारत के कई कम ज्ञात योगदानों ने भी विश्व को आकार दिया है। "इंडियन नॉलेज सिस्टम और बौधायन" विषयक सेमिनार को संबोधित करते हुए डॉ. मिश्रा ने कहा कि (लंब का वर्ग जोड़ आधार का वर्ग बराबर कर्ण का वर्ग) प्रमेय का श्रेय पाइथागोरस को देना एक ऐतिहासिक त्रुटि है जो औपनिवेशिक पूर्वाग्रहों और यूरो केन्द्रित इतिहास लेखन में निहित है। पश्चिमी परंपरा में पाइथागोरस को इस प्रमेय का प्रवर्तक माना जाता है, जबकि इस बात का कोई पुख्ता प्रमाण नहीं है कि उन्होंने ही इसकी खोज की थी। यूक्लिड के 'एलिमेंट्स' (लगभग 300 ईसा पूर्व) जैसे ग्रीक स्रोतों ने इस प्रमेय को औपचारिक रूप दिया, लेकिन उन्होंने इसका श्रेय सीधे पाइथागोरस को नहीं दिया। इसके विपरीत, बौधायन शूल्बसूत्र में कम से कम 800 ईसा पूर्व से इस प्रमेय का स्पष्ट लिखित विवरण मिलता है जो पाइथागोरस से सदियों पहले का है। सेमिनार की अध्यक्षता करते हुए गणित विभागाध्यक्ष डॉ. एस. एन. रॉय ने कहा कि बौधायन प्रमेय न केवल अपनी गणितीय सामग्री के लिए ही नहीं, बल्कि अपने वैश्विक निहितार्थों के लिए भी महत्वपूर्ण है। सेमिनार को संबिधित करते हुए असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अभिमन्यु कुमार ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण लेकिन कम मान्यता प्राप्त योगदानों में से एक वैदिक विद्वान बौधायन का कार्य है जो लगभग 800-740 ईसा पूर्व में रहते थे। उनका बौधायन शूल्बसूत्र जो प्राचीन वैदिक ग्रंथों- शूल्बसूत्रों का एक भाग है, वैदिक अनुष्ठानों में प्रयुक्त वेदियों के निर्माण के लिए गणितीय नियम प्रदान करता है।




## एक नजर

### एटीएम कार्ड बदलकर निकाल लिए 79581 रुपए

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** एटीएम से पैसा निकालने आए एक व्यक्ति का एटीएम कार्ड जालसाजों ने बदलकर 79581 रुपया निकाल लिया। इस संबंध में रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र के बसडीहां निवासी मो साजिद अंसारी द्वारा करायी गयी प्राथमिकी के अनुसार वे दाउदनगर के भखरुआं मोड़ स्थित पीएनबी के एटीएम में पैसा निकालने के लिए गए। इस दौरान किसी अनजान व्यक्ति द्वारा उनका एटीएम कार्ड बदल दिया गया और दूसरा एटीएम कार्ड दे दिया गया। उनके बैंक खाते से अवैध रूप से 79581 रुपए की निकासी कर ली गई।

### बैंक खाते से 80402 रुपए की निकासी

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** एक ग्राहक के बैंक खाते से 80402 रुपए की निकासी साइबर अपराधियों द्वारा कर ली गयी। इस संबंध में भखरुआं निवासी नरेश कुमार द्वारा करायी गयी प्राथमिकी थाना में कहा गया है कि उनका खाता बैंक ऑफ बड़ौदा में था। वह एटीएम कार्ड भी अपने पास रखते थे। उनका मोबाइल 11 मार्च को खो गया। इसके संबंध में बेगूसराय के नीमा चैनपुरा थाना में उन्होंने सूचना भी दिया था। उनके खाते से साइबर अपराधियों द्वारा 12 किस्त में 80 हजार 402 रुपए निकाल लिया गया है। उनके बैंक खाता से नरेश कुमार के खाते से पांच किस्त में और उनकी पत्नी राधा देवी के खाते से सात किस्त में रुपए की निकासी कर ली गई।

### मारपीट का मामला दर्ज

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । क्षेत्र के उमेर बिगहा गांव में घटी मारपीट की घटना के मामले में कृष्णा राम द्वारा प्राथमिकी कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी में दो लोगों को नामजद आरोपित बनाया गया है। आरोपितों पर गाली -गलौज करते हुए मारपीट की घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया गया है।

### भूमि विवाद में मारपीट, दो गिरफ्तार

**अंबा (औरंगाबाद)।** माली थाना क्षेत्र के कसोटिया गांव में रविवार को भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस मारपीट में दोनों पक्षों की ओर से जमकर बल प्रयोग किया गया, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, इस मामले में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में परस्पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज मामलों में आधा दर्जन से अधिक लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। पहली प्राथमिकी गांव के ही विंदु कुमार द्वारा दर्ज कराई गई है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त चंदन कुमार और अप्राथमिकी अभियुक्त नरेश मेहता को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, दूसरी प्राथमिकी दूसरे पक्ष के रंजीत कुमार के बयान पर दर्ज की गई है। मामले की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष दीपक कुमार सिन्हा ने बताया कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### युवती फरार, प्राथमिकी दर्ज

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** पौथु थाना क्षेत्र के एक गांव से एक युवती के फरार होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में युवती के पिता ने शादी से इनकार करने वाले युवक एवं उसके पिता को नामजद आरोपी बनाते हुए पौथु थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में पीड़ित पिता ने बताया है कि वह अपनी पुत्री के विवाह को लेकर रफीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्ता तय करने गए थे। उस दौरान युवक के पिता ने उनका मोबाइल नंबर लिया और बाद में जवाब देने की बात कही। कुछ दिनों बाद युवक ने अपने मोबाइल से फोन कर कहा कि उन्हें इंटर पास लड़की चाहिए, इसलिए वह रिश्ता नहीं करेंगे। हालांकि आरोप है कि इसके बावजूद युवक लगातार उनकी पुत्री से मोबाइल पर बातचीत करता रहा। पीड़ित पिता के अनुसार, 24 अप्रैल की रात करीब 12 बजे उनकी पुत्री घर से अचानक गायब हो गई। जब परिवार के लोगों की नींद खुली तो देखा कि युवती घर में नहीं थी तथा मुख्य दरवाजा खुला हुआ था। इसके बाद परिजनों ने रफीगंज, गया सहित कई स्थानों पर उसकी खोजबीन की, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका। इस संबंध में सर्किल इंस्पेक्टर विनय कृष्ण प्रसाद ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही

### बाइक से गिरकर एसआई ज़ख्मी, रेफर

**बारुन (औरंगाबाद)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे स्थित रेलवे ओवरब्रिज के समीप सड़क दुर्घटना में बारुण थाना में पदस्थापित एएसआई शम्भू महतो गंभीर रुप से घायल हो गए। दुर्घटना उस वक्त हुई जब वे औरंगाबाद से लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार, एएसआई शम्भू महतो सोमवार को अपनी बाइक से औरंगाबाद कोर्ट गए थे। वापसी के दौरान जैसे, ही वे रेलवे ओवरब्रिज के पास पहुंचे, उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इस हादसे में वे बुरी तरह घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों की मदद से उन्हें तत्काल स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक गिरने के बाद उनके सिर पर गंभीर चोट लग सकती थी, लेकिन उन्होंने हेलमेट पहन रखा था, इसलिए सिर में चोट नहीं लगी। हालांकि, उनके शरीर के अन्य हिस्सों में गहरी चोटें आई हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी एएसआई के स्वजनों को दे दी गई है।

### महुली में समाजसेवी रामाशीष सिंह की प्रतिमा का अनावरण

**हसपुरा।** प्रखंड के महुली गांव में समाजसेवी स्व. रामाशीष सिंह की पहली पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की बड़ी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला कार्यसमिति सदस्य राम एकबाल सिंह, पूर्व प्रमुख लालबाबू सिंह यादव, सेवानिवृत्त शिक्षक देवनंदन सिंह, राजद नेता रामाश्रय प्रसाद सिंह, पैक्स अध्यक्ष विनोद सिन्हा, सरपंच अरविंद सिंह, डॉ. अरविंद कुमार साधु एवं अरविंद कुमार वर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# बंद घर से लाखों की चोरी, पड़ोसियों पर जताया शक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज(औरंगाबाद)।** पोथू थाना क्षेत्र के बेरी गांव में बंद घर में चोरी का मामला सामने आया है। पीड़िता अल्का शर्मा ने पोथू थाना में आवेदन देकर घर से सोना-चांदी समेत कई कीमती सामान चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई है।

दिए गए आवेदन में अल्का शर्मा ने बताया कि वह अपने पति अमित कुमार एवं परिवार के साथ वर्तमान में ग्वालियर (मध्यप्रदेश) में रहती हैं। 3 मई 2026 को उनके ससुर अरविंद शर्मा पटना से गांव स्थित घर पहुंचे तो देखा कि घर का मुख्य दरवाजा खुला हुआ था तथा अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। कमरे का दरवाजा टूटा हुआ था और ट्रंक एवं अलमारी भी क्षतिग्रस्त अवस्था में थे। घटना की सूचना मिलने पर अल्का शर्मा ग्वालियर से अपने गांव बेरी पहुंची। घर की जांच करने पर पता चला कि घर से सोने का सुप, चांदी का मछली, चांदी का पान, चांदी का



कसैली, एक भरा हुआ गैस सिलेंडर, पीतल के बर्तन, दो सूटकेस, एलईडी टीवी एवं टावर स्पीकर सहित अन्य सामान चोरी हो गया है।

पीड़िता ने आवेदन में गांव के ही पड़ोसी संजय शर्मा एवं निशांत कुमार पर चोरी का शक जताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व में भी दोनों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया जा चुका है।

इस संबंध में पोथू थाना पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सर्किल इंस्पेक्टर विनय कृष्ण प्रसाद ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

# मानदेय न मिलने से भुखमरी की कगार पर आशा कार्यकर्ता, आंदोलन की चेतावनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** बिहार राज्य आशा एवं आशा फैसिलिटेटर संघ सम्बद्ध बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, सीटू की जिला इकाई ने अपनी लंबित मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया है। राज्य सामान्य परिषद के निर्णय के आलोक में संघ ने अपनी 23 सूत्री मांगों के समर्थन में जिला स्वास्थ्य समिति के समक्ष विरोध प्रदर्शन करते हुए एक मांग पत्र सौंपा है। संघ की महामंत्री सुधा सुमन के अनुसार, जिले की आशा और आशा फैसिलिटेटर को विगत आठ महीनों से उनके कार्य की पारितोषिक और प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया गया है। लगातार काम करने के बावजूद भुगतान न होने के कारण कई कार्यकर्ता अब भुखमरी की कगार पर पहुंच गई हैं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि पूर्व में भी आंदोलन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया था, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।आवेदन में यह भी रेखांकित किया गया है कि आशा कार्यकर्ताओं पर काम का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। गाइडलाइंस के विपरीत भी कई प्रकार के कार्य उनसे लिए जा रहे हैं, लेकिन सरकार उनके मानदेय और मूलभूत सुविधाओं की ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन मांगों पर विचार नहीं किया गया और बकाया भुगतान सुनिश्चित नहीं हुआ, तो वे बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगी। संघ की राज्य महामंत्री व जिला मंत्री सुधा सुमन और राज्य उपाध्यक्ष वशिष्ठ प्रसाद सिंह तथा संयोजक संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में यह मांग पत्र कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति को भेजा गया है। इस दौरान सुधा सुमन, सुनीता देवी, लालमुनी देवी, अंशु कुमारी, कमल कुमारी, रम्भा देवी, बिन्दु कुमारी, पूनम कुमारी और वीणा कुमारी सहित सैकड़ों की संख्या में आशा कार्यकर्ता मौजूद रही।




# 12 मई से मिशन मोड में चलेगा फार्मर रजिस्ट्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से "फार्मर रजिस्ट्री – किसान की डिजिटल पहचान" अभियान के अंतर्गत फार्मर आईडी निर्माण के द्वितीय चरण की शुरुआत एवं प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तिखार अहमद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज तथा जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। मुख्य सचिव द्वारा बताया गया कि यह अभियान 12 मई से 30 जून 2026 तक अभियान मोड में संचालित किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया को मिशन मोड में संचालित करने हेतु पंचायत स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जाए। बैठक में बताया गया कि राज्य स्तर पर लगभग 50 प्रतिशत किसानों का पंजीकरण किया जा चुका है तथा शेष किसानों को भी शीघ्र अभियान से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

मुख्य सचिव द्वारा किसान रजिस्ट्री के कार्य को अभियान मोड में संचालित करने का निर्देश दिया गया है, जिले को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत फार्मर आईडी निर्माण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में बताया गया कि ऐसे सभी किसानों का प्राथमिकता के आधार पर पंजीकरण किया जाएगा, जो अब तक किसान रजिस्ट्री में शामिल नहीं हो सके हैं। साथ ही बटाईदार, किरायेदार किसान एवं वास्तविक खेती करने वाले कृषकों को भी किसान रजिस्ट्री में शामिल करने हेतु आवश्यक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की जाएगी।

इसके अतिरिक्त सभी शेष भूमि खंडों को फॉर्मर आईडी से जोड़ने की कार्रवाई भी की जाएगी, जिससे भूमि एवं किसान से संबंधित अभिलेखों का समुचित डिजिटलीकरण सुनिश्चित हो सके। मुख्य सचिव द्वारा प्रतिदिन प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर प्रगति की समीक्षा करने तथा गांवों में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। मुख्य सचिव के निर्देशों के आलोक में जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे मिशन मोड में कार्य करते हुए अभियान का समयबद्ध, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।




# एसपी ने लंबित कांडों की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक अंबरीष राहुल ने सोमवार को रफीगंज थाना परिसर में रफीगंज सर्किल के विभिन्न थानों में लंबित कांडों की समीक्षा बैठक आयोजित कर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में रफीगंज थाना, गोह थाना, उपहरा थाना, कासमा थाना, पौथु थाना एवं बंदिया थाना के लंबित मामलों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान एसपी ने सभी थानाध्यक्षों को लंबित कांडों का शीघ्र एवं निष्पक्ष निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अनुसंधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा गंभीर मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाए। फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी, वारंट एवं कुर्की के निष्पादन, शराबबंदी, साइबर अपराध तथा भूमि विवाद से जुड़े मामलों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश भी दिया गया।

एसपी ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। थाना स्तर पर प्राप्त आवेदनों का समय पर निष्पादन किया जाए तथा पीड़ितों के साथ संवेदनशील व्यवहार रखा जाए। उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन के माध्यम से अपराध नियंत्रण को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। बैठक में एसडीपीओ दाउदनगर अशोक कुमार दास, सदर एसडीपीओ-2 चंदन कुमार, इंस्पेक्टर विनय कृष्ण प्रसाद, रफीगंज थानाध्यक्ष शंभु कुमार, गोह थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह, बंदिया थानाध्यक्ष सूरज कुमार, कासमा थानाध्यक्ष अक्षयवर कुमार, उपहरा थानाध्यक्ष आकाश कुमार सहित संबंधित अनुसंधानकर्ता उपस्थित रहे।

# डीएम एवं एसएसपी ने बरारी घाट की व्यवस्था का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने आज क्षतिग्रस्त विक्रमशिला सेतु के पास बरारी घाट पहुंचकर यात्रियों की सुविधा हेतु की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नाव से यात्रा कर रहे लोगों से बातचीत कर किराया व्यवस्था के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। तत्पश्चात जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने वहां पर स्थापित अस्थायी थाना का भी मुआयना किया और सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही दोनों वरीय अधिकारियों द्वारा जीविका दीदियों के संचालित रसोई घर में भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण करने के बाद प्रतीक्षा शिविर में यात्रियों की सुविधा के लिए मैट बिछाने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। इस मौके पर संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। मालूम हो कि विगत दिनों गंगानदी पर अवस्थित विक्रमशिला सेतु के बीच से क्षतिग्रस्त होने के कारण सभी तरह का आवागमन बंद है। इसके मद्देनजर जिला प्रशासन के द्वारा वैकल्पिक यातायात व्यवस्था के तहत भागलपुर से नवगछिया और वहां से भागलपुर आने के लिए बड़ी संख्या में सरकारी और निजी नावो का परिचालन किया जा रहा है। इसके अलावा स्टीमर की भी व्यवस्था की गई है। प्रतिदिन यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए बरारी घाट और नवगछिया की ओर के घाट पर अस्थायी प्रतिक्षा टेंट, जीविका की रसोई घर, चिकित्सा शिविर आदि स्थापित किये गये हैं। जबकि सुरक्षा के मद्देनजर दोनों घाटो पर अस्थाई थाना खोला गया हैं। वहां पर दंडाधिकारियों के देखरेख में पुलिस बल की तैनाती की गई है।



# लोकेश पाण्डेय को मिला राष्ट्रीय आदर्श शिक्षक सम्मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारी शिक्षण पद्धति एवं छात्र-कल्याण के प्रति समर्पण के लिए विवेकानंद मिशन स्कूल के शिक्षक लोकेश पांडेय को डॉ. राधाकृष्णन टीचर्स सेल्फ हेल्प ग्रुप द्वारा राष्ट्रीय आदर्श शिक्षक सम्मान दिया गया। समारोह का आयोजन रविवार को वाराणसी में यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर टीचर एजुकेशन में भव्य रूप से किया गया। आयोजन समिति के अनुसार यह समारोह शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों के सम्मान एवं अभिनंदन के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से शिक्षक, शिक्षाविद् एवं विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। बताया गया कि लोकेश पाण्डेय ने ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ने में उल्लेखनीय योगदान दिया है, जिसके लिए उन्हें यह गौरव प्राप्त हुआ। मंच से कहा गया कि ऐसे शिक्षक ही राष्ट्र निर्माण की असली नींव हैं।





## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं.:एसआईजी_डब्ल्यू_5_पॉलिसी, दिनांक** 08.05.2026, वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस, मंडल रेल प्रबंधक/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ. झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_26-27_02_ओटी, दिनांक : 08.05.2026, कार्य का नाम:** धुलियानगंगा-विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए धुलियानगंगा (डीजीएलई) में द्वितीय डिटेक्शन का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 3,28,81,665.39, **बयाना राशि:** रु. 6,57,600/-, **ई-निविदा जमा देने की तिथि और समय:** दिनांक 18.05.2026 से 01.06.2026 को 11.00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट:** वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** और सूचना पट: वरिष्ठ डीएसटीई का कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, मालदा।

MLD-40/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# नई बियाडा लैंड अलॉटमेंट एंड मैनेजमेंट पॉलिसी लागू

## औद्योगिक निवेश एवं पारदर्शी भूमि प्रबंधन को मिलेगा बढ़ावा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार सरकार के कुशल नेतृत्व में उद्योग विभाग के अंतर्गत बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बियाडा) द्वारा राज्य में औद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से बियाडा लैंड अलॉटमेंट एंड मैनेजमेंट पॉलिसी, 2026 को लागू कर दिया गया है। इसके साथ ही पूर्ववतीक्ष बियाडा भूमि आवंटन नीति 2022 को निरस्त कर दिया गया है। नई नीति के तहत सभी औद्योगिक भूखंडों एवं शेडों का आवंटन पूर्णतः ऑनलाइन आवेदन प्रणाली के माध्यम से किया जा रहा है। बियाडा पोर्टल पर उपलब्ध रिक्त भूखंडों की जानकारी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराई जा रही है जिससे निवेशकों को पारदर्शी तरीके से आवेदन एवं आवंटन की सुविधा मिल रहा हैं। नीति में औद्योगिक क्षेत्रों के सुव्यवस्थित विकास हेतु भूमि उपयोग के लिए व्यवस्था लागू की गई है। इसके अंतर्गत 55-65 प्रतिशत क्षेत्र औद्योगिक प्लॉट, 15-25 प्रतिशत सड़क एवं आवागमन, 10-33 प्रतिशत हरित एवं खुले क्षेत्र, 8 प्रतिशत तक उपयोगिताएं, 5 प्रतिशत तक वाणिज्यिक सुविधाएं तथा 3 प्रतिशत तक आवासीय एवं सामाजिक अवसंरचना के लिए निर्धारित किया गया है। उद्योग विभाग के सचिव सह बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार ने कहा कि बियाडा लैंड अलॉटमेंट एंड मैनेजमेंट पॉलिसी, 2026 बिहार में उद्योग स्थापना प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, समयबद्ध एवं निवेशक-अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि नई नीति के माध्यम से ऑनलाइन आवंटन, ई-नीलामी, प्लग-एंड-प्ले सुविधाएं, आसान भुगतान व्यवस्था तथा स्पष्ट समय-सीमा आधारित प्रावधान लागू किए जा रहे हैं जिससे निवेशकों को उद्योग स्थापित करने में सहूलियत मिलेगी। औद्योगिक क्षेत्रों को आवंटन की स्थिति के आधार पर अनसैचुरेटेड, नॉर्मल एवं सैचुरेटेड श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। वहीं प्राइम लोकेशन वाले भूखंडों अथवा एक से अधिक आवेदकों वाले प्लॉटों का आवंटन ई-ऑक्शन/ई-बिड्डग प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है जिससे पारदर्शिता एवं प्रतिस्पर्धात्मकता सुनिश्चित होगी। नई नीति के अनुसार माइक्रो एवं स्मॉल इकाइयों के लिए दो प्रतिशत तथा मीडियम एवं लार्ज इकाइयों के लिए पांच प्रतिशत अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट निर्धारित किया गया है। बिहार में पंजीकृत स्टार्टअप्स को इएमडी में छूट देने का भी प्रावधान किया गया है। भूमि लीज अवधि 30 वर्ष, 60 वर्ष अथवा 90 वर्ष तक निर्धारित की गई है तथा नवीकरण की सुविधा भी उपलब्ध होगी। निवेश के आकार के अनुसार अग्रिम भुगतान की व्यवस्था को निवेशक अनुकूल बनाया गया है।



50 लाख तक की परियोजनाओं के लिए 40 प्रतिशत, 50 लाख से 2.5 करोड़ तक के निवेश हेतु 35 प्रतिशत, 2.5 करोड़ से 7.5 करोड़ तक के निवेश हेतु 30 प्रतिशत तथा 7.5 करोड़ से अधिक निवेश वाली परियोजनाओं के लिए 25 प्रतिशत अग्रिम भुगतान निर्धारित किया गया है। शेष राशि अधिकतम 10 किश्तों में जमा करने की सुविधा दी गई है जिसकी अवधि परियोजना के आकार के अनुसार 1.5 वर्ष से 5 वर्ष तक होगी। किश्तों पर 9 प्रतिशत साधारण ब्याज तथा विलंब की स्थिति में 12 प्रतिशत दंडात्मक ब्याज का प्रावधान किया गया है। उद्योग स्थापना हेतु स्पष्ट समय सीमा भी निर्धारित की गई है। माइक्रो इकाइयों को 12 माह, स्मॉल इकाइयों को 18 माह, मीडियम इकाइयों को 24 माह तथा लार्ज इकाइयों को 30 माह के भीतर उत्पादन प्रारंभ करना होगा। विशेष परिस्थितियों में समय विस्तार का प्रावधान भी रखा गया है। नई नीति में गैर कार्यशील इकाइयों के लिए भी स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं। स्वीकृत उत्पादन क्षमता के 50 प्रतिशत से कम उत्पादन करने वाली इकाइयों को गैर-कार्यशील घोषित किया जा सकेगा तथा उन पर भूमि लीज प्रीमियम का 2 प्रतिशत दंडात्मक किराया लगाया जाएगा। औद्योगिक इकाइयों के हस्तांतरण, आंशिक हस्तांतरण, उत्पाद परिवर्तन, मर्जर एवं डी-मर्जर की प्रक्रियाओं को भी अधिक सरल एवं पारदर्शी बनाया गया है। साथ ही पहली बार एक सुव्यवस्थित सरेन्डर एवं एग्जिट मैकेनिज्म लागू किया गया है, जिससे निष्क्रिय औद्योगिक भूमि का त्वरित पुनः उपयोग सुनिश्चित हो सकेगा। नई नीति में प्लग-एंड-प्ले शेड की अवधारणा को विशेष प्राथमिकता दी गई है। ऐसे शेडों का प्रारंभिक आवंटन 5 वर्षों के लिए होगा जिसे अधिकतम 15 वर्षों तक बढ़ाया जा सकेगा। आवंटन के 90 दिनों के भीतर संचालन प्रारंभ करना अनिवार्य होगा। बियाडा लैंड अलॉटमेंट एंड मैनेजमेंट पॉलिसी, 2026 बिहार में औद्योगिक निवेश, उद्योग स्थापना एवं रोजगार सृजन को नई गति प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# गंगा में समायी स्कॉर्पियो, लोग बनाते रहे वीडियो

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राजधानी के दीघा स्थित पाटीपुल घाट पर एक दर्दनाक हादसा हुआ। शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त एक बुजुर्ग दंपत्ति की स्कॉर्पियो देखते ही देखते गंगा नदी के गहरे पानी में समा गई। विडंबना यह रही कि वहां मौजूद सैकड़ों लोग मदद के लिए हाथ बढ़ाने की बजाय मोबाइल फोन से वीडियो बनाने में मशगूल रहे। गाड़ी मालिक की पहचान बेगूसराय निवासी राम नरेश सिंह के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि वह सेवा निवृत हैं और वर्तमान में अपने परिवार के साथ पटना के शिवपुरी में रह रहे हैं। उनके घर में पूजा का आयोजन किया गया था। वह अपनी पत्नी के साथ पूजा की सामग्री विसर्जित करने दीघा के पाटीपुल घाट आए थे। घटना के संबंध में राम नरेश सिंह ने बताया कि घाट के ढलान पर स्कॉर्पियो खड़ी करने के बाद राम नरेश सिंह हैंड-ब्रेक लगाना भूल गए। यही लापरवाही उनके लिए नुकसानदेह साबित हो गया। उन्होंने बताया कि जैसे ही वे दोनों गाड़ी से नीचे उतरे, ढलान के कारण स्कॉर्पियो धीरे-धीरे लुढ़कने लगा और लुढ़कते-लुढ़कते स्कॉर्पियो गंगा नदी की ओर बढ़ने लगा।

राम नरेश सिंह ने गाड़ी को रोकने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी। यहां तक कि उन्होंने घाट पर मौजूद लोगों से चीख-चीख कर मदद करने की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि घाट पर सैकड़ों लोग मौजूद थे, लेकिन कोई भी उनकी मदद के लिए आगे नहीं आया। लोग संवेदनहीनता की पराकाष्ठा पार करते हुए इस पूरी घटना का वीडियो रिकॉर्ड करते रहे। इसी बीच वहां से एक बड़ा जहाज भी गुजरा, लेकिन मदद नहीं मिल सकी और अंततः गाड़ी गहरे पानी में डूब गई। राम नरेश सिंह ने कहा कि मैंने सबसे मदद मांगी, चीखता रहा, चिल्लाता रहा लेकिन सब तमाशा देखते रहे। मोबाइल से वीडियो बनाते रहे। अगर दो-चार लोग हाथ लगा देते तो मेरी गाड़ी बच सकती थी।

घटना की सूचना मिलते ही दीघा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।

# प्रेमिका के घर में प्रेमी ने की गोली मारकर आत्महत्या

## पुलिस कर रही मामले की छानबीन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** कदमकुआं थाना क्षेत्र के सैदपुर इलाके में एक युवक की लाश मिली है। चौंकाने वाली बात यह है कि युवक की लाश उसकी प्रेमिका के घर से मिली है। लड़की वालों का कहना है कि युवक ने लड़की और उसकी मां के सामने खुद को गोली मार दी। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया लेकिन डॉक्टर उसकी जान बचा पाए।

इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। पुलिस ने एफएसएल टीम को जांच को बुलाया है। पुलिस का कहना है कि खुदकुशी की बात सामने आ रही है। युवक के पास हथियार कहां से आया? क्या मामला है पूरा? इन सब बिंदुओं पर जांच चल रही है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

कदमकुआं थाने की पुलिस ने कहा कि घटना सैदपुर खटाल गली में हुई है। उसकी पहचान स्थनीय राहुल कुमार के रूप में हुई। जांच में पता चला कि युवक एक लड़की के घर गया और वहां जाकर अपनी जान दे दी। एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से पिस्टल भी बरामद कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। राहुल के पिता ललन प्रसाद ने कहा कि छह मई को राहुल की सगाई उसी लड़की से हुई थी, जिसके घर में उसकी लाश मिली है। आज लड़की ने उसे जबरदस्ती बुलाया। इसके बाद उसने अपने घरवालों के साथ मिलकर राहुल की हत्या कर दी। मां गुड़िया देवी ने कहा कि राहुल सिटी सेंटर मॉल में ड्यूटी पर था। आज उसे सैलरी मिली थी। लड़की ने उसे फोन करके बुलाया था। इसके बाद उसकी लाश मिली है। परिजनों का आरोप है कि लड़की वालों ने राहुल के पैसे और मोबाइल भी छीन लिए।

लड़के के परिजनों का कहना है कि राहुल से लड़की बातचीत नहीं करना चाहती थी। लेकिन, राहुल बार बार बातचीत करने का दबाव बनाता था। लड़की इस रिश्ते से खुश नहीं थी। राहुल लड़की से मिलना चाहता था लेकिन वह मान नहीं रही थी।

इसलिए वह लड़की के घर पहुंचा और खुद को गोली मार ली। इधर, पुलिस ने दो महिलाओं समेत पांच लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है।

# 44 युवाओं को रोजगार हेतु दुबई किया गया रवाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी।** कल्याण विभाग, झारखंड सरकार की विशेष पहल प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित कल्याण गुरुकुल, खूंटी परिसर से आज 44 युवाओं को अंतरराष्ट्रीय रोजगार के अवसर के तहत हरी झंडी दिखाकर एयरपोर्ट के लिए रवाना किया गया।

इन युवाओं को दुबई में टाइल्स मेसन जैसे निर्माण कार्यों में रोजगार के लिए भेजा जा रहा है। सभी प्रशिक्षु कल्याण गुरुकुल, खूंटी में 3 माह का कौशल प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण कर चुके हैं। यह दल अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर झारखंड के कौशल एवं प्रतिभा का प्रतिनिधित्व करेगा।

समारोह में परियोजना निदेशक आइटीडीए-सह-उप विकास आयुक्त, आलोक शिकारी कच्छप, प्रमुख रोहित सुरीन, उप प्रमुख संतोष कुमार कर, मुखिया अगन्था भेंगरा, उप मुखिया शीतल मांझी एवं गुरुकुल सदाशयी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर युवाओं के शुभ यात्रा की कामना की। इस अवसर पर अतिथियों ने युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह केवल रोजगार की शुरूआत नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने युवाओं को ईमानदारी, अनुशासन एवं परिश्रम के साथ कार्य करते हुए झारखंड का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।



कार्यक्रम में कल्याण गुरुकुल, खूंटी के प्राचार्य भूपेंद्र शर्मा, शिक्षकगण एवं अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे। सभी ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें सुरक्षित एवं जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने की सलाह दी। प्रेझा फाउंडेशन की यह पहल झारखंड के युवाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण देकर उन्हें देश एवं विदेश में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। प्रेझा फाउंडेशन, कल्याण विभाग, झारखंड सरकार की विशेष प्रयोजन वाहिनी के रूप में कार्यरत है, जो कल्याण गुरुकुल के माध्यम से युवाओं को कौशल विकास एवं रोजगार से जोड़ने का कार्य कर रही है। पिछले 14 वर्षों में संस्था द्वारा 40 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है, जिससे उनकी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में सकारात्मक बदलाव आया है।

वर्तमान में झारखंड राज्य में 27 कल्याण गुरुकुल, 8 एएनएम नर्सिंग कॉलेज एवं 1 आईटीआई कौशल कॉलेज संचालित किए जा रहे हैं। प्रेझा फाउंडेशन के इन प्रयासों से राज्य के युवाओं का भविष्य सशक्त हो रहा है तथा झारखंड की प्रगति को नई दिशा मिल रही है।

# विकास वैभव के मगध क्षेत्र का नया आईजी बनाने से आमजनों में हर्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**टिकारी।** कर्मठ, ईमानदार एवं तेज-तर्रार आईपीएस पदाधिकारी विकास वैभव के मगध क्षेत्र के आईजी के रूप में स्थानांतरण का आम जनता ने स्वागत किया है। सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने कहा कि विकास वैभव ने एक पुलिस अधिकारी के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान कई उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं और आमजनों के बीच उनकी एक सकारात्मक एवं जनप्रिय छवि रही है।

उन्होंने कहा कि एक समय रोहतास किला क्षेत्र नक्सली गतिविधियों से प्रभावित था। उस दौर में विकास वैभव के नेतृत्व में सुरक्षा बलों ने कार्रवाई करते हुए क्षेत्र को नक्सलियों से मुक्त कराया तथा ऐतिहासिक रोहतास किला पर तिरंगा ध्वज फहराया गया। उनके नेतृत्व में कई नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया और नए जीवन की शुरूआत की।

हिमांशु शेखर ने कहा कि विकास वैभव ने पुलिस और आम जनता के बीच बढ़ती दूरी को कम करने का कार्य किया। उनकी कार्यशैली के कारण लोगों में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है और आमजन उन्हें अपने परिवार के सदस्य की तरह मानते हैं।

मार्च 2021 में उन्होंने आइये, मिलकर प्रेरित करें बिहार (लेट्स इंस्पायर बिहार) अभियान की शुरूआत की थी। शिक्षा, समता और उद्यमिता को केंद्र में रखकर शुरू हुए इस अभियान को समाज के विभिन्न वर्गों का व्यापक समर्थन मिला। भारतीय इतिहास, संस्कृति, प्रेरणादायक विचारों और सामाजिक विषयों पर उनके नियमित लेखन एवं संवाद के कारण युवाओं और समाज में उनकी विशेष पहचान बनी हुई है।

भारतीय इतिहास एवं संस्कृति, आतंकवाद अध्ययन, ऐतिहासिक स्थलों की यात्राएँ और शोधपरक लेखन उनकी प्रमुख अभिरुचियाँ हैं। लोगों को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में मगध क्षेत्र में कानून व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा आमजनों को बेहतर पुलिस व्यवस्था का लाभ मिलेगा। हिमांशु शेखर, अबरार आलम, सौम्या अथर्व, प्रमोद कुमार, डॉ अमित नारायण रघु, नागेंद्र सिंह सहित कई लोगों ने विकास वैभव को शुभकामना संदेश प्रेषित किया है।

# गड्ढे में डूबने से दो मासूम चचेरी बहनों की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सारण।** जिले के डेरनी थाना क्षेत्र के जितवारपुर गांव में रविवार देर शाम एक दर्दनाक हादसे में दो मासूम चचेरी बहनों की पानी से भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृत बच्चियों की पहचान जितवारपुर गांव निवासी संजय शर्मा की छह वर्षीय बेटी नेहा कुमारी और दिनेश शर्मा की पांच वर्षीय बेटी जूही कुमारी के रूप में हुई है। दोनों बच्चियां चचेरी बहन थीं और हमेशा साथ-साथ खेला करती थीं।

परिजनों ने बताया कि रविवार दोपहर दोनों बच्चियां घर के बाहर खेल रही थीं। खेलते-खेलते वे घर के सामने लगे लीची के पेड़ के पास पहुंच गईं। बताया जा रहा है कि पेड़ के पास घर निर्माण के लिए पहले से एक गहरा गड्ढा खोदा गया था, जिसमें बारिश और आसपास का पानी भरा हुआ था। खेल के दौरान दोनों बच्चियों का पैर फिसल गया और वे पानी से भरे गड्ढे में जा गिरीं। घटना के समय आसपास कोई मौजूद नहीं था, इसलिए किसी को इसकी जानकारी नहीं मिल सकी।

जब काफी देर तक दोनों बच्चियां घर नहीं लौटीं तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। आसपास खोजबीन के दौरान दोनों बच्चियां गड्ढे में डूबी हुई मिलीं। इसके बाद परिवार के लोग आनन-फानन में दोनों को बाहर निकालकर इलाज के लिए परसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, लेकिन वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

## वंदे भारत एक्सप्रेस पर फिर पथराव

**मुजफ्फरपुर।** देश की प्रतिष्ठित ट्रेनों में शामिल वंदे भारत एक्सप्रेस एक बार फिर असामाजिक तत्वों के निशाने पर आ गई। गोरखपुर से पाटलिपुत्र जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस पर रविवार सुबह नारियार स्टेशन के पास पथराव किया गया। घटना में ट्रेन के दो कोचों के शीशे टूट गए, जिससे यात्रियों के बीच अफरातफरी मच गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि किसी यात्री को चोट नहीं आई। जानकारी के अनुसार, ट्रेन संख्या 26502 डाउन वंदे भारत एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय पर गोरखपुर से पाटलिपुत्र की ओर जा रही थी। इसी दौरान मुजफ्फरपुर रेलखंड के नारियार स्टेशन के समीप कुछ युवकों ने चलती ट्रेन पर अचानक पत्थर फेंक दिए। पथराव से ट्रेन के कोच संख्या सी-7 और सी-2 की खिड़कियों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद कोच के अंदर बैठे यात्रियों में डर और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। यात्री सहम गए और कुछ देर के लिए ट्रेन में हड़कंप की स्थिति बन गई। हालांकि किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

# करंट से किसान की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** जिले में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। मरंगा थाना क्षेत्र के गंगेली पंचायत में खेत में बिजली मोटर लगाने के दौरान करंट लगने से 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। सबसे मार्मिक बात यह है कि चार साल पहले मृतक के पिता की भी करंट लगने से ही मौत हुई थी।

मृतक की पहचान गंगेली पूरब टोला वार्ड संख्या-6 निवासी मुरारी शर्मा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मुरारी शर्मा अपने मखाना खेत में पटवन के लिए बिजली मोटर लगाने गए थे। इसी दौरान वह खेत में मौजूद नंगे बिजली तार की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद परिजन और स्थानीय लोग आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए पूर्णिया जीएमसीएच लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने काफी प्रयास किया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# बैठक में पृथ्वीराज जन्मोत्सव मनाने का निर्णय




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद की सामाजिक संस्था पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक ब्लॉक मोड़ स्थित पृथ्वीराज चौहान स्मृति स्थल के प्रांगण में आयोजित किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक का संचालन सुरेश विद्यार्थी जम्होरिया द्वारा किया गया। सदस्यों ने आपसी विचार समन्वय किया एवं ट्रस्ट के द्वारा आगामी कार्यक्रम 1 जून को पृथ्वीराज चौहान जन्मोत्सव भव्यता एवं दिव्यता के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। उसी दिन प्रतिमा स्थल पर प्रांतीय स्तर के मुख्य अतिथियों के द्वारा पुष्पांजलि अर्पित किया जाएगा। सभागार में पृथ्वीराज चौहान के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार गोष्ठी, विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में उपस्थित कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश सिंह, उपाध्यक्ष डॉ ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह, डॉ संजीव रंजन एवं भीम कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह, प्रोफेसर विजय कुमार सिंह, चंद्रप्रकाश विकास, राम भजन सिंह,संजय कुमार सिंह कहा कि प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी पृथ्वीराज जन्मोत्सव के अवसर पर ऐतिहासिक कार्यक्रम किया जाएगा। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए एक उप समिति बनाई गई। मौके पर रिटायर्ड डीएसपी उदय प्रताप सिंह,सत्यचंडी महोत्सव के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, सत्यचंडी धाम न्यास समिति के अध्यक्ष अमरेश सिंह, शिक्षक चंद्रकांत ओड़िया, केयरटेकर विपिन ठाकुर सहित उपस्थित अन्य उपस्थित थे।

# दूल्हे ने प्रशासन से लगायी गुहार

**भागलपुर।** विक्रमशिला सेतु पर आवाजाही बंद होने के बाद लोगों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। अब इसका असर शादी-विवाह जैसे पारिवारिक आयोजनों पर भी देखने को मिल रहा है। भागलपुर में एक दूल्हा अपनी बारात लेकर गंगा पार जाने निकला था, लेकिन नाव सेवा बंद होने के कारण बीच रास्ते में फंस गया। इसके बाद दूल्हे ने भावुक होकर जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई।

जानकारी के अनुसार, प्रशासन की ओर से गंगा नदी में सुबह 5 बजे से शाम 5 बजे तक ही नाव परिचालन की अनुमति दी गई है। इसी बीच दूल्हा जयराम कुमार अपनी शादी के लिए गंगा पार जाने पहुंचे, लेकिन थोड़ी देर होने की वजह से नाव सेवा बंद हो चुकी थी। ऐसे में दूल्हा और उसके परिजन परेशान हो गए।

दूल्हे जयराम कुमार ने भावुक अंदाज में कहा- डीएम साहब, शादी करा दीजिए। वहीं उनके जीजा मुकेश कुमार ने बताया कि अगर समय पर गंगा पार नहीं हो पाए, तो शादी का शुभ मुहूर्त निकल जाएगा और पूरा कार्यक्रम प्रभावित हो जाएगा।

# सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड अंतर्गत एन, एच 19 से बनिया ग्राम तक पी,सी,सी सड़क का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग औरंगाबाद के द्वारा किया गया है। सड़क निर्माण करवाने में संवेदक मेसर्स रामानंदन कंस्ट्रक्शन के द्वारा अनियमितता बरती गई है सड़क कई जगहों पर फट गया है।

पूर्व में भी मैं जिला पदाधिकारी औरंगाबाद एवं कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग औरंगाबाद को आवेदन पत्र लिखकर जांच की मांग की थी। पुनः सहायक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग मदनपुर को भी सूचित कर दिया हूं। संवेदक द्वारा कोई सुधार नहीं किया गया है। पीसीसी रोड से बालू निकलते रहने के कारण ढलाई से छररी नीकल आया है जिसके कारण पैदल यात्रा करने वाले लोगों के पैरों में गड़ रहा है।

पत्र में कहा गया है कि जिला पदाधिकारी औरंगाबाद को आवेदन पत्र लिखकर मैं मांग करता हूं कि अविलंब जांच करवाते हुए क्रेक हुए सड़क को ठीक करवाने एवं छुटे हुए कार्य को पूरा करवाने की मांग करता हूं।

# जिप के पूर्व अध्यक्ष ने डैम में फाटक लगाने के लिए सरकार को लिखा पत्र



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** झारखंड राज्य के कुटकु डैम में प्राथमिकता के आधार पर गेट लगवाने के लिए औरंगाबाद जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष सह पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह ने भारत सरकार की जल शक्ति विभाग के मंत्री को पत्र लिखा।प्रेषित पत्र में उन्होंने बताया कि कुटकु डैम की शुरूआत 1975 ई के आसपास हुआ था। वर्तमान प्रधानमंत्री द्वारा गया के गांधी मैदान में 2014 ईस्वी में मंच से घोषणा किए थे कि यदि छः माह के अंदर में इस क्षेत्र में उत्तर कोयल नहर का लाल पानी लेकर नहीं आया तो इस क्षेत्र में दोबारा नहीं आऊंगा। उसके कुछ वर्षों के बाद डाल्टनगंज के एयरपोर्ट पर भी इस कार्य के शुभारंभ के लिए शिलान्यास भी किया था। घोषणा के बावजूद भी आज तक सिर्फ मुख्य नहर के वितरणी के निर्माण के लिए जमीन का अधिग्रहण हो रहा है। जबकि, सबसे महत्वपूर्ण कार्य फाटक लगवाना है। विभागीय उच्चाधिकारियों से जानकारी मिली है कि इस वर्ष भी फाटक लगने की उम्मीद नहीं है। कुटकु डैम में जब तक फाटक नहीं लगता है तब तक मुख्य नहर में वितरणों का कार्य करने से किसानों को कोई लाभ होने वाला नहीं है। यदि गेट लग जाता है तो पलामू, औरंगाबाद एवं गया के किसानों के सवा लाख हेक्टयर जमीन सिंचित हो जाएगा। पूर्व अध्यक्ष द्वारा पत्र से संबंधित प्रतिलिपि वर्तमान सांसद,सभी सक्षम पदाधिकारी एवं पोषक क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों को सुपुर्द की है।

# राजकीय डिग्री महाविद्यालय के प्राचार्य ने किया पद भार ग्रहण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नगरनौसा(नालंदा)।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय अंतर्गत कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आर्ट्स एंड साइंस, पटना के राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. (प्रो.) संजय कुमार ने आज राजकीय डिग्री महाविद्यालय, नगरनौसा (नालंदा) के प्राचार्य पद का विधिवत पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण समारोह महाविद्यालय परिसर में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर डॉ. संजय कुमार ने पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन वे पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से करेंगे। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन, शैक्षणिक वातावरण एवं छात्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु सभी शिक्षकों, कर्मियों एवं विद्यार्थियों के सहयोग से सकारात्मक प्रयास किए जाएंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज एवं राष्ट्र निर्माण का सशक्त आधार है। महाविद्यालय को शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं नैतिक मूल्यों का केंद्र बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा।

इस अवसर पर पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य अजय यादव, गंगा देवी महिला महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राध्यापक अमीय कुमार, मगध विद्यापीठ +2 उच्च विद्यालय, लोदीपुर के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार पांडे, मध्य विद्यालय नगरनौसा के शिक्षक सत्यनारायण प्रसाद, मध्य विद्यालय लोदीपुर के शिक्षक अखिलेश कुमार, अशोक कुमार पांडे, यास्मीन प्रवीण, रंजू कुमारी, प्रियंका रानी, उमाशंकर एवं राधा रमण सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उपस्थित सभी शिक्षकों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने डॉ. संजय कुमार को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

# जीवन प्रमाणीकरण में तेजी लाने का निर्देश, 87 हजार से अधिक मामले लंबित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय नगर**। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा कार्यालय प्रकोष्ठ में सामाजिक सुरक्षा कोषांग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग एवं बाल संरक्षण इकाई की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी विभागों की योजनाओं की समीक्षा की गई। सर्वप्रथम विभिन्न पेंशन योजनाओं, अनुदान योजनाओं तथा वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों के कल्याण हेतु संचालित कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि वर्तमान में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांगता पेंशन, बिहार राज्य निशक्तता पेंशन, लक्ष्मी बाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना सहित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत जिले में कुल 3,11,202 लाभार्थी हैं। बैठक में जीवन प्रमाणीकरण कार्य की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सहायक निदेशक को सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के माध्यम से इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। बताया गया कि 8 मई 2026 तक जिले के 2,23,800 लाभार्थियों का जीवन प्रमाणीकरण पूर्ण किया जा चुका है, जबकि 87,529 लाभार्थियों का प्रमाणीकरण अभी शेष है। इस वर्ष जनवरी से मई 2026 के बीच 2,091 लाभार्थियों को मृत्यु दर्ज किया गया। इसके अतिरिक्त 227 लाभार्थियों के बैंक खातों में सुधार तथा 87 लाभार्थियों की योजनाओं में आवश्यक परिवर्तन की प्रक्रिया पूर्ण की गई।अनुदान योजनाओं की समीक्षा में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में ई-सुविधा पोर्टल के माध्यम से राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना के तहत 55, मुख्यमंत्री परिवार लाभ योजना के तहत 8 तथा कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना के तहत 229 लाभार्थियों को लॉक फॉर पेमेंट किया गया है। विवाह प्रोत्साहन योजनाओं के अंतर्गत मुख्यमंत्री अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना में 03 तथा मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना में 1 आवेदन प्राप्त हुए हैं।जनशिकायतों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। वहीं माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण अधिनियम 2007 के तहत विभिन्न अनुमंडलों में प्राप्त कुल 194 वादों में से 172 मामलों का निष्पादन किया गया है। दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु संचालित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में बैटरी चालित ट्राईसाइकिल हेतु स्वीकृत लाभार्थियों को यथाशीघ्र ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। साथ ही विशिष्ट दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लंबित आवेदनों को निष्पादित कराने हेतु सिविल सर्जन से समन्वय करने का निदेश दिया। बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित आवेदनों एवं शिकायतों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े जरूरतमंद व्यक्तियों तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुगमता एवं पारदर्शिता के साथ पहुंचाया जा सके।

## सीएम ने किया सहयोग पोर्टल का शुभारंभ

**बेगूसराय नगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। बिहार सरकार द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से सबका सम्मान, जीवन आसान कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा सहयोग पोर्टल का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा लाइव प्रसारण समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन, बेगूसराय में किया गया।कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि आम नागरिक अब sahyog.bihar.gov.in पोर्टल के माध्यम से अपनी शिकायतें एवं समस्याएं ऑनलाइन दर्ज करा सकेंगे। साथ ही सहयोग हेल्पलाइन नंबर-1100 का भी शुभारंभ किया गया, जो प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक संचालित रहेगा। इस हेल्पलाइन के माध्यम से नागरिक अपनी समस्याओं को सीधे दर्ज करा सकेंगे, जिससे शिकायतों के त्वरित निष्पादन में सहायता मिलेगी।राज्य सरकार द्वारा यह व्यवस्था सुनिश्चित की गई है कि प्राप्त शिकायतों का निपटारा 30 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाएगा तथा समस्या के समाधान के उपरांत आवेदक को लिखित रूप से सूचना भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को "सहयोग शिविर" का आयोजन किया जाएगा, जहां आमजन की समस्याओं के ऑन-द-स्पॉट समाधान का प्रयास किया जाएगा। समाहरणालय स्थित कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, पुलिस अधीक्षक श्री मनीष, उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी, अपर समाहर्ता, नगर आयुक्त नगर निगम, सिविल सर्जन सहित सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आईआईटी मद्रास के बीएस डिग्री प्रोग्राम में नामांकन शुरू




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जयपुर**। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) ने शैक्षणिक सत्र 2026 के लिए अपने प्रतिष्ठित बीएस डिग्री प्रोग्राम में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक अभ्यर्थी 31 मई, 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। यह प्रोग्राम कक्षा 12 उत्तीर्ण सभी उम्मीदवारों के लिए खुला है और इसमें आयु की कोई सीमा निर्धारित नहीं की गई है। संस्थान द्वारा चार प्रमुख प्रोग्राम—बीएस इन डेटा साइंस एंड एप्लिकेशंस, बीएस इन इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम्स, बीएस इन मैनेजमेंट एंड डेटा साइंस तथा बीएस इन एरोनॉटिक्स एंड स्पेस टेक्नोलॉजी—की पेशकश की जा रही है। इन पाठ्यक्रमों की संरचना इस प्रकार तैयार की गई है कि विद्यार्थी इन्हें स्वतंत्र डिग्री के रूप में या किसी अन्य नियमित स्नातक पाठ्यक्रम के साथ समानांतर रूप से भी कर सकते हैं। यह कार्यक्रम मुख्यतः ऑनलाइन माध्यम से संचालित होता है, जबकि परीक्षाएं देशभर के निर्धारित केंद्रों पर ऑफलाइन आयोजित की जाती हैं। छात्रों को अपनी गति से अध्ययन करने की सुविधा के साथ सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और डिग्री जैसे विभिन्न एग्जिट विकल्प भी उपलब्ध कराए गए हैं। आईआईटी मद्रास के डीन (अकादमिक कोर्स) प्रो. प्रताप हरिदोस ने कहा कि यह प्रोग्राम विद्यार्थियों को लचीले ढंग से उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करता है और उन्हें डेटा व प्रौद्योगिकी आधारित कौशल विकसित करने में सक्षम बनाता है। उन्होंने बताया कि यह पहल छात्रों को अन्य शैक्षणिक या पेशेवर पाठ्यक्रमों के साथ-साथ आईआईटी स्तर की शिक्षा प्राप्त करने का अवसर देती है। गौरतलब है कि इस प्रोग्राम में प्रवेश के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) उत्तीर्ण करना अनिवार्य नहीं है। अभ्यर्थियों का चयन एक विशेष क्वालिफायर प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के योग्य विद्यार्थियों को 75 प्रतिशत तक शुल्क सहायता भी प्रदान की जाती है, जिससे उच्च शिक्षा सभी वर्गों के लिए सुलभ हो सके।

आईआईटी मद्रास का यह प्रयास देशभर में गुणवत्तापूर्ण और लचीली शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### 30 दिनों में फाइल...

की समस्याओं का सामधान करें क्योंकि राज्य में हत्या के 60 प्रतिशत मामले जमीन विवाद से जुड़े होते हैं। सीएम ने कहा कि आमजनों को कोई तकलीफ नहीं आए, इसका खयाल जिलों के डीएम-एसपी करें। उच्च स्तर के अधिकारी उनके कार्यकलाप पर नजर रखें। मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था को लेकर भी सख्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून का राज कायम रखना सरकार की प्राथमिकता है। अगर कोई अपराधी पुलिस या प्रशासन को चुनौती देगा तो उसे 48 घंटे के भीतर जवाब मिलेगा। उन्होंने साफ कहा कि अपराधी किसी भी जाति या धर्म का हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा। बिहार को अपराधमुक्त बनाना सरकार का लक्ष्य है और सुशासन की रफ्तार को और तेज किया जाएगा ताकि उद्योग और निवेश के लिए बेहतर माहौल बन सके।

### कानून के पालन...

करने वालों के खिलाफ हर हाल में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। सामुदायिक पुलिसिग को मजबूत करने के लिए आईजी ने हर थाना में सीनियर सिटिजंस सेल बनाने का निर्देश दिया है। इसका उद्देश्य बुजुर्गों की समस्याओं का नियमित समाधान करना होगा। इसके अलावा प्रत्येक महीने के पहले शनिवार को थाना क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों पर जनता-पुलिस संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में आम लोग अपनी शिकायतें और सुझाव सीधे पुलिस अधिकारियों के सामने रख सकेंगे। आईजी ने कहा कि पुलिस थानों का रात के समय औचक निरीक्षण किया जाएगा। लॉकअप की जांच कर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कहीं कोई अवैध हिरासत या अवैध वसूली जैसी गतिविधि तो नहीं चल रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस बल की कार्यक्षमता बढ़ाने के साथ-साथ जवानों के कल्याण और मनोबल को मजबूत करने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। नए आईजी के इस सख्त और स्पष्ट संदेश के बाद मगध प्रक्षेत्र के पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई है। वहीं आम लोगों के बीच भी उम्मीद जगी है कि अब पुलिस व्यवस्था में जवाबदेही बढ़ेगी और शिकायतों पर त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई देखने को मिलेगी।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में बच्ची की मौत

**नावकोठी**। थाना क्षेत्र के बखरी-पहसारा मुख्य सड़क पर सोमवार की सुबह तेज गति से जा रही अनियंत्रित स्कॉर्पियो की चपेट में आने से छह वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में मातम पसरा है, वहीं लोगों में प्रशासन और तेज रफ्तार वाहनों के खिलाफ भारी आक्रोश देखा गया। मृत बच्ची की पहचान पहसारा पूर्वी पंचायत के पीरनगर वार्ड संख्या 10 निवासी राजो पासवान की पुत्री अंशिका कुमारी के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह के समय अंशिका घर से निकलकर सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान बखरी की ओर से मंझौल जा रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उसे जोरदार ठोकर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि बच्ची सड़क पर गिर पड़ी और सिर में गंभीर चोट लगने से घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। मौके पर पहुंचे पूर्व विधायक सूर्यकांत पासवान, मुखिया दिनेश यादव तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। करीब एक घंटे बाद सड़क जाम समाप्त हुआ और आवागमन सामान्य हो सका।

### प्रथम प्राचार्य के रूप में प्रो. कमलेश कुमार का स्वागत, उच्चस्तरीय कॉलेज बनाने का संकल्प

**बलिया**। साहेबपुर कमाल प्रखंड में स्थापित राजकीय डिग्री कॉलेज को अपना पहला प्राचार्य मिल गया है। रामचरित्र सिंह महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. कमलेश कुमार ने सोमवार को रघुनाथपुर उच्च विद्यालय परिसर में औपचारिक रूप से प्राचार्य पद का योगदान दिया। बिहार सरकार एवं विश्वविद्यालय से मान्यता मिलने के बाद उनके आगमन पर स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजित स्वागत समारोह में प्राचार्य डॉ. कमलेश कुमार को चादर, बुके और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रघुनाथपुर उच्च विद्यालय एवं मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, साहेबपुर कमाल के पूर्व प्रमुख मनोज कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि मनीष कुमार, पूर्व मुखिया गोरेलाल यादव, जदयू नेता पंकज कुमार, शकुंतला गुप्ता, बलिया व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश सिंह, पैक्स अध्यक्ष प्रेम कुमार मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पूर्व प्रमुख मनोज कुमार ने हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया, जबकि प्रमुख प्रतिनिधि मनीष कुमार ने कॉलेज के लिए नए भवन हेतु भूमि उपलब्ध कराने की बात कही। समारोह में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के राष्ट्रीय नेता निशांत कुमार, कांग्रेस नेता कुमार गौरव, पत्रकार संजय कुमार, कृष्णकांत गांधी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सहयोग का भरोसा दिलाया।

### सामुदायिक पुस्तकालय भवन का जिला पार्षद ने किया लोकार्पण

**वीरपुर**। प्रखंड के भवानंदपुर पंचायत अंतर्गत शिवनगर ग्राम वार्ड संख्या 11 में शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता को नई दिशा देने की उद्देश्य से सात लाख चौतीस हजार तीन सौ रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक पुस्तकालय भवन का उद्घाटन जिला पार्षद शिल्पी कुमारी द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं समाजसेवियों के द्वारा गर्मजोशी से फूल माला से स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित समाजसेवी सह प्रतिनिधि रौशन चौरसिया ने कहा कि पुस्तकालय किसी भी समाज की बौद्धिक चेतना का केंद्र होता है। यह केवल पुस्तकों का संग्रहालय नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कार और जागरूकता का ऐसा मंदिर है, जहाँ से नई पीढ़ी अपने सपनों को आकार देती है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तकालय बच्चों, युवाओं एवं समाज के सभी वर्गों को अध्ययन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तथा सकारात्मक चिंतन के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराएगा।शिक्षा समाज के विकास की सबसे मजबूत नींव है और ऐसे जनहितकारी प्रयास निश्चित रूप से आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### पूर्व पंसस व उप प्रमुख पति की हत्या

**आरा**। भोजपुर जिले में पूर्व पंचायत समिति सदस्य (पंसस) एवं वर्तमान उप प्रमुख के पति की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या का मामला सामने आया है। नारायणपुर थाना क्षेत्र के चवरिया गांव के बधार से सोमवार सुबह उनका शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान गड़हनी थाना क्षेत्र के बगवां गांव निवासी 40 वर्षीय संजीत कुमार सिंह उर्फ टंटन कुमार के रूप में हुई है। उनके मुंह से झाग निकलता मिला, जिससे परिजन चुनावी रंजिश में जहर देकर हत्या की आशंका जता रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ-वन राजकुमार साह, पीरो एसडीपीओ कृष्ण कुमार सिंह समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एफएसएल टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। इधर, आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बगवां रेलवे गुमटी के पास सड़क जाम कर दिया, जिससे करीब दो घंटे तक आवागमन बाधित रहा। बाद में पुलिस ने समझाकर जाम हटवाया। मृतक के भाई शैलेंद्र सिंह के अनुसार, संजीत रविवार दोपहर घर से निकले थे और रात तक नहीं लौटे। सोमवार को उनका शव मिला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम तीन सदस्यीय मेडिकल बोर्ड से कराया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट होंगे। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा है।

# बिहार विधान परिषद् उप चुनाव को लेकर मतदान आज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा**। बिहार विधान परिषद् के भोजपुर-सह-बक्सर स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र का उप निर्वाचन, 26 को लेकर मतदान 12 मई (मंगलवार) को होगा। वोटिंग सुबह 8 बजे से अपराह्न 4 बजे तक होगा। इसको लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस संबंध में जिला निर्वाची पदाधिकारी तनय सुल्तानिया ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि उप चुनाव को लेकर भोजपुर और बक्सर में कुल 25 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जिसमें भोजपुर में 14 एवं बक्सर-11 मतदान केन्द्र है। दोनों जिलों में निर्वाचकों की संख्या कुल संख्या 6086 है। जिसमें पुरुष निर्वाचकों की संख्या-2,832 एवं महिला निर्वाचकों की संख्या-3,254 है। उप चुनाव में कुल छह प्रत्याशी मैदान में हैं। जिसमें कन्हैया प्रसाद, पिता-राधाचरण साह, (जदयू), सोनु कुमार राय (राजद), कन्हैया प्रसाद पिता-राम लायक महतो (निर्दलीय), निरंजन कुमार राय (निर्दलीय), मनोज कुमार उपाध्याय (निर्दलीय) एवं लालू प्रसाद यादव (निर्दलीय) है। उप चुनाव को लेकर राजीव रौशन (भाप्रसे) सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, बिहार प्रेक्षक बनाए गए हैं। वही सहायक निर्वाची पदाधिकारी श्रेया विजय चौधरी (अनुमंडल पदाधिकारी, आरा सदर), कृष्ण कुमार उपाध्याय (अनुमंडल पदाधिकारी, पीरो), संजीत कुमार, (अनुमंडल पदाधिकारी, जगदीशपुर), अविनाश कुमार (अनुमंडल पदाधिकारी, बक्सर) एवं राकेश कुमार अनुमंडल पदाधिकारी डुमरांव) है। उप चुनाव को लेकर नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। जिसका दूरभाष संख्या-0612-2215611 है।

## स्कार्पियो की ठोकर से किशोरी की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा**। आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के बड़हरा गांव के समीप सोमवार की दोपहर स्कार्पियो की ठोकर से आठ वर्षीया बच्ची की मौत हो गई। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद चालक स्कॉर्पियो लेकर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार मृत बच्ची चरपोखरी थाना क्षेत्र के बड़हरा गांव निवासी सुमन कुमार की 8 वर्षीया पुत्री सुधा कुमारी है। वह पांचवी कक्षा की छात्रा थी। इधर, मृत बच्ची के करीबी बिट्टू कुमार ने बताया कि वह सोमवार की सुबह बड़हरा स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पढ़ने गई थी। लंच होने के बाद वह खाना खाने के लिए घर पर आ रही थी। इसी क्रम में बड़हरा गांव के समीप सड़क पार कर रही थी। तभी विपरीत दिशा से आ रही स्कार्पियो ने उसे ठोकर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। तब उसे इलाज के लिए चरपोखरी सीएचसी से सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा का पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जाता है कि मृत बच्ची अपने एक भाई व एक बहन में बड़ी थी। वह अपने मां-बाप की लाडली थी। उसके परिवार मे मां रिंकी देवी एवं एक भाई आर्यन कुमार है।

# बिहार के आख़िरी गांव तक पहुंची शिक्षा संकल्प यात्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर**। शिक्षाविद् व मार्गदर्शक निमेष शुक्ला की अगुवाई में संचालित दो सौ एक दिवसीय राज्यव्यापी "शिक्षा संकल्प यात्रा" जिले के पीरपैंती प्रखंड के अम्मापाली गांव स्थित उत्क्रमित उच्च मध्य विद्यालय में सोमवार को पहुंची। शिक्षा संकल्प यात्री के नेतृत्वकर्ता निमेष शुक्ला ने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को भविष्य में लक्ष्य प्राप्त करने और जीवन मे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि नालंदा, शेखपुरा, लखीसराय, मुंगेर सहित चार जिलों की यात्रा पूरी करने के बाद, यह अभियान अब भागलपुर के विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति जागरूक कर रहा है। इस यात्रा का लक्ष्य बिहार के मेधावी और जिज्ञासु विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें "अध्ययन वीर" के रूप में तैयार करना। उन्होंने कहा कि उनकी टीम भागलपुर जिले के विभिन्न विद्यालयों और ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर छात्रों के साथ सीधा संवाद कर रही हैं। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अध्ययन की प्रभावी पद्धतियों, आधुनिक करियर विकल्पों और कौशल विकास की जानकारी दी जा रही है। जिले में शिक्षा संकल्प यात्रा में सहयोगी की भूमिक में शामिल भाजपा उद्योग मंच के सह- संयोजक दिलीप मिश्रा ने कहा कि हर बच्चे में भावी अधिकारी बनने की अपार क्षमता है, बस उन्हें सही मार्गदर्शन और आत्मविश्वास की आवश्यकता है। इस मौके पर विधालय में बिहार मुखिया संघ के उपाध्यक्ष झुंपा सिंह ने निमेष शुक्ला, दिलीप मिश्रा एवं परमेश्वर सिंह का भव्य स्वागत किया और इस यात्रा के इस पहल की सराहना की। इधर यहां के बाद यह यात्रा बिहार के अन्य जिलों में जाएगी।

# मजबूत प्रदर्शन के साथ उज्जीवन एसएफबी की छलांग, लोन बुक 26.6% बढ़ी, तिमाही लाभ 282 करोड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेंगलुरु**। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (उज्जीवन एसएफबी) ने वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही के वित्तीय परिणाम जारी करते हुए मजबूत व्यावसायिक प्रदर्शन दर्ज किया है। बैंक की ग्रॉस लोन बुक (जीएलबी) सालाना आधार पर 26.6% बढ़कर 40,655 करोड़ रुपए पहुंच गई, जबकि तिमाही आधार पर इसमें 9.7% की वृद्धि दर्ज की गई। तिमाही के दौरान बैंक ने अब तक का सबसे अधिक 9,811 करोड़ रुपए का डिस्बर्समेंट किया, जो सालाना आधार पर 32.1% अधिक है। वहीं, वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ (पीएटी) 238.2% की वृद्धि के साथ 282 करोड़ रुपए रहा। नेट इंटरेस्ट मार्जिन (एनआईएम) भी 20 बेसिस पॉइंट बढ़कर 8.5% पर पहुंच गया। बैंक के डिपॉजिट्स में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। कुल डिपॉजिट्स 21.4% बढ़कर 45,668 करोड़ रुपए हो गए, जबकि सीएएसए अनुपात सुधरकर 28.6% पर पहुंच गया। रिटेल टर्म डिपॉजिट और सीएएसए की संयुक्त हिस्सेदारी कुल डिपॉजिट्स में 70% रही। एसेट क्वालिटी के मोर्चे पर भी बैंक ने सुधार दिखाया है। जीएनपीए और एनएनपीए क्रमशः घटकर 2.27% और 0.43% रह गए, जबकि प्रोविजन कवरेज रेशियो बढ़कर 81% हो गया। कलेक्शन एफिशिएंसी 99.8% दर्ज की गई, जो मजबूत रिकवरी का संकेत है। सिक्योर्ड लोन पोर्टफोलियो में 43.5% की सालाना वृद्धि के साथ यह 20,079 करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जिससे कुल लोन बुक में इसकी हिस्सेदारी बढ़कर 49.4% हो गई। गोल्ड, वाहन और कृषि ऋण जैसे नए सेगमेंट्स का योगदान भी तेजी से बढ़ा है। बैंक के एमडी एवं सीईओ संजीव नौटियाल ने कहा कि मजबूत घरेलू आर्थिक आधार और सरकारी पहलों के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था में निरंतर वृद्धि की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि बैंक भविष्य में अपने लोन पोर्टफोलियो में विविधता बढ़ाने और यूनिवर्सल बैंक बनने के लक्ष्य की दिशा में प्रतिबद्ध है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई—निविदा नोटिस**

**सं०— 09 ऑफ 2026—27/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ—साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोकनिर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई—निविदा) आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं०—05—डीडीयू—व०मं०इंजी०—II—26—27** **(i) कार्य का नाम एवं लोकेशनः** सहायक मंडल अभियंता/डेहरी—ऑन—सोन और सहायक मंडल अभियंता/गया के तहत GRRU, RFJ, PES और DOS में आरजीएम/मशीन साइडिंग का उन्नयन।, **(ii) कार्य का अनुमानित लागत :** रू० 22048530.26, **(iii) धरोहर राशिः** रू० 441000.00

**निविदा सं०—06—डीडीयू—व०मं०इंजी०—II—26—27** **(i) कार्य का नाम एवं लोकेशनः** सहायक मंडल अभियंता/डेहरी के तहत अन्य सहायक कार्य के साथ पंप हाउस और जल आपूर्ति पाइपलाइन के साथ नए विकासशील सर्कुलेटिंग एरिया (दक्षिण की ओर) के सरेखण के तहत आने वाले गहरे ट्यूबवेल के एवज में सासाराम स्टेशन पर गहरे ट्यूबवेल का प्रतिस्थापना।, **(ii) कार्य का अनुमानित लागत :** रू० 7403654.75, **(iii) धरोहर राशिः** रू० 148100.00

**निविदा सं०—04—डीडीयू—व०मं०इंजी०—I—26—27** **(iv) कार्य का नाम एवं लोकेशनः** सहायक मंडल अभियंता/II/ डीडीयू के तहत मानपुर—डीडीयू में टीटीआर के लिए चिपके जोड़ो और स्लीपर के माध्यम से रेल का आकस्मिक नवीनीकरण।, **(v) कार्य का अनुमानित लागत :** रू० 7278737.01, **(vi) धरोहर राशिः** रू० 145600.00

**(vii) ई—निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 29.05.2026 को 12:00 बजे तक, **(viii) वेबसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in**

**नोटः विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।**

मंडल रेल प्रबन्धक,
पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/0198/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/26—27/56

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: 13—एसडीएसटीई—एएसएन—2026—27, दिनांक 08.05.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन—713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम/स्थानः** आसनसोल मंडल :आसनसोल में डीआरएम कार्यालय और रेलवे ऑफिसर्स कॉलोनी में सीसीटीवी का प्रावधान और आसनसोल मंडलः विभिन्न स्टेशन/यार्ड में सीसीटीवी कैमरे की आवश्यकता। **निविदा मूल्यः** रु. 1,19,45,872.65, **बयाना राशिः** रु. 2,38,900/—, **कार्य की समापन अवधिः** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समयः** 04.06.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरणः http://www. ireps.gov.in/**

ASN-66/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा संख्याः एसएएनडीटी—सीओएन—02—2026—एसडीएएच, दिनांक 08.05.2026,** उप सीएसटीई/निर्माण/सियालदह आर.एम.एस. बिल्डिंग (दूसरी मंजिल), सियालदह, कोलकाता—700014 द्वारा द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा संख्याः एसएएनडीटी—सीओएन—02—2026—एसडीएएच के प्रतिपक्ष खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नामः** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में बनगांव—रानाघाट डबल लाइन कार्य के संबंध में बनगांव—रानाघाट खंड के लिए अतिक्रमण हटाने का कार्य। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 12,74,73,952.30, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति :** रु. 25,49,500/—, **निविदा कागजात का मूल्यः** रु. 0.00, **समापन अवधिः** 06 माह। **प्रस्ताव की वैधताः** 60 दिन। **बोली प्रारंभ होने की तिथिः** 18.05.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** 01.06.2026 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है।

CON-05/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**बिहार सरकार**

**समाहरणालय औरंगाबाद**

**—: कोटेशन आमंत्रण सूचना :—**

**(अति अल्पकालीन)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत श्री उपेन्द्र कुशवाहा माननीय सांसद (राज्यसभा) द्वारा श्री बृज किशोर सिंह, पिताः— श्री शिवप्रसाद सिंह, ग्राम—शंकरपुर, पो0—कैथी, प्रखंड—ओबरा, जिला—औरंगाबाद को Purchase of Above Knee Prosthesis Adult K4. उपलब्ध कराने हेतु की गई अनुशंसा के आलोक में जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद द्वारा योग्य आपूर्तिकर्त्ता से कोटेशन आमंत्रित किया जाता है।

इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/फर्म निम्न वर्णित शर्तों को पूरा करते हुए अपना—अपना कोटेशन बन्द लिफाफा में कार्यालय अवधि में दिनांक 18.05.2026 के अप0 04:00 बजे तक निम्न शर्तो के अधीन जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद में समर्पित कर सकते है। शर्ते निम्नवत है :—

1. फर्म/संस्थान के निबंधन से संबंधित कोई एक प्रमाण—पत्र की छायाप्रति यथा—Shop Establishment/General Trade license/M.S.M.E. उद्यम पंजीकरण कोटेशन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. फर्म/संस्थान को GST में निबंधित होने से संबंधी प्रमाण—पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. फर्म/संस्थान को किसी भी सरकारी/अर्द्धसरकारी/गैर सरकारी संस्थान के द्वारा काली सूची में सम्मिलित नहीं किए जाने से संबंधित नोटरी से सत्यापित शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. फर्म/संस्थान को अपनी फर्म का मेडिकल क्षेत्र में कार्य करने से संबंधित अनुभव प्रमाण—पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। उक्त हेतु कार्य किये जाने का प्रमाण—पत्र संलग्न करना होगा (कार्यादेश/भुगतान आदेश)।
5. फर्म/संस्थान को विशिष्टियों के अनुरूप आपूर्ति की जाने वाली Purchase of Above Knee Prosthesis Adult K4 का प्रति ईकाई दर सभी कर सहित अंक एवं शब्दों दोनों में अंकित करना अनिवार्य होगा।
6. कार्यादेश के अनुरूप उक्त सामग्री की आपूर्ति निर्धारित समय सीमा के अन्दर करना अनिवार्य होगा। उक्त के लिए किसी भी प्रकार की अतिरिक्त राशि देय नहीं होगा।
7. फर्म/संस्थान को उक्त सामग्री की आपूर्ति करने के उपरान्त सभी अनुमान्य आवश्यक करों की कटौती के बाद ही भुगतान योग्य अनुमान्य राशि का भुगतान किया जायेगा।

**अविनाश प्रकाश**
**जिला योजना पदाधिकारी, औरंगाबाद**

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**PR. No. 002929 (Planning) 2026-27**

**नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।**

# किसानों को शीघ्र मिले उत्तर कोयल नहर का लाभ : मुख्य सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर कोयल नहर परियोजना से संबंधित निर्माण कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी उपेंद्र पंडित, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। गौरतलब है कि उत्तर कोयल जलाशय परियोजना झारखंड राज्य से प्रारंभ होकर बिहार के औरंगाबाद जिले के नवीनगर, कुटुंबा, देव, औरंगाबाद एवं मदनपुर प्रखंडों से होकर गया जिले में प्रवेश करती है। यह एक महत्वाकांक्षी सिंचाई परियोजना है जिसके अंतर्गत कुल 09 पैकेज (पैकेज-03 से पैकेज-11) सम्मिलित हैं। परियोजना की कुल लंबाई 77.69 किलोमीटर है जिसमें लगभग 12 किलोमीटर गया जिले में तथा शेष 61.69 किलोमीटर औरंगाबाद जिले में अवस्थित है। समीक्षा के दौरान परियोजना की भौतिक प्रगति, निर्माण कार्यों की स्थिति, भूमि अधिग्रहण, मानव संसाधन एवं मशीनरी की उपलब्धता सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। परियोजना की समग्र भौतिक प्रगति 59.32 प्रतिशत दर्ज की गई जबकि पिछले 07 दिनों में



1.07 प्रतिशत की प्रगति हुई है। बैठक में बताया गया कि विभिन्न पैकेजों में लाइनिंग, स्ट्रक्चर निर्माण एवं अन्य कार्य प्रगति पर हैं। पैकेज-03 एवं 04 में लगभग 78 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो चुके हैं जबकि अन्य पैकेजों में भी निर्माण कार्य तेजी से संचालित किए जा रहे हैं। समीक्षा के क्रम में मानव संसाधन एवं मशीनरी की उपलब्धता पर भी चर्चा की गई। संबंधित एजेंसियों को आवश्यक मशीनरी एवं जनशक्ति की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। बैठक में वितरण प्रणाली से संबंधित निविदा प्रक्रिया की भी समीक्षा की गई। जानकारी दी गई कि नवीनगर, अंबा, औरंगाबाद एवं मदनपुर डिवीजन से संबंधित री-टेंडर प्रक्रिया प्रगति पर है तथा वैपकोस को आवश्यक कार्रवाई शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। भूमि अधिग्रहण की समीक्षा के दौरान बताया गया कि औरंगाबाद जिले में कुल 41.251 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जानी है जिसमें से 38.5734 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है। शेष भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। वहीं गया जिले में कुल 96.749 हेक्टेयर भूमि में से 88.045 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है। बैठक में यह भी बताया गया कि बिहार लैंड लीज पॉलिसी, 2014 के अंतर्गत औरंगाबाद जिले में 70 रैयतों में से 69 रैयतों का निबंधन पूर्ण कर लिया गया है तथा शेष 01 रैयत का निबंधन प्रक्रियाधीन है। अंत में मुख्य सचिव ने परियोजना की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया ताकि परियोजना से क्षेत्र के किसानों को शीघ्र लाभ मिल सके।

# स्कार्पियो-बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** एनएच 139 दाउदनगर-औरंगाबाद पथ पर अकबरपुर के पास स्कॉर्पियो से कुचलकर बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। यह सड़क मौत का मार्ग बन गया है। सड़क दुर्घटनाओं में इस पथ पर लगातार मौतें हो रही हैं। इसके चौड़ीकरण की मांग उठती रहती है। सड़क चौड़ीकरण करने व फोरलेन निर्माण की मांग को लेकर आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। लगभग तीन घंटे एनएच पर यातायात प्रभावित रहा। मृतकों की पहचान शमशेर नगर निवासी रणविजय यादव के पुत्र सोनू कुमार तथा राम टोली निवासी उदय राम के पुत्र साहिल कुमार के रूप में हुई है। दोनों वीडियो कैमरा से फोटोग्राफी का काम करते थे। सोमवार को दोनों तरारी वैवाहिक कार्यक्रम में जा रहे तभी दुर्घटना के शिकार हो गये। मौके पर जिला पार्षद अरविंद कुमार समेत कई जनप्रतिनिधि व ग्रामीण पहुंचे। सीओ शैलेंद्र कुमार यादव, अपर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार, एएसआई मनोज कुमार, शबनम खातून एवं बबलू कुमार मौके पर पहुंचे। मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये का चेक दिया गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोगों का कहना था कि सड़क संकरी होने और लगातार बढ़ते वाहनों के दबाव के कारण इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इधर विधायक डॉ प्रकाश चंद्र ने दो युवकों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। कहा कि उन्होंने हाल ही में बिहार के नए पथ निर्माण मंत्री से व्यक्तिगत वार्ता की है और इस मार्ग के चौड़ीकरण की आवश्यकता पर बल दिया है। मंत्रालय की ओर से सकारात्मक पहल करने का आश्वासन प्राप्त हुआ है।

# रेलवे ट्रैक से अज्ञात युवक का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नवीनगर थाना क्षेत्र के नवीनगर रोड व नवाडीह रेलवे स्टेशन के बीच पोल संख्या 376/25 के पास रेलवे ट्रैक से एक अज्ञात युवक का शत-विक्षत शव बरामद किया गया है। युवक का सिर और धड़ अलग होने से इलाके में सनसनी फैल गई। इसको लेकर लोगों में हत्या या दुर्घटना की आशंका को लेकर तरह-तरह की चर्चा हो रही है। जानकारी के अनुसार सोमवार को रेलवे ट्रैक पर शव देखे जाने के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों द्वारा सूचना दिए जाने पर नवीनगर थाना पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जरूरी कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मृतक की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष के बीच बताई जा रही है। शव की हालत इतनी खराब है कि उसकी पहचान करना फिलहाल मुश्किल हो रहा है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि प्रथम दृश्यता में यह ट्रेन हादसा है। हालांकि पुलिस घटना के अलग-अलग बिंदुओं पर जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम करा कर 72 घंटे के लिए पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है।

# लोगों की शिकायतों का होगा त्वरित और पारदर्शी समाधान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा पटना में आयोजित कार्यक्रम में बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी पहल सबका सम्मान, जीवन आसान के अंतर्गत आमजन की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान हेतु आज ल्लसहयोग हेल्पलाइन नंबर 1100 एवं सहयोग पोर्टल का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का समाहरणालय के योजना भवन के सभा कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया, जिसमें जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल एवं उप विकास




आयुक्त अनन्या सिंह सहित अन्य पदाधिकारी जुड़े रहे। सहयोग हेल्पलाइन नंबर 1100 प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से रात्रि 80 बजे तक संचालित रहेगी, जहां आम नागरिक अपनी समस्याओं एवं शिकायतों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त नागरिक सहयोग पोर्टल पर कभी भी ऑनलाइन परिवाद/आवेदन दर्ज कर सकेंगे, जिससे घर बैठे शिकायत दर्ज कराने की सुविधा उपलब्ध होगी। आवेदन दर्ज होने के उपरांत आवेदक को तत्काल रसीद एवं पावती प्राप्त होगी, जिसके माध्यम से वे अपने आवेदन की स्थिति एवं निष्पादन की प्रगति को ऑनलाइन ट्रैक कर सकेंगे। साथ ही शिकायतों के निष्पादन के उपरांत आवेदक पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन फीडबैक एवं टिप्पणी भी दर्ज कर सकेंगे, जिससे शिकायत निवारण प्रणाली को और अधिक पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाया जा सकेगा। राज्य सरकार द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि प्राप्त परिवादों का समयबद्ध निष्पादन किया जाए तथा परिवाद दर्ज होने की तिथि से 30 दिनों के भीतर निष्पादन की सूचना आवेदक को उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री द्वारा सभी जिलाधिकारी को निर्देश दिया गया कि सहयोग शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों को ससमय 30 दिनों के अंदर निष्पादन करना सुनिश्चित करें।

# दिनदहाड़े व्यवसायी से चार लाख की लूट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नगर थाना क्षेत्र में दो बाइक सवार अज्ञात बदमाशों द्वारा एक लूट की घटना को अंजाम दिया गया है। इस क्रम में अपराधियों द्वारा एक व्यापारी से चार लाख रुपए द्वारा लुटा गया है। लूट के बाद बदमाश मौके वारदात से फरार हो गए हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मामला नगर थाना क्षेत्र के अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज के समीप की है जहां पर एक व्यापारी राजेश सिंह रमेश चौक स्थित एसबीआई बैंक से पैसे निकाल कर कर्मा रोड स्थित अंबिका पब्लिक स्कूल लौट रहे थे तभी एक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने रूपयों से भरा झोला झपट्टा मारकर फरार हो गए। हालांकि घटना की सूचना स्थानीय नगर थाना को दे दिया गया है जिसके बाद पुलिस मामले की छानबीन में लगी हुई है। फिलहाल मामला को दर्ज कर दिया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। व्यापारी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कुंडा गांव के रहने वाले है। इस दौरान उनके साथ कौशल कुमार साथ थे। थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि दो बाइक सवार व्यापारी से छिनतई की घटना घटी है जिसमे चार लाख रुपया रकम बताया जा रहा है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# परिवादों के निष्पादन की करें नियमित समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** सात निश्चय-3 अंतर्गत सबका सम्मान-जीवन आसान पहल के तहत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब ना हो। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परिवादों के निष्पादन की नियमित समीक्षा की जाए।

# युवती का आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने के मामले में मां-बेटा गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाने और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने के मामले में रिसियप पुलिस ने आरोपी और उसकी मां को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान सिवान जिले के धरौंदा थाना क्षेत्र के रहने वाले उपेंद्र राम के पुत्र रोहित कुमार और उसकी मां मीना देवी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार रिसियप थाना में दर्ज कराई गई प्राथमिकी में रोहित कुमार पर आरोप है कि उसने पीड़िता को शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया और आपत्तिजनक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस मामले में आरोपी के साथ उसकी मां को सह अभियुक्त बनाया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। तकनीकी अनुसंधान और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की एक विशेष टीम ने सिवान में छापेमारी कर दोनों अभियुक्तों को उनके पैतृक आवास से धर दबोचा। पुलिस ने उस मोबाइल फोन को भी जब्त कर लिया है जिससे आपत्तिजनक वीडियो वायरल किया गया था। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को रिसियप थाना लाया गया जहां से आवश्यक पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष संजीत राम ने बताया कि जब्त मोबाइल को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जा रहा है ताकि साक्ष्यों को और मजबूती दी जा सके। पुलिस इस मामले में अन्य पहलुओं की भी गहनता से जांच कर रही है।

# सियार के काटने से मजदूर की मौत

**बारून(नबिटा संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के पशुरामपुर निवासी मजदूर जितेंद्र राम की मौत सियार के काटने से हो गई। किसान नेता जयेंद्र सिंह, ग्रामीण कृष्ण सिंह ने बताया कि जितेंद्र अपना ससुरार दाउदनगर प्रखंड के अंछा गांव जा रहा था तभी रास्ते में सियार ने उसपर हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया। इलाज के दौरान पटना में उसी मौत हो गई। बताया कि मृतक जितेंद्र राम बैंड पार्टी में काम कर परिवार का भरण पोषण करता था।

# नाबालिग लड़की के अपहरण मामले में आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में एक आरोपी युवक को आजन थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया आरोपी थाना क्षेत्र के निवासी अमरेश कुमार के रूप में की गई है। आरोपी के खिलाफ पीड़िता के परिजनों ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर आरोपी फरार हो गया। खोजबीन के दौरान पता चला कि आरोपी गुजरात में छुप कर रह रहा है। आरोपी के खिलाफ कांड दर्ज होते ही पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। इसी क्रम में आज पकड़ा गया। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया।






# बिना तकनीकी ज्ञान के आगे बढ़ना असंभव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में सोमवार को राष्ट्रीय प्रतियोगिकी दिवस 2026 का आयोजन किया गया। जिला युवा अधिकारी के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद युवा क्लब के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत निबंध लेखन प्रतियोगिता से हुई जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों के लेखन का मूल्यांकन मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य अरुण कुमार एवं भाजपा नगर अध्यक्ष संतोष साहू द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तनु कुमारी ने प्रथम, मोनिका कुमारी ने द्वितीय तथा राहुल कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को सम्मानित करते हुए अतिथियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मेरा युवा भारत के स्वयंसेवक हार्दिक सिंह राजपूत ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय तकनीकी युग का है जिसमें बिना तकनीकी ज्ञान के आगे बढ़ना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां पहले तकनीक की पहुंच सीमित थी वहीं आज हर घर में तकनीकी संसाधनों का उपयोग सामान्य हो गया है जिससे युवाओं के लिए नए अवसर खुल रहे हैं।

# सहयोग शिविर की सफलता के लिए प्रशासन गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विकसित भारत-समृद्ध बिहार अंतर्गत आयोजित होने वाले सहयोग शिविर के सफल संचालन हेतु जिला समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में सहयोग शिविर पोर्टल एवं प्राप्त सभी आवेदनों के निष्पादन को लेकर संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उक्त प्रशिक्षण सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिलों को दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को पोर्टल पर आवेदन प्राप्ति, निबंधन, जांच, अग्रसारण एवं समयबद्ध निष्पादन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर जिला स्तर पर सहयोग सेल के गठन की जानकारी भी दी गई। सहयोग सेल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की सतत निगरानी, विभागवार समन्वय एवं त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करें ताकि आमजन को योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सुगमतापूर्वक प्राप्त हो सके। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को बताया गया कि सहयोग शिविर का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निष्पादन किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों ने पोर्टल संचालन से संबंधित विभिन्न तकनीकी पहलुओं की जानकारी प्राप्त की तथा अपने प्रश्नों एवं सुझावों को भी साझा किया। प्रशिक्षण में वरीय उप समाहर्ता श्वेता प्रियदर्शी, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार, डीसीएलआर दाउदनगर प्रणव कुमार, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी ने भाग लिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# हर गतिविधि पर नजर रखेगी पुलिस की 'तीसरी आंख'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** यातायात व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को बेहतर बनाने के लिए पुलिस प्रशासन ने हाईटेक पहल शुरू की है। अब शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर लगाए गए अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरों के जरिए पुलिस की 'तीसरी आंख' हर गतिविधि पर नजर रखेगी। इन कैमरों के माध्यम से पुलिस आपराधिक घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई कर अपराधियों तक आसानी से पहुंच सकेगी। पुलिस विभाग की ओर से शहर के कई महत्वपूर्ण स्थलों पर हाई रेजोल्यूशन और सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इनमें रमेश चौक के पास महाराजगंज रोड, प्रियव्रत पथ मोड़, महाकाल मंदिर, समाहरणालय मुख्य द्वार, बाईपास, सिन्हा कॉलेज मोड़, गांधी मैदान मोड़ समेत अन्य प्रमुख इलाके शमिल हैं। इन कैमरों की मदद से शहर के हर गतिविधि पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। पुलिस सूत्रों के



अनुसार ये कैमरे इतने संवेदनशील हैं कि अपराधियों की तस्वीरें और गतिविधियां बेहद स्पष्ट तरीके से रिकॉर्ड होंगी। इससे छिनतई, चोरी, लूट एवं अन्य आपराधिक घटनाओं में शामिल अपराधियों की पहचान कर उन्हें त्वरित गिरफ्तार करने में मदद मिलेगी। पुलिस का कहना है कि अब अपराधियों की खैर नहीं। कोई वारदात के बाद अपराधियों का बच निकलना आसान नहीं होगा। इन कैमरों का उपयोग केवल यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करना नहीं बल्कि अपराध नियंत्रण भी करना है। पुलिस विभाग इस दिशा में तकनीकी प्रक्रिया को अंतिम रूप देने में जुटा है। आने वाले दिनों में ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों के खिलाफ स्वचालित कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और अपनी आदतों में सुधार लाएं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में हर जगह वाहन जांच अभियान चलाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। सीसीटीवी कैमरों के जरिए ही नियम उल्लंघन करने वाले वाहनों की पहचान कर सीधे ऑनलाइन चालान जारी किया जाएगा। चालान की राशि संबंधित वाहन मालिक के खाते से वसूल की जाएगी। पुलिस की इस नई व्यवस्था से जहां शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू और सुरक्षित रूप से संचालित किया जाएगा बल्कि अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी।


